रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 17 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-116 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### मुर्मु और मोदी ने विजय दिवस पर शहीदों को किया नमन



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत के नायकों को 'विजय दिवस' के अवसर पर श्रद्धांजलि दी। मुर्मु ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, मैं विजय दिवस पर उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देती हूं, जिन्होंने 1971 के युद्ध में अदम्य साहस का परिचय देते हुए भारत को विजय दिलाई। कृतज्ञ राष्ट्र हमारे वीरों के सर्वोच्च बलिदान को हमेशा याद करता है। शहीदों की वीरता की गाथा हर भारतीय को प्रेरित करती हैं और वे राष्ट्रीय गौरव का स्रोत बनी रहेंगी। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, विजय दिवस पर, हम उन बहादुर सैनिकों के साहस और बलिदान का सम्मान करते हैं।

### नवंबर में भारत का व्यापार घाटा तीन गुना बढ़कर 19.84 अरब डॉलर पर

**नयी दिल्ली।** वाणिज्यिक वस्तुओं एवं सेवा क्षेत्र के निर्यात की तुलना में आयात के 29 प्रतिशत तक बढ़ने से इस वर्ष नवंबर में देश का व्यापार घाटा इसके पिछले वर्ष की इसी अवधि के 6.89 अरब डॉलर के मुकाबले करीब तीन गुना बढ़कर 19.84 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2024 में देश का कुल निर्यात नवंबर 2023 के 61.85 अरब डॉलर के मुकाबले 9.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 67.79 अरब डॉलर हो गया। लेकिन, इसी अवधि में कुल आयात में 27.5 प्रतिशत का इजाफा हुआ, जिससे यह 68.74 अरब डॉलर से बढ़कर 87.63 अरब डॉलर पर पहुंच गया।




### चीन और यूरोप के कमजोर आर्थिक आंकड़ों से शेयर बाजार हलकान

**मुंबई।** चीन और यूरोप के कमजोर आर्थिक आंकड़ों तथा बॉन्ड के बढ़ते प्रतिफल से इक्विटी मूल्यांकन को मिल रही चुनौती के बीच अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति बैठक में ब्याज दर पर होने वाले निर्णय को लेकर आशंकित विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर यूटिलिटीज, धातु, तेल एवं गैस और टेक समेत तेरह समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 384.55 अंक का गोता लगाकर 81,748.57 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 100.05 अंक की गिरावट लेकर 24,668.25 अंक रह गया।

# एक साल के भीतर 314 वन्यप्राणियों की मौत

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com


राज्य में वन्यप्राणियों की लगातार मौत हो रही है। वन्यजीवों की मौत का मामला विधानसभा तक पहुंच गया। सोमवार को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के सवाल पर वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने अपने जबाव में बताया कि दिसम्बर 2023 से 25 नवम्बर 2024 तक कुल 314 वन्यप्राणियों की मौत हुई है। वहीं नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत के द्वारा दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा इस संदर्भ में की गई कोई विशेष पहल की भी जानकारी मांगी गई। आपको बता दें कि इसके पहले भी नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पूर्व के सत्रों में भी वन्यजीवों की मौत के मुद्दे को विधानसभा में उठाया था। महंत ने जंगल सफारी में हुए 17 चौसिंगाओं की दर्दनाक मौत पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी।




### 24 आईएफएस व 27 आईएएस अफसरों के विरुद्ध जांच एजेंसियों ने किया प्रकरण पंजीबद्ध

भाजपा सदस्य धरमलाल कौशिक के सवाल पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जानकारी देते हुए बताया कि 2019 से ईओडब्ल्यू, एसीबी, ईडी, सीबीआई के साथ अन्य केन्द्रीय जांच एजेन्सियों के द्वारा 24 आईएफएस अफसरों के खिलाफ विभिन्न विषयों को लेकर कुल 31 शिकायत पंजीबद्ध की गई है। वहीं 27 आईएएस अधिकारियों के खिलाफ 11 अपराध, 01 प्रारंभिक जांच व 31 शिकायतें दर्ज की गई हैं।





### आईएफएस अफसर

के.के.खेलवार तत्कालीन डीएफओ कोण्डागांव दक्षिण वनमंडल, राजेश गोर्वधन, एस वेंकटाचलम तत्कालीन वनमंडलाधिकारी कटघोरा, आर के जांगडे तत्कालीन वनमंडलाधिकारी दंतेवाडा, आलोक तिवारी तत्कालीन डीएफओ महासमुंद, उत्तम कुमार गुप्ता तत्कालीन डीएफओ रायपुर, अरुण कुमार पांडे, पंकज राजपूत तत्कालीन डीएफओ राजनांदगांव, एस के पैकरा तत्कालीन वनमंडलाधिकारी बिलासपुर, रमेशचन्द्र दुग्गा, गुरुनाथन एन. तत्कालीन वनमंडलाधिकारी कोरबा, समा फारुकी तत्कालीन वनमंडलाधिकारी कटघोरा, जितेंन्द्र उपाध्याय, लक्ष्मण सिंह तत्कालीन डीएफओ बलरामपुर, विवेकानंद झा, जनकराम नायक तत्कालीन सीसीएफ रायपुर, शशि कुमार तत्कालीन डीएफओ गौरेल्ला पेन्ड्रा मरवाही, आलोक कटियार तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कुमार निशांत तत्कालीन डीएफओ बिलासपुर, चूणामणि सिंह, दिलेश्वर साहू तत्कालीन डीएफओ जगदलपुर, मुख्यकार्यपालन अधिकारी कैम्पा, राकेश चतुर्वेदी तत्कालीन पीसीसीएफ एवं वन बल प्रमुख के नाम शामिल हैं।

### आईएएस अफसर

राजेश टोप्पो तत्कालीन सीईओ संवाद, संजय अलंग तत्कालीन एमडी पाठ्य पुस्तक निगम, रानू साहू तत्कालीन कलेक्टर कोरबा, समीर विश्नोई तत्कालीन निदेषक संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म, डॉ. आलोक शुक्ला तत्कालीन प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, अनिल टुटेजा तत्कालीन संयुक्त सचिव वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, विवेक ढांढ तत्कालीन चेयरमेन रेरा, निरंजन दास तत्कालीन आयुक्त आबकारी, कुलदीप शर्मा तत्कालीन सीईओ जिला पंचायत जशपुर, सुरेंन्द्र कुमार जायसवाल तत्कालीन संचालक ठाकुर प्यारेलाल पंचायत एवं ग्रामीण विकास निमोरा, गौरव द्विवेदी, नरेन्द्र कुमार दुग्गा, अशोक अग्रवाल, पुष्पा साहू तत्कालीन सचिव पीएससी, सुधाकर खलको तत्कालीन संचालक माटीककला बोर्ड, राजेश सिंह राणा वित्त आर्थिक संख्यिकी विभाग, डीडी सिंह तत्कालीन सचिव आदिम जाति तथा अनूसूचित जाति विकास विभाग, एस प्रकाश ➢शेष पेज 9 पर

# सड़क हादसे में 7 की मौत, 6 घायल

### ओवरटेक करते हुए ट्रक ने एसयूवी को मारी टक्कर

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के डौंडी थाना क्षेत्रान्तर्गत चोरहापड़ाव चौक के 200 मीटर पहले एक भीषण सड़क हादसे में 7 लोग की मौत हो गई। वही इस दर्दनाक हादसे में 6 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। मृतकों में एक मासूम बच्चा भी शामिल हैं। हादसे की जानकारी मिलने के बाद डौंडी और दल्लीराजहरा पुलिस मौके पर पहुची। मिली जानकारी अनुसार रविवार की रात करीबन साढ़े 12 बजे एक सफेद रंग की एसयूवी कार क्रमांक सीजी 04 एलडी 8049 जिसमें 2 बच्चे सहित कुल 13 लोग सवार थे, जो डौंडी से एक नामकरण (छट्ठी) संस्कार कार्यक्रम से गुंडरदेही की ओर अपने गांव लौट रहे थे, तभी चोरहापड़ाव के ठीक पहले दल्लीराजहरा की तरफ से भानुप्रतापपुर जा रही तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीडी 0941 ने ओवरटेक करते हुए एसयूवी कार को सीधे टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सड़क में चलते हुए जिसने भी दुर्घटना ग्रस्त कार को देखा उनकए रोंगटे खड़े हो गए। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। वही मृतकों के शव को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया। एसयूवी कार के अंदर और बाहर सड़को पर खून छीटे और चप्पल जूट पड़े हुए थे। घटना के बाद मौके से ट्रक चालक वाहन को छोड़ फरार हो गया। जिसकी तलाश डौंडी पुलिस कर रही है।



### इलाज़ के दौरान चालक की मौत

इस हादसे में 6 लोगों की मौके पर और एक कि इलाज़ के दौरान मौत हुई। मृतकों में गुंडरदेही के ग्राम गुरेदा निवासी दुरपत प्रजापति पिता पुनाराम कुम्हार (30 वर्ष), जिग्नेश कुमार पिता प्रीतम कुंभकार, (6 वर्ष) एवं इमला बाई सिन्हा पति रेवाराम सिन्हा (55 वर्ष) तथा महासमुंद के घोराड़ी निवासी सुमित्रा बाई कुंभकार स्व. पति कार्तिक राम (50 वर्ष), मनीषा कुंभकार पति विश्वनाथ कुंभकार (35 वर्ष) और कवर्धा के कुम्हारपारा निवासी सगुन बाई कुंभकार पति शिवकुमार कुम्हारपारा (55 वर्ष) हैं, वही एसयूवी कार चालक ग्राम सिकोला निवासी युवराज साहू पिता घासीराम साहू (30 वर्ष) की मेडिकल कालेज राजनांदगांव में इलाज़ के दौरान मौत हुई है। वही हादसे में 6 अन्य गंभीर रुप से घायल ग्राम गुरेदा निवासी ईश्वरी बाई पति कुलपत कुंभकार, (61 वर्ष) एवं भिलाई के रामनगर निवासी बिंदेश्वरी बाई कुंभकार (35 वर्ष), महासमुंद के घोराड़ी निवासी रंभा बाई कुंभकार तथा ग्राम भर्रेगांव निवासी रूखमणी बाई कुंभकार, (60 वर्ष) व कुमारी बाई कुंभकार, (55 वर्ष) और ग्राम गुरेदा निवासी झमित कुमार पिता मिथलेश कुमार (7 वर्ष) को डौंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में सोमवार की सुबह करीबन साढ़े 5 बजे हायर सेंटर रेफर किया गया। ➢शेष पेज 9 पर

# 805.71 करोड़ रूपए का अनुपूरक बजट पेश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए 805.71 करोड़ रूपए का द्वितीय अनुपूरक बजट सोमवार को विधानसभा में पेश किया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश किए गए इस अनुपूरक बजट को लेकर आज विधानसभा में चर्चा होगी। जिसमें प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ जैव प्रोद्योगिकी पार्क योजना के लिए 476 लाख, खाद्य विभाग को खाद्य पदार्थ में मिलावट रोकने के लिए 5.11 करोड़ रूपए, संचनालय नगर निवेश में 41 नए पदों को शामिल किया गया है। नवा रायपुर में फिल्म सिटी के लिए 97.50 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। राज्य न्यायिक अकादमी बोरसी को ऑडिटोरियम में प्रसारण सिस्टम लगाने के लिए 3.16 करोड़ रूपए, कामर्शियल विमान सेवा संचालन के लिए लागत घाटे की भरपाई करने के लिए निजी एयरलाइंस कंपनियों को 25 करोड़ रूपए देने का प्रावधान किया गया है। हाईकोर्ट में डिजिटल लॉ रिपोर्ट के डिजाईन और प्रकाशन के लिए हार्डवेयर और साफ्टवेयर खरीदने के लिए 37.84 लाख रूपए वहीं अभिभाषको को फीस देने 2.50 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। मंगलवार को चर्चा उपरांत द्वितीय अनुपूरक बजट पारित किया जाएगा।



## कांग्रेस ने लोकतंत्र की नहीं बल्कि एक परिवार की मजबूती के लिए संविधान संशोधन कियेः सीतारमण

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संविधान की रक्षा की दुहाई देने वाली कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि कांग्रेस ने लोकतंत्र की मजबूती के बजाय एक परिवार की मजबूती के लिए संविधान संशोधन किये। सीतारमण ने सोमवार को संविधान की 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पर राज्यसभा में चर्चा की शुरूआत करते हुए संविधान सभा में शामिल 15 महिलाओं सहित 385 सदस्यों को श्रद्धांजलि दी और नमन किया। उन्होंने कहा कि यह सभी का कर्तव्य है कि हम इन सदस्यों की भावना के अनुरूप संविधान को अक्षुण्ण रखने के लिए प्रयासरत रहें। उन्होंने जाने-माने संविधान विशेषज्ञ सुभाष कश्यप का हवाला देते हुए कहा कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद से अनेक देशों के संविधान अब प्रासंगिक नहीं हैं, लेकिन हमारे संविधान ने अनेक संकटों का सामना करते हुए अपनी प्रासंगिकता को बनाये रखा है। उन्होंने कहा कि संविधान विशेषज्ञों के अनुसार संविधान संशोधनों को कुछ कसौटियों से गुजरना होता है, लेकिन कांग्रेस ने कभी इस बात पर ध्यान नहीं दिया। वित्त मंत्री ने कहा कि कांग्रेस संविधान की कितनी रक्षा करती है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसके नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने निर्वाचित नहीं होने के बावजूद स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति को प्रभावित करने के लिए संविधान लागू होने के एक वर्ष के अंदर ही उसमें संशोधन कर दिया। उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी और संविधान सभा के सदस्य कामेश्वर सिंह ने इसे संविधान का अपमान बताते हुए इसका कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि यह संशोधन जन कल्याण और लोकतंत्र की मजबूती के लिए नहीं बल्कि पार्टी और प्रधानमंत्री की छवि को ध्यान में रखकर लाया गया। उन्होंने कहा कि इसके बाद कलाकार बलराज सिन्हा और मजरूह सुल्तानपुरी को जेल भेजा गया। उन्होंने कहा कि आज संविधान की प्रति हाथ में लेकर मौजूदा सरकार पर संविधान का अपमान करने वाली कांग्रेस ने हमेशा संविधान के प्रावधानों को ताक पर रखकर बड़ी-बड़ी हस्तियों को प्रताड़ित किया। उन्होंने कहा कि 1975 में इंदिरा गांधी के निर्वाचन को चुनौती देने वाले मामले के न्यायालय में लंबित होने के बावजूद 39वां संशोधन लाया गया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए संसद में संविधान का संशोधन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह संशोधन परिवार और नेता को बचाने के लिए किया गया। उन्होंने कांग्रेस को महिला विरोधी करार देते हुए कहा कि सामाजिक सुधार के लिए शाह बानो

## राइस मिलर्स की हड़ताल खत्म मांगों पर बनी सहमति



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राइस मिलरों के प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और खाद्य विभाग के सचिव, एमडी और अन्य शासकीय अधिकारियों से मुलाकात की। मुलाकात के बाद मांगों के संबंध में मिले आश्वासन के बाद राइस मिलर्स ने हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की। राज्य सरकार को मिलर्स की तरफ से प्रतिवेदन भी दिया गया था। मिलर्स की जितनी भी मांगें थी, सभी को शासन द्वारा संवेदनशीलता के साथ सुना गया। सरकार ने मिलर्स की मांगों पर सकारात्मक रूप से विचार करने का आश्वासन दिया है। छत्तीसगढ़ के राइस मिलर्स शासन के आश्वासन से पूरी तरह संतुष्ट हैं। मिलर्स ने यह तय किया है कि आने वाले समय में राइस मिलरों की मांगों को मंच देने हम संभागीय टीम बनायेंगे। यह टीम समय-समय पर चर्चा कर मिलरों की समस्याओं से शासन को अवगत कराएगी। मिलर्स ने स्पष्ट किया है कि सभी राइस मिलर एकजुट हैं। हम शासन तक अपनी बात पहुँचाने के लिए सक्षम हैं। किसी तीसरे पक्ष को हमारे मामले में दखल देने की आवश्यकता नहीं है। प्रदेश में कुछ निहित स्वार्थी समूह लगातार किसान और मिलरों के विषय में भ्रम फैलाने में लगे थे। बातचीत के बाद उस भ्रम का पूरी तरह से निवारण हो गया है। फिलहाल राइस मिलर्स ने हड़ताल समाप्त कर दी है।

## निवेश आधारित विकास, कनेक्टिविटी एवं आपसी व्यापार बढ़ायेंगे भारत-श्रीलंका

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारत एवं श्रीलंका ने एक दूसरे के सुरक्षा एवं रणनीतिक हितों की रक्षा के लिए वचनबद्धता व्यक्त करते हुए अपनी द्विपक्षीय साझीदारी में निवेश आधारित विकास, कनेक्टिविटी एवं आपसी व्यापार बढ़ाने पर सहमति जताई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत यात्रा पर आए श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में उक्त सहमति बनी। बैठक दोनों देशों के बीच क्षमता निर्माण एवं आपसी सहयोग के दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। बैठक में श्रीलंका ने तमिलनाडु के मछुआरों की समस्या के समाधान के लिए मानवीय रुख अपनाने के भारत के रुख का समर्थन किया और एक सर्वमान्य हल निकलने तक भारतीय मछुआरों द्वारा विवादित क्षेत्र में भारी मशीनों से मछली पकड़ने पर रोक लगाने का अनुरोध किया। भारत ने तमिलों की आकांक्षाओं को पूरा किये जाने की अपेक्षा व्यक्त की। बैठक के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में श्री मोदी ने राष्ट्रपति दिसानायक का भारत में हार्दिक स्वागत करते हुए कहा, ÷हमें खुशी है कि राष्ट्रपति के रूप में अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए आपने भारत चुना है। आज की इस यात्रा से हमारे संबंधों में नई गति और ऊर्जा का सृजन हो रहा है। हमने अपनी साझीदारी के लिए एक भविष्योन्मुखी विज़न अपनाया है। हमने अपनी आर्थिक साझीदारी में निवेश आधारित विकास और कनेक्टिविटी पर बल दिया है।



## तथ्यों को तोड़मरोड़ कर नेहरू को बदनाम करने के लिए जनता और संसद से माफी मांगें मोदी : खरगे

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर लोकसभा में संविधान पर चर्चा का जवाब देने के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को बदनाम करने के लिए तथ्यों को तोड़मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को उनसे देशवासियों और संसद से माफी मांगने की मांग की। खरगे ने सदन में भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा में भाग लेते हुए यह मांग की। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन आयरन लेडी कही जाने वाली इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े करके और बंगलादेश को आजाद करके तथा एक लाख सैनिकों को बंदी बनाकर इस देश को बचाया। इससे पूरी दुनिया में इस देश के गौरव का पता चला। आयरन लेडी ने बता दिया कि हमारे पास आये तो खैर नहीं। उन्होंने कहा कि एक आज का दिन है कि ये लोग वहां के अल्पसंख्यक को बचाने की कोशिश तो करे। उन्होंने कहा कि हम सब ने संविधान को अंगीकार किया है लेकिन सत्तापक्ष वाले लोग समाजवाद की बात करते हैं जो मनुस्मृति पर चलने वाले हैं। ये झंडे और अशोक चक्र से नफ़रत करते हैं। ये लोग संविधान से नफ़रत करते हैं। जब संविधान लागू हुआ, उस दिन इन लोगों ने लाल किला मैदान में जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी और डॉ बाबा साहेब अंबेडकर के पुतले जलाये थे।

### शहीदों के बलिदान को चिर स्थाई बनाने उनकी प्रतिमा स्थापित की जाएगी : मुख्यमंत्री साय

# जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी, नक्सलवाद का करेंगे खात्मा : शाह

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने बस्तर प्रवास के दूसरे दिन अमर वाटिका में नक्सली हमले में शहीद जवानों और नक्सली हिंसा से पीड़ित नागरिकों के परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। अमित शाह ने परिजनों से चर्चा करते हुए कहा कि एक लम्बी और वेदनापूर्ण लड़ाई में आपने अपने परिजनों को खोया है, इस दर्द को कम नहीं किया जा सकता है। केंद्र और राज्य सरकार आपके साथ है। शहीदों के त्याग और बलिदान को चिर स्थाई बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार उनकी पुण्य स्मृतियों को सहेजने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आप सभी ने जैसे अपने परिजनों को खोया है, वैसे किसी और को खोना न पड़े। मैं नक्सली हमलों में शहीद हुए जवानों और जान गंवाने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मां दंतेश्वरी की धरती से नक्सलवाद को पूर्णतः समाप्त कर देंगे। शाह ने कहा कि भारत सरकार की सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस के जवान मजबूती के साथ नक्सल मोर्चे पर काम कर रहे हैं। पिछले एक साल की सटीक रणनीति से नक्सलवाद का दायरा सिमटा है और ढेर सारे विकास के कार्यों को गति देने के लिए चरणबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में नक्सल उन्मूलन अभियान को केंद्र सरकार का पूरा समर्थन और सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नक्सल उन्मूलन के लिये सरकार तीनों मोर्चों पर काम कर रही है। माओवादी उग्रवाद का रास्ता छोड़कर आत्म सर्मपण करने वालों का स्वागत किया जा रहा है। नक्सल अभियान के दौरान उन्हें गिरफ्तार भी किया जा रहा है और जो दूसरे की जान लेने पर आमादा हैं, उन्हें उन्हीं की भाषा में जवाब दिया जा रहा है। शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शहीदों के परिजनों की समस्या सुनने के लिए पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में सप्ताह में एक दिन नियत किया गया है। उन्होंने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आईजी कार्यालय में कलेक्टर भी मौजूद रहें और इस मुहिम का हिस्सा बने। उन्होंने कहा कि अपनों को खोने का दर्द कोई कम नहीं कर सकता किंतु हम कुछ ऐसी व्यवस्था बनाएंगे, जिससे आपकी पीड़ा को कम किया जा सके। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आपके परिजनों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार साथ मिलकर आपके हितों का ध्यान रखेगी। आप सभी के लिए जो बेहतर होगा वह कार्य करने के लिए हम सभी दृढ़संकल्पित हैं। उन्होंने परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और शहीदों को नमन किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारे लिए बहुत खुशी की बात है कि हर बार जब हमारे जवानों को नक्सल मोर्चे पर सफलता मिली है केंद्रीय गृह मंत्री जी ने उनकी हिम्मत बढ़ाई है और उनकी पीठ हमेशा थपथपाई है। आज भी वे आपकी हौसला अफजाई के लिए आये हैं और आपके साहस और संकल्प के लिए आपके अभिनंदन के लिए आये हैं।

## छह नये सदस्यों ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली



**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में सोमवार को छह नव निर्वाचित सदस्यों ने सदन की सदस्यता की शपथ ली। सभापति जगदीप धनखड़ ने कार्यवाही शुरू होते ही पश्चिम बंगाल से तृणमूल कांग्रेस के रिताब्रत बनर्जी, हरियाणा से भारतीय जनता पार्टी की रेखा शर्मा, आन्ध्र प्रदेश से भाजपा के रायगा कृष्णैया, ओडिशा से भाजपा के सुजीत कुमार और आन्ध्र प्रदेश से तेलुगु देशम के एम राव यादव और साना सतीश बाबू को सदन की सदस्यता की शपथ दिलायी। सदन ने पूर्व सदस्यों श्रीगोपाल व्यास और डा के मलैसामी को भी श्रद्धांजलि अर्पित की।


**श्री बालाजी**
Shri Balaji Group of Hospitals & Colleges
मेडिकल कॉलेज एवं सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डिपार्टमेंट ऑफ डर्मेटोलॉजी



परामर्श एवं उपचार
- चेहरे का काला दाग एवं झाईयाँ सोरियासीस एवं एक्जीमा- दाद, खाज, खुजली
- किल मुहासें एवं ब्लेक हेड संबंधित समस्याएं
- पलकों में काला दाग एवं आँखों के नीचे का काला दाग
- चेहरे के मस्सों व तिल का ईलाज, हाथ और पैर के तलवे से पसीना आना
- बालों का झड़ना, पकना, रूसी एवं गंजापन
- नाखुनों का सड़ना गलना
- एड़ियों का बार - बार फटना
- बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के त्वाचा संबंधित समस्याएं ऐलर्जी
- गुप्त रोग एवं कुष्ठ रोग से संबंधित समस्याएं

मोवा, रायपुर, फोन : 9340019842, 0771- 4241000/01/0

# संवैधानिक संस्थाओं से गन पॉइंट पर बातों को मनवाना चाहता है विपक्ष : योगी

पायनियर संवाददाता < लखनऊ
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर निशाना साधते हुये कहा कि विपक्ष के लोग गन प्वाइंट पर संवैधानिक संस्थाओं से अपनी बात मनवाना चाहते हैं जो स्वस्थ लोकतंत्र के लिये ठीक नहीं है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र को संबोधित करते हुये योगी ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने समान नागरिक कानून की वकालत की तो विपक्ष ने उनके खिलाफ राज्यसभा में महाभियोग का नोटिस दे दिया जबकि उच्चतम न्यायालय द्वारा सर्वे पर रोक लगाने और बुलडोजर की कार्रवाई पर दी गई गाइडलाइन का यह लोग स्वागत कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश अकेला राज्य है, जिसने बुलडोजर की कार्रवाई को अक्षरशः सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार अंजाम दिया है। सपा व कांग्रेस के लोग न्यायाधीश के खिलाफ राज्यसभा में महाभियोग की नोटिस देकर सच का मुंह जबर्दस्ती बंद करना चाहते हैं। उन्होने कहा कि राज्यसभा के सभापति (उपराष्ट्रपति) के खिलाफ भी अविश्वास प्रस्ताव की नोटिस इसलिए दे दी गई, क्योंकि उन्होंने सदन के सकुशल संचालन के लिए सभी पक्षों से कहा था। सभापति व चेयरपर्सन के रूप में उनकी यही जिम्मेदारी है, लेकिन किसान पुत्र कैसे इतनी बड़ी कुर्सी पर पहुंच गया, यह इन लोगों को अच्छा नहीं लग रहा है। चुनाव के दौरान चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा किया गया यानी यह लोग संवैधानिक संस्थाओं से गन पॉइंट पर अपनी बातों को मनवाना चाहते हैं। यह चरित्र स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। हमें संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान करना होगा और इसे मजबूत बनाना होगा। योगी ने कहा कि न्यायहित, समाजहित, राष्ट्रहित व भविष्य हित में शासन-प्रशासन की कार्रवाई का समर्थन करना चाहिए। बहराइच व संभल की घटना में प्रशासन की कार्रवाई न्यायसंगत तरीके से बढ़ रही है। संभल की घटना में ज्यूडिशियल कमीशन गठित किया गया है। इसके सदस्य लगातार विजिट कर रहे हैं। लोगों के बयान लेंगे, सबकी बात सुनेंगे और सच को सामने लेकर आएंगे, लेकिन आपके अनावश्यक पत्थरबाजी, अवैध असलहे से फायर करने से वहां शांति बहाल नहीं होने वाली है। उन्होने कहा कि कुंदरकी की जीत सनातन की जीत है। यह भारत की वास्तविक जीत है। कुंदरकी, कटेहरी, खैर, मझवा, गाजियाबाद, मीरापुर, फूलपुर की जीत भारत के संविधान की जीत है। आप सबको कटघरे में खड़ा करते हैं।

# आने वाला पांच वर्ष दरभंगा के विकास में अहम साबित होगा : संजय झा

एजेंसी < दरभंगा
www.dailypioneer.com



जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि उड़ान योजना तहत बनने वाले एयरपोर्टों में सबसे सफल एयरपोर्ट दरभंगा का है और आने वाला 5 साल दरभंगा के विकास के लिए अहम होगा। रविवार को दरभंगा जिला अंतर्गत लहेरियासराय पोलो मैदान में बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड ने जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का भव्य आयोजन किया। कार्यम का उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने किया। इसकी अध्यक्षता एवं संचालन दरभंगा के जिला अध्यक्ष गोपाल मंडल ने की। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि मीडिया चैनलों द्वारा लोकसभा चुनाव से पूर्व हमारे दल के विषय में तरह-तरह के नैरेटिव गढ़े जाते थे और लोगों में भ्रम फैलाया जाता था लेकिन चुनाव परिणाम ने सभी के जुबान पर ताला जड़ दिया। जब भी माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर षड्यंत्र के तहत सवालिया निशान खड़ा किया जाता है तब-तब हमारे नेता नए रूप में उभर कर सामने आते हैं क्योंकि जनता का अशीर्वाद उनके साथ है। नीतीश कुमार ने ईमानदारी से बिहार का विकास किया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की पहल से राज्य के दूसरे एम्स के लिए दरभंगा का चयन हुआ और इसका निर्माण स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम साबित होगा। उत्तर बिहार के साथ-साथ पड़ोसी देश नेपाल के लोगों को इसका खासा लाभ मिलने वाला है। उड़ान योजना तहत बनने वाले एयरपोर्टों में सबसे सफल एयरपोर्ट दरभंगा का है और आने वाला 5 साल दरभंगा के विकास के लिए अहम होगा। उन्होंने कहा कि बिहार का सर्वांगीण विकास डबल इंजन के एनडीए सरकार की पहली प्राथमिकता है और हम अपने लक्ष्य को हासिल करने की ओर तेजी से अग्रसर हैं। केन्द्रीय बजट में भी बिहार के विकास को विशेष महत्व दिया गया। कुशवाहा ने कहा कि हमारे नेता का स्पष्ट मानना है कि भारत का विकास बिहार के बिना संभव नहीं है और बिहार का विकास दरभंगा के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि गत 19 वर्षों के कार्यकाल में हमारे नेता ने प्रदेश की तस्वीर बदली है और दूरदर्शी सोच से सामाजिक न्याय के साथ विकास की लंबी लकीर खींचने का काम किया। सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं मानवीय आवश्यकताओं से जुड़े मूलभूत संरचनाओं के क्षेत्र में अमूल-चूल परिवर्तन हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम आप सबों के बीच यह अपील करने आए हैं कि 2025 चुनाव की तैयारी में अब जोर-शोर से जुट जाना है और गलत मंसूबे पालने वाली विपक्षी पार्टियों को सबक सिखाना है।

# वेव्स को लेकर पटना पुस्तक मेला परिसर में रोड शो

एजेंसी < पटना
www.dailypioneer.com

विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) को लेकर पटना पुस्तक मेला परिसर में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालयकी फोटो प्रदर्शनी से रोड शो का आयोजन किया गया। पीआईबी-सीबीसी के उपनिदेशक संजय कुमार और बिहार के उपनिदेशक (समाचार) सलमान हैदर, आकाशवाणी पटना के सहायक निदेशक अनिल सिंह ने झंडी दिखा कर वेव्स-रोड शो को रवाना किया। मौके बड़ी संख्या में छात्र और लोगों ने हिस्सा लिया। वेव्स यात्रा के दौरान लोगों को वेव्स के बारे में जानकारी भी दी गयी। इस अवसर पर संजय कुमार, उपनिदेशक, पीआइबी-सीबीसी, पटना ने बताया कि विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स), 5-9 फ़रवरी 2025 में दिल्ली में होने जा रहा है। विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन 2025 भारत के मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य के लिए एक परिवर्तनकारी आयोजन होने जा रहा है। तकनीकी प्रगति को अपना कर, वैश्विक साझेदारी को बढ़ावा देकर और सामग्री निर्माण में नवाचार को प्रोत्साहित करके, वेव्स 2025 भारत को अपने मीडिया और मनोरंजन उद्योग नेतृत्व के अगले चरण में ले जाएगा। यह ऐतिहासिक आयोजन भारत की न केवल एक कंटेंट पावरहाउस बनने की क्षमता को रेखांकित करेगा, बल्कि मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में एक वैश्विक विचारक भी बनेगा। उन्होंने बताया कि यह रोड शो वेव्स को लेकर जागरूकता के लिए किया गया। इस अवसर पर डीडी न्यूज़ बिहार के उपनिदेशक सलमान हैदर ने कहा कि वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दूरदर्शन और आकाशवाणी के पुराने नए कार्यम, फ़िल्म, धारावाहिक, खेल सहित सभी मनोरंजन के कार्यम उपलब्ध होंगे। साथ ही गेम और लाइव भी कार्यम भी देखा जा सकता है। वेव्स- जागरूकता रोड शो में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के विभिन्न इकाइयों के अधिकारियों और सहयोगियों ने भाग लिया।

## सारण में अलग-अलग घटनाओं में महिला समेत दो लोगों की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के दिघवारा और मढ़ौरा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि दिघवारा थाना क्षेत्र में किसी वाहन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। जिसकी पहचान नहीं हो सकी है। वहीं दूसरी घटना में मढ़ौरा थाना क्षेत्र में मढ़ौरा स्टेशन के समीप किसी ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। शवों को अगले 72 घंटा तक सुरक्षित रखने के साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से मृतकों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

# राष्ट्रीय नीति ढांचे पर चर्चा के लिए किसानों के साथ आपात बैठक

एजेंसी < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

पंजाब के कृषि और किसान कल्याण मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने 'कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति ढांचे' के मसौदे पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गहन विचार-विमर्श के बाद इस विषय पर सलाह और चर्चा के लिए इसी सप्ताह किसानों और संबंधित भागीदारों के साथ बैठक बुलाने का निर्णय लिया है। खुड्डियां ने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे तुरंत किसानों के प्रतिनिधियों, कृषि विशेषज्ञों, और अन्य भागीदारों के साथ बैठक आयोजित करें और भारत सरकार द्वारा साझा किए गए नीति मसौदे का गंभीरता से अध्ययन और सलाह-मशविरा करें। उन्होंने कहा कि इस नीति के मसौदे का गहराई से अध्ययन और संबंधित भागीदारों के साथ सलाह-मशविरा करना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि ऐसा न करने की स्थिति में इसका पंजाब और यहां के किसानों पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि कृषि विभाग ने नीति के मसौदे पर टिप्पणियां भेजने के लिए कम से कम तीन सप्ताह का समय देने हेतु उप कृषि विपणन सलाहकार और ड्राफ्टिंग कमेटी, भारत सरकार के संयोजक डॉ. एस.के. सिंह को पहले ही पत्र भेज दिया है। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मसौदा नीति का गहराई से अध्ययन करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इसका कोई भी बिंदु विचार से छूटने न पाए, जो भविष्य में किसानों के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मंडी बोर्ड, विशेषकर राज्य की कृषि विपणन संरचना को मजबूत करने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), मंडी शुल्क जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान देने और बड़े कॉरपोरेट्स से किसानों के हितों की रक्षा के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने को भी कहा।

# डॉ. हुसैन का अवसान संगीत जगत की अपूरणीय क्षति : मोहन यादव



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व विख्यात तबला वादक पद्म विभूषण से सम्मानित उस्ताद डॉ. जाकिर हुसैन के अवसान पर गहन दुख व्यक्त किया है। डॉ. यादव ने कहा कि हुसैन का अवसान संगीत जगत के लिए एक बड़ी और अपूरणीय क्षति है। उन्होंने संपूर्ण जीवन संगीत साधना को समर्पित कर गुरु-शिष्य परंपरा को प्रवाहमान बनाए रखा। उन्होंने तबला वादन के माध्यम से विश्व पटल पर भारत को गौरवान्वित किया। मुख्यमंत्री ने दिवंगत डॉ. जाकिर हुसैन की आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए उनके शोकाकुल परिजन और करोड़ों प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की है।

## सारण में विशेष अभियान के तहत 61 अभियुक्त गिरफ्तार

**छपरा।** बिहार में सारण जिले की पुलिस ने पिछले 24 घंटा के दौरान विशेष अभियान के तहत 61 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने यहां बताया कि विशेष अभियान के दौरान 61 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें शराब कारोबार में सात , शराब सेवन में 12, वारंट में 23, हत्या का प्रयास में दो , चोरी में दस, एससी/एसटी एक्ट में एक , आर्म्स एक्ट में दो , हत्या में 01, अपहरण में 01 एवं अन्य में दो अभियुक्त शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस अभियान के दौरान 248 वारंट एवं 13 कुर्की का निष्पादन किया गया। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल 17 वाहनों से 37,000 रूपया जुर्माना राशि वसूल की गई। साथ ही जिला अंतर्गत देशी शराब 77 लीटर, विदेशी शराब 30.495 लीटर, स्प्रीट 50 लीटर, एक टीवी , एक बैट्री ,दो ट्रैक्टर एवं छह मोटरसाइकिल बरामद की गयी है।

# आईएफएमआईएस में कर्मचारियों का प्रोफाइल लिंक होगा : देवड़ा

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के डाटा का सत्यापन आईएफएमआईएस के तहत समग्र आईडी से सत्यापित किया जायेगा। साथ ही शासकीय सेवकों का वेतन भुगतान आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) के माध्यम से होगा। इस व्यवस्था में सभी शासकीय सेवकों का दायित्व होगा कि वे आईएफएमआईएस के अंतर्गत एम्प्लाई सेल्फ सर्विस प्रोफाइल के माध्यम से अपनी समग्र आईडी की प्रविष्टि कर जानकारी सत्यापित करना सुनिश्चित करें। आईएफएमआईएस में समग्र आईडी की प्रविष्टि करने की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएफएमआईएस) में समग्र आईडी की प्रविष्टि एवं सत्यापन से पूर्व समस्त शासकीय सेवकों द्वारा उनकी समग्र आईडी का पंजीयन/अद्यतन एवं आधार से लिंक समग्र पोर्टल के माध्यम से कराया जाना होगा। कर्मचारियों के वेतन प्राप्त करने वाले बैंक खातों को भी आधार से लिंक कराया जाना अनिवार्य होगा। इस संबंध में शासन के समस्त विभागों के बजट नियंत्रण अधिकारी एवं आहरण संवितरण अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि 28 फरवरी 2025 तक समस्त शासकीय सेवकों की समग्र आईडी की प्रविष्टि आईएफएमआईएस अंतर्गत एम्प्लाई प्रोफाइल में हो जाये। आईएफएमआईएस अंतर्गत बजट नियंत्रण अधिकारी/आहरण संवितरण अधिकारियों की लॉगइन पर मॉनिटरिंग हेतु रिपोर्ट उपलब्ध करायी जायेगी। कर्मचारियों के डाटा के समग्र आईडी से सत्यापन कार्य के प्रथम चरण में नियमित शासकीय सेवकों के लिये समग्र आईडी के प्रविष्टि की कार्यवाही की जाना है। द्वितीय चरण में मानदेय/संविदा/दैनिक वेतनभोगी शासकीय सेवकों का भी सत्यापन एवं आधार से लिंक किया जायेगा।

# भारत माता की प्रतिमा की स्थापना पर रोक के खिलाफ भाजपा ने मोर्चा खोला

एजेंसी < भागलपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा ने बिहार में एनटीपीसी लिमिटेड की कहलगांव सुपर थर्मल पावर स्टेशन के आवासीय क्षेत्र में भारत माता की प्रतिमा की स्थापना पर रोक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। भाजपा के भागलपुर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि एनटीपीसी के कहलगांव थर्मल पावर स्टेशन के आवासीय एरिया (दीपिनगर) में पिछले दिनों दुर्गा मंदिर समिति द्वारा खाली जगह पर भारत माता की प्रतिमा स्थापित की जा रहा थी लेकिन उक्त स्टेशन के मानव संसाधन विभाग के एक वरीय अधिकारी सौरभ शर्मा ने अकारण प्रतिमा स्थापन पर रोक लगा दी, जिससे संस्थान के कर्मियों में काफी रोष व्याप्त हो गया है। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में जिला भाजपा की पांच सदस्यीय टीम को मौके पर भेजा गया था और टीम के सदस्यों ने वहां जाकर कर इस मामले की हर बिन्दुओं की जानकारी ली और बारह कर्मियों से बातचीत करने के बाद लावारिस हालत में पड़ी भारत माता की प्रतिमा को भी देखा। सदस्यों ने इस मामले में उक्त वरीय अधिकारी की संलिप्तता को सही पाया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि एनटीपीसी लिमिटेड जैसी महारत्न कंपनी के उक्त अधिकारी की गलत मानसिकता एवं असहिष्णुता के कारण भारत माता के अपमान को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। वैसे अधिकारी पर कार्रवाई होनी चाहिए। इस पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री और एनटीपीसी लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर दोषी अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है। उल्लेखनीय है कि कहलगांव सुपर थर्मल पावर स्टेशन में मानव संसाधन विभाग के उक्त वरीय अधिकारी की ऐसे कृत्य के विरुद्ध कहलगांव विधानसभा के भाजपा प्रभारी एवं वरिष्ठ पार्टी नेता गौतम चौधरी सबसे पहले एनटीपीसी के उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर कार्रवाई करने का आग्रह कर चुके हैं।

# छत्तीसगढ़ विधान सभा के रजत जयंती वर्ष पर विधान सभा परिसर में आकर्षक सजावट

## लोक नर्तकों द्वारा किया गया सदस्यों का स्वागत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधान सभा की कार्यमंत्रणा समिति की बैठक विधान सभा परिसर में विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के सभापतित्व में संपन्न हुई । बैठक में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी, आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम, विधायकगण, छत्तीसगढ़ शासन के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं विधान सभा सचिव दिनेश शर्मा उपस्थित थे। विधान सभा का रजत जयंती वर्ष दिनांक 14 दिसम्बर, 2024 से 14 दिसम्बर, 2025 तक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विधान सभा सत्र के अवसर पर विधानसभा परिसर को फूल मालाओं एवं रंगोली से आकर्षक तरीके से सजाया गया है। विधान सभा परिसर में लोक-नर्तक दलों ने नृत्यों से सदस्यों का स्वागत किया।

# देवड़ा ने बैगा चित्रकार जोधइया बाई के निधन पर शोक जताया

एजेंसी < भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने पद्मश्री से सम्मानित वरिष्ठ बैगा चित्रकार जोधइया बाई के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया। देवड़ा ने कहा कि 82 वर्षीय जोधइया बाई, विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय की वरिष्ठ चित्रकार थीं। मध्यप्रदेश के बैगा बहुल गाँव लोढ़ा, जिला उमरिया की निवासी जोधइया बाई को 22 मार्च, 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कला क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया। वर्ष 2022 में भी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने जोधइया बाई को नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया था। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जोधइया बाई ने अपना सफर जनजातीय कला को रंगों से सजाने से शुरू किया। उनके चित्रों में स्थानीय देवी देवताओं, पशु-पक्षियों की झलक देखने को मिलती है। चित्रों का रंग संयोजन इतना आकर्षक होता है कि देखने वाले बस देखते रह जाते हैं। उन्होंने बताया कि प्रारंभ में उनके जीवन का लम्बा समय अभावों में मजदूरी करते हुए बीता। देवड़ा ने कहा कि जोधइया बाई पढ़ी-लिखी नहीं थीं और ना ही वे कला के मानकों मूल्यों के बारे में कुछ जानती हैं। उनकी अद्भुत कला-प्रतिभा को संसार के समक्ष लाने का श्रेय एक स्थानीय कला प्रेमी आशीष स्वामी को जाता है। स्वामी ने उनकी चित्रकारी को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए इटली की गैलेरिया फ्रांसिस्को जनूसो संस्था से संपर्क किया। इटली के मिलान से लेकर फ्रांस, इंग्लैंड, अमेरिका और जापान तक जोधइया बाई की चित्रकला प्रदर्शित हो चुकी है।

## प्रश्न काल में भाजपा सदस्य ने उठाया शासकीय भूमि में अतिक्रमण का मामला

**रायपुर।** विधानसभा प्रश्न काल में भाजपा सदस्यों ने मंत्री को घेरा, कहा- बिलासपुर में शासकीय भूमि में अतिक्रमण का मामला। सरगुजा में सड़क निर्माण के लिए वन विभाग की एनओसी मुद्दे पर तीखी बहस की। बीजेपी विधायक सुशांत शुक्ला ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण पर उठाए सवाल।



राजस्व मंत्री से अवैध पट्टा वितरण की शिकायत की। पूर्ववर्ती सरकार के पट्टा वितरण की जांच का मंत्री ने दिया आश्वासन। सरकारी भूमि पर कब्जा की जांच और पट्टा वितरण के मुद्दे पर रामकुमार और सुशांत शुक्ला के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। विधायक प्रमोद मिंज ने सरगुजा में बन विभाग की एनओसी नहीं मिलने के चलते सड़क निर्माण में देरी पर ध्यान खींचा। बताते हैं कि एनओसी नियम के कारण नहीं बन पा रही सड़क।

# विधानसभा में गूंजा धान खरीदी का मुद्दा, सदन में हंगामा




**रायपुर।** शीतकालीन सत्र में धान खरीदी में अव्यवस्था को लेकर विपक्ष की ओर से लाए गए स्थगन पर चर्चा हुई। सदन में विपक्ष ने धान खरीदी पर स्थगन प्रस्ताव लाया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, किसान परेशान हो रहे है और सोसायटियों में लिमिट से खरीदी हो रही है। अधिकांश जगहों में धान खरीदी बंद हो रही है और केंद्रों में नोटिस चस्पा कर दिया गया है। बहुत से जिलों में कुछ दिनों में धान खरीदी ठप हो जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि, 160 लाख मैट्रिक टन की धान खरीदी करनी है। तब पहले सरकार को व्यवस्था करनी चाहिए थी। सरकार केवल फीता काटने और फूलमाला पहनने के लिए है। स्थगन प्रस्ताव के ग्रह्यता पर चर्चा के दौरान हंगामा हो गया। वहीं भाजपा सदस्य राजेश मूणत ने महादेव सट्टा पर सवाल किया तो भाजपा और कांग्रेस नेताओं के बीच तीखी नोंक झोंक हुई। जिसके बाद कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी करनी शुरू कर दी। हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षीय सदस्यों ने स्थगन प्रस्ताव के दौरान सदन के अंदर चौकीदार चोर है के भी नारे लगाए।

**धान खरीदी को लेकर भूपेश बघेल लगाए गंभीर आरोप**

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, सरकार ने धान खरीदी में ध्यान नहीं दिया। जो व्यवस्था थी उसको बर्बाद कर दिया है। बघेल ने आरोप लगाते हुए कहा कि, खरीदी केंदों में बारदाने की कमी है। टोकन में ऑनलाइन और ऑफलाइन के चक्कर में किसान पिसते जा रहे हैं। एक महीने से ऊपर हो गया एक तिहाई ही धान खरीदी हो पाई है। उन्होंने कहा कि, राइस मिलर हड़ताल पर हैं, परिवहन हो नहीं रहा है। खरीदी केंद्रों में धान जाम है, कई जिलों में धान का उठाव नहीं हो रहा है। इस दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष में नोक-झोक होती रही।

**महंत के बारदाना खरीदी में भ्रष्टाचार के आरोप को खाद्य मंत्री ने किया खारिज, विपक्ष ने किया वॉकआउट**

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने बारदाना खरीदी में बड़े भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए विधानसभा की कमेटी से जांच कराने की मांग की। खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल के जांच की मांग को खारिज करने से नाराज कांग्रेसी सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने बारदाना खरीदी में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि बारदानों का वजन स्टैंडर्ड बारदाने से 100 ग्राम तक कम है। निजी जूट मिलों को फायदा पहुंचाने की कोशिश हो रही है। इस पर खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि गौरीशंकर जूट मिल के बारदानों में शिकायत मिली थी। जिला प्रशासन ने इसकी जांच की, जिसमें बारदाने अमानक नहीं पाए गए। निजी जूट मिलों को फायदा पहुंचाने का आरोप गलत है। बारदानों को लेकर कहीं भी किसान परेशान नहीं हैं। नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि बारदाना का वजन 580 ग्राम होता है। लेकिन जो बारदाना केंद्रों तक पहुंचा है, उसका वजन 480 ग्राम है। इस पर मंत्री ने कहा कि जूट मिल कमिश्नर परीक्षण के पश्चात् बारदाना भेजते हैं।




# खरीदी केंद्र में जगह नहीं, केवटी में मुख्य सड़क को किसानों ने कर दिया चक्काजाम

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

धान खरीदी इतनी बढ़ गई है कि केंद्रों से धान का उठाव नहीं हो पा रहा है और धान पहुंच रहा है। इससे समितियों में विवाद भी बढ़ने लगा है। सोमवार को केवटी खरीदी केंद्र में नाराज किसानों ने चक्काजाम कर दिया था। भानुप्रतापपुर से नारायणपुर जगलदपुर मुख्य सड़क को ब्लाक कर जमकर प्रदर्शन किया।

खरीदी केंद्र में सोमवर को खरीदी करने के लिए धान का टोकन काटा गया था। जिन किसानों को टोकन मिला था वे सुबह अपनी गाड़ियों में धान भरकर पहुंचे। वहां धान रखने के लिए जगह नहीं होने से तथा बारदाने की कमी और धान की खरीदी बंद होने पर इससे किसान नाराज हो गए। किसानों ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया था सूचना पर फूड इंस्पेक्टर सलेंद्र ध्रुव व पुलिस बल के जवान पहुंचे। किसानों को समझाइश दी तब कहीं एक घंटे बाद किसानो ने प्रदर्शन समाप्त किया। जिसके बाद धान खरीदी भी शुरू हुआ और उठाव भी।





### चक्का जाम करने की पहले से दी थी चेतावनी

केवटी के धान खरीदी केंद्र में धान के स्टॉक जमा होने और धान उठाव की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से परेशान ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर 16 दिसंबर को चक्का जाम करने की चेतावनी दिया था। बताया था की अब तक इस केंद्र में 12.208.80. क्विंटन धान खरीदी हुआ है। जिसका आज तक परिवहन (उठाव) कार्य नहीं हुआ है।

### 16 दिसम्बर को खरीदी केंद्र रहा बंद

भानुप्रतापपुर के धान खरीदी केंद्रों में धान का उठाव नहीं होने तथा बारदाने की कमी के कारण 16 दिसंबर को विकासखण्ड के खरीदी केंद्र बंद रहा। प्रभारीयो ने कांकेर कलेक्टर से मिलकर धान उठाव नहीं होने कारण खरीदी बंद करने की सूचना दिए थे। जिला सहकारी कर्मचारी संघ ने ज्ञापन के माध्यम से बताया था कि दिनांक 6.12.2024 को उपार्जित धान का परिवहन हेतु आपके समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए विपणन संघ द्वारा बफर लिंमिट से अधिक उपार्जन केन्द्रों का दो एवं तीन टी0ओ0 जारी किया गया है। किन्तु टीओ से कुछ ही उपार्जन केन्द्रों का धान परिवहन हो पाया है। क्योंकि प्रतिदिन धान का आवक अधिक होने से धान उपार्जन हेतु स्थान का अभाव हो रहा है जिससे समिति कर्मचारी एवं किसानों द्वारा आपसी मतभेद एवं आक्रोश पैदा हो रहा है। जिला सहकारी विपणन संघ द्वारा धान के उठाव हेतु ध्यान नही देने के कारण उपार्जन केन्द्रों में ऐसी स्थिति निर्मित को रही है। इसलिए उपार्जन केन्द्रों के प्रबंधक एवं कर्मचारियों द्वारा धान उपार्जन कार्य 16 दिसंबर से धान नही उठाव होने तक उपार्जन कार्य बंद करने का निर्णय लिया गया है।

## लोकल दुग्ध संघ ने बाहरी व्यापारी का किया विरोध, एसडीएम कार्यालय में सौंपा ज्ञापन




पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

भानुप्रतापपुर समेत आसपास के गांवों में दूध बेचने वाले लोकल दुग्ध संघ ने सोमवार को एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है।इन दिनों भानुप्रतापपुर नगर में बाहर से व्यापारी आकर अपना व्यवसाय कर रहे हैं।जिससे लोकल दुग्ध विक्रेता संघ नाराज हो गए हैं। उन्होंने शासन प्रशासन से मांग करते हुए कहा है कि हम सब दुग्ध व्यापारी भानुप्रतापपुर में कई वर्षों से दुग्ध का व्यापार संघ के हिसाब से कर रहे है। दल्ली राजहरा से आकर भुट्टन सिंह एवं जे.पी. सिंह के द्वारा हमारे संघ से हटकर दुग्ध बेच रहे है। जिससे हम सभी का व्यापार खत्म हो रहा है। बार-बार समझाने के बाद भी बाहर से दुध लाकर बेंच रहे है। जिससे हम सभी दुग्ध व्यापारी बहुत परेशान है।

## पशुधन विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय गौपूजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन के एक वर्ष पूर्ण होने उपलक्ष्य में 6 से 20 दिसंबर 24 मध्य विभिन्न गतिविधियों आयोजित की जानी हैं। उसी तारतम्य में कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार 14 दिसंबर को शा.उ.मा. विद्यालय बड़े कनेरा एवं अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों के द्वारा प्रभात फेरी निकाल कर गौमाता एवं गौ उत्पाद के सम्बन्ध में जागरूकता का प्रसार किया गया। जिले के पजीकृत गौशाला कामधेनु गौ सेवा संस्थान, बड़े कनेरा विकासखंड कोंडागांव में जिला स्तरीय गौपूजन कार्यकम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गौमाता की पूजा अर्चना के साथ हुआ। कार्यक्रम में गौसेवा करने एवं गौसेवा हेतु दान करने वाले जनसमान्य का शाल, श्रीफल व प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। अतिथियों के द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में उद्यानिकी विभाग के अपार संचालक भूपेंद्र पाण्डेय, डॉ शिशिरकांत पाण्डेय उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं, गौतम, सहायक संचालक, उद्यानिकी विभाग, डॉ सुरेन्द्र कुमार नाग वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, डॉ आरती मरस्कोले, डॉ आकांक्षा कश्यप, वारिश नन्द, अश्वन नेताम, गौशाला की संचालक वैदेश्वरी शर्मा, शांति फाउंडेशन के संचालक यतीन्द्र सलाम एवं अन्य जनप्रतिनिधि गण, गौशाला के सदस्य उपस्थित रहें।

## बस्तर ओलंपिक में शामिल होने पहुंचे असम के प्रतिनिधिमण्डल ने जिले का किया भ्रमण

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बस्तर के युवाओं को खेलों के माध्यम से मुख्यधारा से जोड़ने एवं खेल प्रतिभा को एक नया मंच प्रदान करने के उदेश्य से बस्तर संभाग के सभी जिलों में बीते दिनों विकासखंड एवं जिला स्तर पर बस्तर ओलम्पिक का आयोजन किया गया, जहां पर अच्छे प्रदर्शन करने वाले युवाओं को संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक में हिस्सा लेने का मौका मिला है। इस बस्तर ओलम्पिक में सिरकत करने असम से पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल कोंडागांव पहुंचा। जिला प्रशासन द्वारा दल को कोंडागांव की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहरों से परिचित कराने के लिए को प्रतिनिधियों को केशकाल स्थित टाटामारी के प्राकृतिक सौंदर्य का अवलोकन कराया गया। यहां उनके रात्रि विश्राम और भोजन की व्यवस्था के साथ स्थानीय आत्मसमर्पित लोगों के साथ चर्चा का भी आयोजन किया गया। बातचीत के दौरान एक दूसरे से माओवाद से मुख्यधारा में लौटने और शासन की पुनर्वास नीति पर विचार साझा किए गए। असम के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने बताया कि, वे भी एनडीएफबी संगठन के सदस्य रह चुके हैं और अब मुख्यधारा में लौट चुके हैं। मोओवाद आत्मसमर्पित स्थानीय लोगों ने बताया कि, वे कैसे मुख्यधारा में लौटे और शासन की नीतियों से बेहतर पुनर्वास हुआ। प्रतिनिधिमण्डल ने राज्य शासन की पुनर्वास नीति की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल में बिनुअल वरी, अजोय कुमार भोबोरा, दिलरंजन नारजरी, साहेन वारी और मार्क दैमारी शामिल रहें। शनिवार को सुबह प्रतिनिधिमण्डल ने टाटामारी के मनोरम दृश्यों का आनंद लिया और इसके बाद कोंडागांव जिला मुख्यालय पहुंचने पर कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के द्वारा प्रतिनिधियों का आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात प्रतिनिधियों ने केंद्रीय ग्रंथालय का भ्रमण किया। यहां उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों से संवाद किया और ग्रंथालय की व्यवस्थाओं की सराहना की। इसके पश्चात, प्रतिनिधि दल डोंगरीगुड़ा स्थित लाइवलीहुड प्रशिक्षण केंद्र पहुंचा, जहां उन्होंने माओवाद प्रभावित क्षेत्र के युवाओं से मुलाकात की। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा इन क्षेत्रों के विकास और युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों की प्रशंसा की और युवाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतिनिधियों ने गारमेंट फैक्ट्री का भी दौरा किया और वहां की कार्यप्रणाली को देखा। उन्होंने फैक्ट्री में काम कर रही महिलाओं से बातचीत कर उनकी कार्य परिस्थितियों और अनुभवों के बारे में जाना। इसके बाद शिल्पनगरी का भ्रमण करते हुए, उन्होंने बस्तर की प्रसिद्ध बेलमेटल कला को देखा और इसके निर्माण प्रक्रिया की बारीकियों को समझा। इससे पूर्व टाटामारी केशकाल में जिला प्रशासन की ओर से डिप्टी कलेक्टर निकिता मरकाम, एस डी एम केशकाल अंकित चौहान और डीएसपी लक्ष्मण सिंह एवं अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया।

## किरन्दुल फुटबॉल ग्राउंड में केंद्रीय विद्यालय द्वारा करवाया गया खेलकूद दिवस का आयोजन



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

केंद्रीय विद्यालय किरन्दुल द्वारा 16 दिसम्बर सोमवार सुबह 11 बजे देशव्यापी फिट इंडिया सप्ताह के 6 वीं संस्करण के अंतर्गत 43 वा खेलकूद दिवस बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ एनएमडीसी फुटबॉल ग्राउंड किरन्दुल में संपन्न किया। इस समारोह के मुख्य अतिथि एनएमडीसी मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही ने ध्वजारोहण कर इस आयोजन की शुरुआत की साथ ही साथ बच्चों को खेलकूद को अपने जीवनशैली में अपनाकर स्वस्थ रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्राथमिक एवं माध्यमिक वर्ग के बच्चों के लिए 50,100,400,800 मीटर, स्पून रेस एवं रिले रेस का आयोजन किया। प्रतियोगिता के सफलतापूर्वक आयोजन पर प्राचार्य बलजिंद्र सिंह ने समस्त शिक्षकों इसकी बधाई दी। मौके पर एनएमडीसी वरिष्ठ प्रबन्धक शैलेंद्र सोनी, बीआईओपी स्कूल के प्राचार्य सुनील दुबे, डीएवी स्कूल के प्राचार्य पी एल वर्मा, शिक्षकगण एवम स्कूली बच्चें उपस्थित थे।

## अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर पर कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



आरोपी के कब्जे से स्वीफ्ट डिजायर कार क्रमांक कीमत 5 लाख रुपये एवं एक विवो कम्पनी का मोबाईल किमत 5000 रुपये का जप्त किया गया। कोंडागांव पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के द्वारा निर्देश प्राप्त हुआ है कि, शहर में हो रहे अन्तर्राज्यीय शराब तस्करों के विरूद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही किया जाए, जिस संबंध में थाना कोंडागांव पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र में नजर बनाये हुए है, इसी तारतम्य में 14 दिसंबर को अन्तर्राज्यीय शराब तस्करी की मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि, एक सफेद रंग के स्वीफ्ट डिजायर कार में अवैध शराब रखकर भिलाई से जगदलपुर की ओर आ रही है। जिस संबंध में तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव. पटेल के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोंडागांव रूपेश कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोंडागांव निरीक्षक सौरभ उपाध्याय के नेतृत्व में तत्काल टीम गठित कर संदिग्ध वाहन की धरपकड़ हेतु थाना के सामने मेन रोड में नाकाबंदी किया। इस दौरान रायपुर की ओर से मुखबीर के बताए अनुसार स्विफ्ट डिजायर कार आता हुआ दिखाई दिया। जिसे रोककर पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम कामेश साहू सुपेला जिला दुर्ग का रहने वाला बताया। वाहन के तलाशी पर वाहन से गोवा व्हीस्की अंग्रेजी शराब का कुल 17 कार्टून व का 8 कार्टुन कुल 25 कार्टून जुमला 222.12 बल्क लीटर अवैध अंग्रेजी शराब जिसकी अनुमानित कीमत 229950 रुपये और कार को जब्त किया गया। उक्त शराब के संबंध में आरोपी से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि, शराब को बिक्री हेतु भिलाई से जगदलपुर ले जा रहे थे। जिसे कोंडागांव पुलिस के द्वारा तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार कीमत 5 लाख रुपये एवं मोबाइल को जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना में 34 आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## प्राथमिक शिक्षा गुणवत्ता सुधार पर पंचायत प्रतिनिधियों और शिक्षकों की विशेष कार्यशाला आयोजित



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले के माकड़ी आकांक्षी ब्लॉक में जनपद पंचायत सभागार में प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में चिन्हित 10 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिवों और 35 प्राथमिक शालाओं के प्रधानपाठक व शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा में गुणवत्ता सुधार लाने के लिए ग्राम पंचायत, समुदाय और शिक्षकों के बीच सामूहिक प्रयास को बढ़ावा देना था। इस पहल में पंचायत प्रतिनिधियों और शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रशिक्षण सत्र में शिक्षा गुणवत्ता सुधार हेतु रणनीतियां, कार्यशाला में स्कूल मैनेजमेंट कमिटी और बिल्डिंग ऐज लर्निंग ऐड और लाइब्रेरी व टीचर्स लीड 100 दिवसीय लर्निंग प्रोग्राम जैसे शिक्षण उपकरणों के प्रभावी उपयोग पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों को एल.एस.डी.जी. की 9 प्रमुख थीमों पर प्रशिक्षण दिया गया, जिससे ग्राम पंचायतों में प्राथमिक शिक्षा सुधार योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू किया जा सके।

### शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के महत्वपूर्ण स्तरों के सृजन के लिए एमएसएमई का विकाय महत्वपूर्ण है

## किरन्दुल परियोजना एससी एसटी महिला एमएसई ठेकेदारों के लिए एसवीडीपी कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com




किरंदुल एनएमडीसी परियोजना में संजीव साही मुख्य महाप्रबंधक के कुशल निर्देशन में मुख्य महाप्रबंधक के सम्मेलन कक्ष में परियोजना के अधिकारियों व परियोजना कार्यों में संलग्न एससी/एसटी महिला एमएसई ठेकेदारों के लिए एसवीडीपी (विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम) का आयोजन दो सत्रों में किया गया। प्रथम सत्र का आरंभ मुख्य अतिथि संजीव साही, मुख्य महाप्रबंधक को पुष्पगुच्छ देकर हार्दिक स्वागत करके किया गया। इसी प्रकार राजीव एस नायर डायरेक्टर एमएसएमई-डीएफओ, रायपुर,अमित उपाध्याय, जैम पोर्टल एक्सपर्ट, रायपुर का भी पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। एससी गुप्ता सहायक महाप्रबंधक ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। बी एंटोनी महाप्रबंधक (सामग्री) ने कार्यक्रम के बारे में बताया। तत्पश्चात राजीव एस नायर डायरेक्टर एमएसएमई-डीएफओ ने प्रशिक्षण में बताया कि वित्तीय समावेशन की राष्ट्रीय अनिवार्यताओं को पूरा करने और देशभर के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के महत्वपूर्ण स्तरों के सृजन के लिए एमएसएमई का विकाय महत्वपूर्ण है। इस योजना का उद्देश्य एससी/एसटी के उद्यमियों की क्षमता में सुधार करना और उद्यमिता संस्कृति को बढ़ावा देना है। एससी/एसटी/महिला एमएसई/ठंकेदारों को सार्वजनिक खरीद प्रक्रिया में भाग लेने तथा केंद्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा सार्वजनिक खरीद नीति के तहत लक्ष्य पूरा करना, सशक्त बनाना, व्यावसायिक जीवनचक्र में सहायता, राष्टीय लघु उद्योग स्थापित करना, सूक्ष्म और लघु उद्यमों को उद्यम पंजीकरण, जीईएम, नामांकन, निविदा भागीदारी, ऋण सुविधा, जागरूकता कार्यक्रमों/ सम्मेलनो /विशेष विक्रेता विकास आदि का आयोजन कर एससी/एसटी/महिला को एमएसई उद्यमों में सहायता देना है। द्वितीय सत्र में परियोजना के अधिकरियों के लिए रखा गया जिसमें जैम पोर्टल एक्सपर्ट श्री अमित उपाध्याय ने प्रशिक्षण के दौरान परियोजना के अधिकारियों को जैम पोर्टल के बारे में विस्तृत रूप से बताया कि यह पोर्टल विभिन्न सरकारी विभागों/ संगठनों/ सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा आवश्यक सामान्य उपयोग व उद्योग के संचालन में वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाईन खरीद की सुविधा प्रदान करता हे। इस जैम पोर्टल का लक्ष्य खरीद में पारदर्शिता, दक्षता और गति को बढ़ना है। आगे एक्सपर्ट ने संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (जैम) पोर्टल एक ऑनलाईन पोर्टल है। इसमें रजिस्ट्रेशन के कोई भी वेंडर/कांट्रेक्टर इस पोर्टल से जुड़ सकता है और सरकार के साथ बिजनेस कर सकता है। सत्र के दौरान उपस्थित विक्रेताओं/ठेकेदारों व परियोजना अधिकारियों द्वारा जैम व एमएसई से संबंधित प्रश्न पूछे गए जिनका एक्सपर्ट ने बखूबी उत्तर दिया। कार्यक्रम में आर राजाकुमार, महाप्रबंधक (उत्पादन), एम. सुब्रमण्यन महाप्रबंधक (विद्युत), आर.एम्प्रान महाप्रबंधक (ठेका), एसके वंद्रा उप महाप्रबंधक (संयंत्र), एस गुहाउप महाप्रबंधक (वित्त), सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## भानुप्रतापपुर में विभिन्न विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण



पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक सावित्री मनोज मंडावी के मुख्य आतिथ्य में ग्राम कुल्हाड़कट्टा विकास खण्ड भानुप्रतापपुर में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण हुआ। जिसमें मुख्य रुप से देवगुड़ी, सामुदायिक भवन रानवाही, कुल्हाड़कट्टा में शाला भवन के अतिरिक्त कक्ष, रंगमंच भवन आवासपारा कुल्हाड़कट्टा, आंगनबाड़ी भवन खालेपारा कुल्हाड़कट्टा, रंगमंच भवन रानवाही एवं रंगमंच भवन सरईपारा कुल्हाड़कट्टा।

इस अवसर पर हेमबती उइके सरपंच कुल्हाड़कट्टा, सुनाराम तेता उपाध्यक्ष जनपद भानुप्रतापपुर, विरेन्द्र सिंह ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भानुप्रतापपुर, सुनील बबला पाढ़ी अध्यक्ष नगर पंचायत भानुप्रतापपुर, द्वारिका प्रसाद पटेल उपसरपंच कुल्हाड़कट्टा, उदेसिंह कोरेटी ग्राम पटेल, देवजी राम उइके गायता, रामकृष्ण उइके ग्राम सियाराम मंडावी, फरसराम आंचला,भंजन आंचल, जगत गावड़े, सुखचंद नेताम,जगत जैन, दीपक नेताम, विजय कोरेटी, बिदेसिंह कोरेटी, संगीता कोर्राम, महेश्वरी टांडिया, सुकबती उयके, जयबती तेता, फरसू नरेटी, अखिलेश कांगे, ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# वन विभाग द्वारा विभिन्न गांवों में वन चौपाल का आयोजन कर हितग्राहियों को योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा 09 से 20 दिसम्बर तक विभिन्न गतिविधियों के तहत् 09 से 11 दिसम्बर तक वन प्रबंधन समिति, स्व सहायता समूह एवं अन्य वन हितग्राहियों की उपस्थिति में वन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें समिति सदस्यों एवं वन हितग्राहियों को सुशासन की एक वर्ष की उपलब्धि एवं योजनाओं के संबंध में अवगत कराया गया। तेन्दूपत्ता संग्राहकों को प्रति मानक बोरा राशि 4000 से बढ़ाकर 5500 रूपये का वितरण किया जा रहा है। संग्रहण दर में बढ़ोत्तरी होने से गरियाबंद वनमण्डल में 5794 नए तेन्दूपत्ता संग्राहक बने एवं विगत वर्ष की तुलना में राशि 10 करोड़ 84 लाख रूपये से अधिक पारिश्रमिक भुगतान किया गया। किसान वृक्ष मित्र योजना अंतर्गत इच्छुक कृषक को 05 एकड़ तक की भूमि पर निःशुल्क 5000 पौधे लगाकर देने का प्रावधान है। (इस योजनांतर्गत गरियाबंद वनमण्डल में वर्षा ऋतु 2024 में 792 कृषकों के 1374.986 एकड़ भूमि में 9,15,628 पौधे लगाये गये है। वन प्रबंधन समितियों के खाते में उपलब्ध राशि के माध्यम से व्यक्ति विकास, सशक्तिकरण एवं रोजगार मूलक कार्य हेतु राशि दी जायेगी। वन क्षेत्र के हितग्राहियों को पात्रतानुसार वन अधिकार पत्रों का वितरण किया जा रहा है। (गरियाबंद वनमण्डल अंतर्गत अब तक 4349 हितग्राहियों को रकबा 4016.522 हेक्टेयर भूमि का व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र का वितरण किया गया है। वन प्रबंधन समिति एवं वन प्रबंधन समिति अंतर्गत गठित स्व-सहायता समूहों को व्यक्तिगत आय सृजन रोजगार के संसाधन उपलब्ध कराने हेतु चक्रीय निधि के माध्यम से 4 प्रतिशत ब्याज दर से ऋण दिया जा रहा है। वन प्रबंधन समितियों एवं ग्रामवासियों से मानव हाथी द्वंद को रोकने संबंधी सुझाव प्राप्त किये जा रहे है एवं हिंसक वन्यप्राणियों जैसे शेर, तेन्दुआ, भालू, लकड़बग्घा, भेड़िया, जंगली सुअर, गौर, जंगली हाथी, जंगली कुत्ता, मगरमच्छ, घड़ियाल, वनभैसा एवं सियार के द्वारा क्षति पहुचाने की दशा में वन विभाग द्वारा दी जा रही क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि जैसे जनहानि (मृत्यु होने पर) 6 लाख रूपये, स्थायी रूप से अपंग होने पर 2 लाख रूपये, जनघायल होने पर 59 हजार 100 रूपये, पशु हानि होने पर 30 हजार रूपये, फसल हानि होने पर 9 हजार रूपये (प्रति एकड़), पूर्व दर में बढ़ोत्तरी करते हुए मकान क्षति होने पर सामान्य क्षेत्र के पक्का, कच्चा मकान मे 25 प्रतिशत पर 30 हजार रूपये, 50 प्रतिशत पर 60 हजार रूपये, 75 प्रतिशत पर 90 हजार रूपये, 100 प्रतिशत पर 1 लाख 20 हजार रूपये मुआवजा राशि प्रदान किया जाता है। पूर्व दर में बढ़ोत्तरी करते हुए मकान क्षति होने पर पहाड़ी क्षेत्र के पक्का, कच्चा मकान में 25 प्रतिशत पर 32 हजार 500 रूपये, 50 प्रतिशत पर 65 हजार रूपये, 75 प्रतिशत पर 97 हजार 500, 100 प्रतिशत पर 1 लाख 30 हजार, मुआवज राशि पूर्व दर में बढ़ोत्तरी करते हुए आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त (15 प्रतिशत) पक्का मकान के लिए 6 हजार 500 रूपये, कच्चा मकान के लिए 4 हजार रूपये, झोपड़ियों के लिए क्षतिग्रस्त होने पर एकमुश्त 8 हजार रूपये तथा घर से जुड़ा पशु शेड पर 3 हजार रूपये तक की मुआवजा राशि की जानकारी से अवगत कराया गया। लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं विपणन के माध्यम से कोदो, कुटकी, रागी, लाख, शहद, तथा अन्य लघु वनोपज उत्पादों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की गई है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का साथ दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता ∢ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

कृषक कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटसेंद्री में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना का साथ दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम कोकड़ी ग्राम पंचायत दमोदरहा में किया गया । इसके अंतर्गत विद्यालय के स्वयंसेवक कार्यक्रम अधिकारी सोमेश्वर प्रसाद नायक, सहायक चेतन कुमार पटेल (मंच संचालन) गुण सागर पटेल (व्यवस्थापन) के दिशा निर्देशन में 7 दिनों तक ग्राम में रहकर विभिन्न रचनात्मक कार्य किया गया । नियमित गतिविधि के अंतर्गत विद्यालय प्रांगण में बिखरे मलवा को साफ कर आहता की पोताई, बोरिंग परिसर की सफाई एवं सोखता गढढा का निर्माण, तालाब मेड एवं तालाब घाट की सफाई, मंदिर परिसर की सफाई, सार्वजनिक मनोरंजन भवनो की सफाई एवं पोताई,गांव की गलियों, नालियों की सफाई किया गया। प्रत्येक दिवस बौद्धिक सत्र में वक्ताओं द्वारा वक्तव्य प्रस्तुतकिया गया वक्तव्य में कैरियर मार्गदर्शन, प्रेरणादायक, ज्ञानवर्धक बाते बताई गई, बौद्धिक सत्र में आमंत्रित वक्ता जन्मजय नायक, दुर्गा प्रसाद पटेल, सेवकलाल पटेल, केशव सेठ रोहिना, प्रमुख थे। शिविर का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ जिसमें स्वयं सेवकों द्वारा ज्ञानवर्धक नृत्य, नशा मुक्ति संबंधित प्रहसन, छत्तीसगढ़ संस्कृति की आधार सुवा नृत्य प्रस्तुत किया गया। सहभागी स्वयंसेवकों में कु खिलेश्वरी दास, वैष्णवी साहू, लिसा डंडसेना लिसा निषाद, ज्योति, पुष्पांजलि, तमन्ना दास, वर्षा पटेल चांदनी, तेज कुमारी नायक, ममता पटेल प्रमुख थे। समापन सत्र के मुख्य अतिथि सरला कोसरिया प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सदस्य महिला आयोग भाजपा, अति विशिष्ट अतिथि जयंती जयलाल पटेल महिला बाल विकास जनपद पंचायत सरायपाली, प्रकाशचंद माझी बीईओ सरायपाली, भूमिसुता प्रधान सरपंच, सालिकराम पटेल प्राचार्य, सर्व कृपाराम पटेल, खेमराज पटेल, ओमप्रकाश चौधरी, सेवकराम पटेल, गाड़ाराय साहू, जालंधर प्रधान, देवेंद्र साहू, गोविंद प्रधान, शाला विकास समिति के अध्यक्ष कृपा सिंधु पटेल, सदस्य परीक्षित पटेल, ग्राम के वरिष्ठ जन, ग्रामीण जन विद्यालय की छात्रा-छात्र एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# कौवाडीह में विकासखंड स्तरीय पशु प्रदर्शनी मेला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



विकासखंड पलारी के ग्राम कौवाडीह में शनिवार को विकासखंड स्तरीय पशु प्रदर्शनी एवं मेला का आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न ग्रामों से आये हुए कुल 85 पशु पालको एवं ग्रामीण जनों के द्वारा लगभग 300 पशुओं का पंजीयन कराकर पशु प्रदर्शनी में भाग लिया गया। इस. दौरान गौ पूजन एवं पशु पलकों का सम्मान किया। पशु प्रदर्शनी मेले में दुधारू गाय, बैल, भैंस, स्वस्थ बछड़ा, उन्नत संकर बछिया, बकरी- बकरा, मुर्गी- मुर्गा एवं सुकर कुल 8 वर्गो में प्रतियोगिता करायी गयी तथा प्रत्येक वर्गो में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर पशु पालकों एवं 15 चरवाहों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष खिलेन्द्र वर्मा, कृषि स्थायी समिति के अध्यक्ष प्रवीण धुरंधर, पूर्व मण्डी सदस्य सनथ वर्मा, डॉ रश्मि लता राकेश , डॉ रूपेश बघेल, विकास खण्ड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ निर्मल चेलक, डॉ श्वेता बंजारा , डॉ चंदन कुर्रे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## ग्राम डोंगरीगांव में श्रमिक सम्मेलन एवं श्रम शिविर का आयोजन आज

**गरियाबंद।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गरियाबंद जिला मुख्यालय स्थित लाईवलीहुड कॉलेज के पीछे भवन स्थल ग्राम डोंगरीगांव में श्रमिक सम्मेलन एवं श्रम शिविर का आयोजन मंगलवार 17 दिसम्बर को दोपहर 02 बजे से शाम 6 बजे तक किया जायेगा। श्रम पदाधिकारी ऐलन मिंज ने बताया कि इस शिविर में मजदूर चौड़ी, निर्माण स्थल, उद्योगिक क्षेत्र, श्रमिक बस्ती जैसे स्थलों पर श्रमिको की अधिक से अधिक संख्या में विभागीय योजनाओं एवं श्रम कानूनों के प्रचार - प्रसार तथा लोगों में जागरूकता लोने के यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने श्रम निरीक्षक परीक्षित कुमार को नोडल अधिकारी बनाया गया है। तथा सहायक ग्रेड-02 फूलचंद साहू को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। उनके सहयोग के लिए श्रम उप निरीक्षक रश्मि ठाकुर, श्रम कल्याण अधिकारी श्रीमती प्रीति ठाकुर, मनीष कुमार बंजारे एवं पूर्णानंद साहू , सहायक ग्रेड-03 निकेश सिन्हा, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर गणेश साहू एवं लुकेश सेन की ड्यूटी लगाई गई है।

# शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में सुशासन दिवस के अवसर पर 'साइकिल रैली' का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में सुशासन दिवस के अवसर पर ''साइकिल रैली'' का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वासु वर्मा के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। रैली महाविद्यालय से शुरू होकर जिला चिकित्सालय से कलेक्ट्रेट परिसर तथा चक्रपाणि स्कूल से होते हुए वापस महाविद्यालय में पहुचीं। इस रैली को रवाना करते समय दाऊ कल्याण आर्ट्स एवं कामर्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार की प्राचार्य डॉ. ए.आर.सी. जेम्स, कार्यक्रम की संयोजक डॉ सुनीता त्यागी जिला संगठक रा.से.यो., सुषमा दीवान एन.सी.सी. अधिकारी उपस्थित रहे। 10 दिसंबर को रोशनी लता राकेश एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी और संजय कुमार बघेल सहायक प्राध्यापक के द्वारा ''संगोष्ठी'' का आयोजन किया गया। इसी क्रम मे दिनांक 11.12.2024 को ''स्लोगन लेखन'' प्रतियोगिता का आयोजन अदिति माहुले अतिथि व्याख्याता और तुलाराम साहू सहायक प्राध्यापक के द्वारा किया गया। दिनांक 12.12.2024 को सुषमा दीवान एन.सी.सी. अधिकारी एवं डॉ. चित्ररेखा सिंगरौल अतिथि व्याख्याता के द्वारा वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

13 दिसंबर को शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदा बाजार के छात्राओं के द्वारा सुशासन दिवस के अवसर पर ''नुक्कड़ नाटक'' प्रस्तुत किया गया। यह नाटक बलौदा बाजार जिले के विभिन्न नुक्कड़ों में जाकर के छात्राओं के द्वारा प्रदर्शित किया गया। जिसमें उन्होंने अपने नाटक में महतारी वंदन योजना, बालिका शिक्षा, दहेज प्रथा, विज्ञान का महत्व जैसे महत्वपूर्ण शासकीय योजनाओं के संदर्भ में अपनी प्रस्तुति दी। यह नाटक महाविद्यालय की एन.एस.एस. और एन.सी.सी. के छात्राओं की द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर छात्राओं के साथ साथ आसपास की मोहल्ले वासी महिलाएं एवं बच्चे भी उपस्थित थे।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरतोरा में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान आयोजित हुआ

पायनियर संवाददाता ∢ महासमुंद
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरतोरा में, शासकीय खेमराज लक्ष्मी चंद कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबाहरा के द्वारा पोशक विद्यालय संपर्क अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के समन्वयक सहायक अध्यापक खिलावन पटेल ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश की सकल नामांकन अनुपात 19.6 है इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार 2035 तक 50% करना है। महाविद्यालय में स्वीकृत सीट पर, पोशक विद्यालय से संपर्क कर कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। डॉक्टर चार्ल्स लियोनार्ड ने बताया कि वर्तमान में कुल 1378 विद्यार्थी अध्यनरत है। तथा स्नातक के साथ-साथ स्नातकोत्तर के 07 विषय एवं पीजीडीसीए के विषय संचालित हैं। सहायक प्राध्यापक खिलावन पटेल ने बताया कि महाविद्यालय में गैर पाठ्यतर गतिविधि जैसे स्पोर्ट्स, NSS, यूथ रेड क्रॉस एवं साहित्यिक सांस्कृतिक आयोजित होती है। सहायक प्राध्यापक भावेश दीवान ने बताया कि हस्र में सात दिवसीय विशेष कैंप व यूथ रेड क्रॉस में स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों जैसे हेल्थ कैंप, रक्तदान शिविर आदि का आयोजन किया जाता है। सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधि में वार्षिक उत्सव, वेलकम पार्टी, फेयरवेल पार्टी एवं सैटरडे एक्टिविटी जैसे कार्यक्रम होते रहते हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासा से संबंधित प्रश्न पूछे जिनका समाधान किया गया और बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया । शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरतोड़ा के प्राचार्य द्वारिका प्रसाद चंद्राकर ने भी बच्चों को कॉलेज में प्रवेश लेने के लिए प्रोत्साहित किया और 12वीं में अच्छा प्रतिशत से उत्तीर्ण होने के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्टाफ के व्याख्याता विरोध कुमार असगर ,हेमंत गंडेचा एवं के . के. शुक्ला जी उपस्थित थे। विरोध कुमार ने आए हुए सहायक अध्यापकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## प्रोजेक्ट उन्नति के अन्तर्गत मशरूम की खेती प्रशिक्षण सम्पन्न

**गरियाबंद।** बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी, रायपुर द्वारा 10 दिवसीय निशुल्क प्रोजेक्ट उन्नति के अन्तर्गत मशरूम की खेती प्रशिक्षण ग्राम पंचायत बिनौरी में 06 से 15 दिसम्बर तक दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले 30 प्रोजेक्ट उन्नति के प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण जिला पंचायत गरियाबंद के माध्यम से जो मनरेगा के अंतर्गत 100 दिन कार्य पूर्ण कर चुके है उन्हे प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान ,रायपुर के निदेशक नवीन कुमार, सृष्टि मिश्रा, प्रेम साहू एफएलसी लीड बैंक गरियाबंद, धनेश्वर मांझी प्रशिक्षक, संकाय राकेश कुमार, आसेसर जागृति साहू, चंदन साहू एवं प्रशिक्षणार्थीगण उपस्थित थे।

## गुरु घासीदास जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

**बलौदाबाजार।** राज्य शासन के निर्देश पर 18 दिसम्बर 2024 बुधवार को गुरु घासीदास जयंती पर एक दिवस के लिए 'शुष्क दिवस' घोषित किया गया है। इस हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक सोनी ने आदेश जारी किया है जिसके तहत जिले में संचालित समस्त देशी, विदेशी,कम्पोजिट मदिरा की फुटकर दुकानों, आदि जैसे एफ.एल.-1 (घघ), सी.एस.-2 (घघ), सी.एस.-2 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.2 (ग-अहाता), सी. एस.2 (ग-कम्पोजिट अहाता), एफ.एल.1 (ख-अहाता) एवं मद्यभण्डारण -भाण्डागार को 18 दिसम्बर 2024 (कुल 01 दिवस) को संपूर्ण दिवस के लिये सीलबंद किया जाये तथा मदिरा के विक्रय, विनिर्माण, संग्रहण, धारण एवं परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना सुनिश्चित करने कहा गया है।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की बैठक संपन्न, निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुने गए मनोज दुबे

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा शुक्रवार को बलौदाबाजार-भाटापारा की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से मनोज दुबे, को छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ बलौदाबाजार-भाटापारा जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस बाबत कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष जी.आर. चन्द्रा ने आदेश जारी कर दिया है। साथ ही मनोज दुबे को जिला एवं तहसील शाखा की कार्यकारिणी के गठन के लिए अधिकृत किया गया है। प्रांताध्यक्ष जी.आर.चन्द्रा, महामंत्री उमेश मुदलियार, पूर्व जिलाध्यक्ष पी.के. हिरवानी, बिलासपुर जिलाध्यक्ष रामकुमार यादव, संरक्षक सी एल दुबे, महिला जिलाध्यक्ष सरोज बघमार, आनंद भारती, वाय.आर. सोनी, अश्वनी साहू, संतोष वैष्णव, टीआर नेताम, कार्तिकेश दुबे, राधा रानी ध्रुव, पार्वती वर्मा, नीरज तिवारी, सोनल केशरवानी की उपस्थिति में मनोज दुबे को निर्विरोध बलौदाबाजार-भाटापारा जिला कर्मचारी संघ का अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान डॉ. एलएस ध्रुव, संदीप मिश्रा, नीरज बंजारे, गोपाल पटेल, हेमलता साहू, विजय साहू, जितेन्द्र वर्मा, राजकुमार वर्मा, सूघन साहू, वंदना वर्मा, एस द्विवेदी, सत्यनारायण अनंत, केदारनाथ वर्मा, गीता साहू, प्रेम प्रकाश केशरवानी, दीपक ठाकुर, दीपक पात्रे, पंकज घृतलहरे, राजेश नेताम, वीरेन्द्र ठाकुर, यशवंत वर्मा, विजय साहू, टीएस बेगम, संध्या, संध्या पवार, खेलावन विश्वकर्मा, चैतू साहू, दानेखरी वैष्णव, टीआर नेताम, रेणुका साहू, रशीदा खान, अहिल्या साहू, नीरा मंहव, कृष्णा कुमारी यादव, चोवा ध्रुव आदि कर्मचारी उपस्थित थे।

## डिस्ट्रीक रिसोर्स पर्सन की भी होगी नियुक्ति

# प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अन्तर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए ऑन लाईन आवेदन आमंत्रित किये गये है। जिला व्यापार एवं उद्योग के महाप्रबंधक दीनबन्धु ध्रुव ने बताया कि इसके लिए जिले में निवासरत 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति आवेदन कर सकते है। शैक्षणिक योग्यता 8वीं उत्तीर्ण एवं एक परिवार से एक व्यक्ति पात्र होंगे। इसमें कुल परियोजना लागत का 35 प्रतिशत अनुदान प्राप्त होगा। अधिकतम अनुदान 10 लाख प्रति उद्यमी होगा। लाभार्थी का अंशदान न्यूनतम 10 प्रतिशत होगा, शेष राशि बैक से ऋण के रूप में प्राप्त होगा। योजनान्तर्गत खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योग जैसे पोहा उद्योग, आचार, मसाला निर्माण एवं पैकेजिंग, पापड़ बडी निर्माण, टमाटर सॉस, मक्का प्रोसेसिंग, गेहू, बाजरा, कोदो कुटकी, रागी आधारित उत्पाद बेकरी प्रोडक्टस् सेवईया निर्माण, डेयरी उत्पाद (पनीर घी, दही, मिठाई निर्माण) एवं नमकीन निर्माण, पशु आहार निर्माण उत्पादन इकाई स्थापना में सहायता की जायेगी। हितग्राही ऑनलाईन आवेदन डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट पीएमएफएमई डॉट एमओएफपीआई डॉट जीओवी डॉट इन पर कर सकते है। आवश्यक दस्तावेज के रूप में शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र न्यूनतम 8वीं पास, आधार कार्ड, पेन कार्ड, राशन कार्ड, अंतिम 06 माहिनो का बैक स्टेटमेन्ट की फोटोकापी, मशीनरी का कोटेशन, मोबाईल नम्बर, ई मेल आई.डी. की जानकारी देनी होगी।

### डीआरपी डिस्ट्रीक्ट रिसोर्स पर्सन्स की होगी नियुक्ति

जिला स्तर पर लाभार्थियों को हैंड होल्डिंग सहायता उपलब्ध कराने के लिए स्टेट नोडल एजेंसी द्वारा डीआरपी नियुक्त किया जाना है। डीआरपी के पास शैक्षणिक योग्यता अंतर्गत खाद्य प्रौद्योगिकी, खाद्य इंजीनियरिंग में डिप्लोमा, डिग्री खाद्य प्रसंस्करण उद्योग बैकिंग एवं डीपीआर तैयार करने में अनुभवी व्यक्ति पात्र होंगे। डीआरपी लाभार्थियों को डीपीआर तैयार करने बैक से ऋण लेने एफएसएसएआई के खाद्य मानकों, उद्यम राजिस्ट्रेशन, जीएसटी आदि सहित पंजीकरण एवं लायसेन्स प्राप्त करने में सहायता प्रदान करेगें। प्रत्येक लाभार्थी को उपलब्ध कराई गई सहायता के आधार पर डीआरपी के प्रत्येक मानदेय का भुगतान बैक से ऋण स्वीकृति के उपरांत किया जायेगा। डीआरपी को प्रति प्रकरण ऋण स्वीकृति के 20 हजार की दर से भुगतान किया जायेगा। 50 प्रतिशत का भुगतान बैक से ऋण स्वीकृति के पश्चात तथा शेष 50 प्रतिशत का भुगतान एफएसएसएआई के मानकों के अनुपालन परियोजना के इम्प्लीमेन्टेशन तथा ट्रेनिंग प्रदाय करने के पश्चात किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, गरियाबन्द, संयुक्त जिला कार्यालय कक्ष क्रमांक 92 में सम्पर्क कर सकते है या दूरभाष क्रमांक 07706-241268 पर भी फोन करके जानकारी ले सकते हैं।

# कामता पटेल अध्यक्ष व विजय प्रधान उपाध्यक्ष चुने गए

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



सरायपाली,तोरेसिंहा शाखा के 26 समिति के प्राधिकृत अध्यक्षों की एक आवश्यक बैठक भंवरपुर रोड स्थित सिमरन पैलेस में रखी गई थी,जिसमें संघ का गठन कर कार्यकारिणी का विस्तार किया गया और समितियों में होने वाली समस्याओं का निराकरण के लिए सर्वसम्मति से प्राधिकृत अध्यक्ष संघ का कामता पटेल को अध्यक्ष चुना गया है। वहीं उपाध्यक्ष विजय प्रधान को बनाया गया है। साथ ही कार्यकारियों में संरक्षक अनंत पटेल,रेशम पटेल,सचिव प्रदीप साहू, सह सचिव संजय डडसेना, कोषाध्यक्ष उपेन्द्र चौधरी को चुना गया है। बैठक के दौरान नवनियुक्त प्राधिकृत संघ के अध्यक्ष कामता पटेल ने मंच को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में सभी समितियों में बफर लिमिट से अधिक धान खरीदी हो चुकी है,उपार्जन केद्रो में धान खरीदने जगह का अभाव है,टीओ, डीओ भी जारी नहीं हो रहा है,जहां टीओ जारी हुआ है वहाँ धान का परिवहन नहीं होने से सभी उपार्जन केद्रो में आगामी एक-दो दिनों में धान खरीदी बंद करने की स्थिति हो गई है। जिसके लिए बहुत जल्द उच्च अधिकारियों को मिलकर ज्ञापन सौंपने और टीओ, डीओ जारी करने धान के उठाव में तेजी लाने मांग करने की बात कही। आगे उन्होंने कहा कि धान खरीदी केंद्र में मिलर्स से पहुंच रहे कई बारदाना अमानक है, जिसे छटनी करने धान भरने के योग्य बनाने के लिए उपार्जन केंद्र के प्रभारियो को अतिरिक्त समय देना पड़ रहा है,जिसे धान खरीदने योग्य उपयोगी बारदाना को ही मिलर्स से लेने की बात कही। समिति अध्यक्षों की पहली बैठक में कई मांणरंलर्ग व सुझाव भी रखे गए जिसमें बैठक में समिति से विपणन संघ को धान भेजने पर पुराने बारदाना में पीडीएस,मिलर्स एवं किसान के बारदाना का अलग-अलग विवरण विपणन संघ द्वारा मांगा जा रहा है जिसे अनुचित कहते हुए बारदाना की क्वालिटी अनुसार 50 प्रतिशत नया और 50 प्रतिशत पुराना उल्लेख किया जाए। स्टेक में धान रखने नया बारदाना के नीचे सतह में पुराना बारदाना में भर्ती धान रखने का निर्णय लिया गया है। क्योंकि नीचे सतह का नया बोरा अक्सर खराब हो जाता है जिसे शासन की ओर से 89 रुपए से अधिक राशि प्रति बोरा का कटौती किया जाता है,जिससे समिति को चार गुना से अधिक नुकसान का वहन करना पड़ता है। बैठक के दौरान समिति अध्यक्षों व समिति प्रबंधकों की ओर से एक यह भी सुझाव आया कि धान परिवहन व्यवस्था के संबंध में शासन के द्वारा जिस तरह से संग्रहण केंद्र में सुखत के लिए निर्धारित दर तय किया गया है।

# निगम भिलाई के प्रत्येक जोन में सोमवार को राशन कार्ड वितरण शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com







नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जोन कार्यालय अंतर्गत 172 राशन दुकान (कापरेटिव) संचालित हो रहे है। जहां भिलाई क्षेत्र के नागरिक अपना राशन कार्ड ले जाकर राशन प्राप्त करते है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा सभी कोऑपरेटिव राशन दुकान संचलितों की मीटिंग ली गई है उनसे जानकारी प्राप्त किये, नवीन राशन कार्ड बन जाने के बाद वितरण क्यों नहीं हो रहा है। तो उनके द्वारा बताया गया हितग्राही अपना राशन किसी अन्य दुकान से भी ले ले रहे हैं। वह अपने पुराने कोऑपरेटिव पर नहीं आ रहे हैं चर्चा के दौरान सहमति बनी कि अब प्रत्येक सोमवार को सभी जोन कार्यालय अंतर्गत पीडीएफ नवीन राशन कार्ड वितरण के लिए शिविर लगाया जा रहा है। नागरिक सुबह 11 बजे से साम 4 बजे तक शिविर स्थल पर राशन कार्ड राशन कार्ड प्राप्त कर सकते है। वहां पर कोऑपरेटिव दुकान संचालित करने वाले दुकानदार बैठेंगे साथ में निगम के भी कर्मचारी बैठेगे उनके द्वारा राशन कार्ड वितरित किया जाएगा। आयुक्त ने कोऑपरेटिव संचालकों से यह भी अनुरोध किया कि नागरिकों का सीधे जुड़ाव कोऑपरेटिव संचालकों से रहता है। स्वच्छ भारत अभियान में लोगों को समझाएं कि घर से गीला कचरा एवं सूखा कचरा अलग.अलग डस्टबिन में स्वच्छता मित्रों को देवें। सभी अपने दुकान पर प्रचार सामग्री भी रखें, उन्हे प्रदान की गई। कोऑपरेटिव संचालकों ने बताया कि नगर निगम भिलाई क्षेत्र लगभग 600 से अधिक राशन कार्डधारी अपना राशन कार्ड बनवा कर विदेश चले गए हैं। उन्हें भी राशन कार्ड नवीनीकरण करवाना है। जो नहीं करवा रहे हैं। राशन कार्डधारी 1.12.2024 से 28.02.2025 तक अपना राशन कार्ड नवीनीकरण करा सकते है। लगभग 40000 राशन कार्डधारियो का राशन कार्ड पुराना है। जो अभी तक अपना राशन कार्ड प्राप्त नहीं किए है। वे सभी शिविर स्थल पर जाकर अपना राशन कार्ड नवीनीकरण जल्द से जल्द करा लें। राशन कार्ड नवीनीकरण नहीं होने से नागरिको को राशन प्राप्त होने में परेशानी होगी। एक बार राशन कार्ड नवीनीकरण हो जाएगा तो किसी भी कोऑपरेटिव राशन दुकान से राशन ले सकते हैं। सभी जोन कार्यालय में फूड अधिकारी की नियुक्ति है। जोन क्रमांक-01 नेहरू नगर एवं जोन क्रमांक-02 वैशाली नगर में चंद्रभान बघेल व कविता ठाकुर को दायित्व सौंपा गया है। वही जोन क्रमाक-03 मदर टेरेसा नगर एवं जोन क्रमांक-04 शिवाजी खुर्सीपार में आयुतोष चंद्राकरए तथा जोन क्रमांक-05 में वसुधा गुप्ता की डयूटी लगाई गई है। नागरिक फूड अधिकारी से संपर्क कर भी जानकारी प्राप्त कर सकते है। अंत में सब लोग मिलकर के स्वच्छता बनाए रखने एवं लोगों को प्रेरित करने के लिए स्वच्छता शपथ लिए।

# धान उठाव के लिए 29 राइस मिलो से अनुबंध, 5 मिलों से 14980 क्विन्टल धान का डी ओ जारी

## जिले में अब तक लगभग 24.63 लाख क्विंटन धान की हुई खरीदी

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



जिले में धान खरीदी का अभियान तेजी से प्रगति पर है। 14 नवंबर 2024 से प्रारंभ हुए इस अभियान में अब तक 53,864 किसानों से कुल 24.63 लाख क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। किसानों द्वारा उपलब्ध कराए गए धान को उचित तरीके से संग्रहित और परिवहन के लिए जिले में कुल 29 राइस मिल संचालकों के साथ अनुबंध किया गया है। इनमें से 5 मिलों को 14,980 क्विंटल धान का डिलीवरी ऑर्डर (डीओ) जारी किया गया है। डीओ जारी होने के बाद उठाव किया जा रहा है। जिले के 81 धान उपार्जन केंद्रों से 2,76,894 क्विंटल धान का संग्रहण केंद्रों में उठाव किया जा चुका है। यह कुल धान खरीदी का 11.24 प्रतिशत है। प्रशासन द्वारा धान उठाव और संग्रहण प्रक्रिया को व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। इस दौरान किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के तहत धान बेचने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा किसानों की समस्याओं के निवारण के लिए हेल्पलाइन नंबर 1800-233-3663 जारी किया गया है। यह हेल्पलाइन किसानों को उनकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराने में मददगार साबित हो रही है। जिला प्रशासन द्वारा इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रभावी प्रबंधन व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उपार्जन केंद्रों में किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशासन ने संबंधित राइस मिल संचालकों से शीघ्र धान उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन ने सभी किसानों से आग्रह किया है कि किसान किसी भी समस्या की स्थिति में हेल्पलाइन पर संपर्क करें। प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित किया है कि उपार्जन प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता न हो और किसानों को उनका पूरा हक मिले।

# एथेनाल प्लांट की आवाज से रात भर सो नहीं पाए ग्रामीण,प्लांट के विरोध में सड़क पर उतरी महिलाएं

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



एथेनॉल प्लांट बंद करने के मांग को लेकर चल रहे 85दिन से शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे ग्रामीणों के सब्र का बांध आज उस वक्त टूट गया जब रात भर प्लांट की भयानक आवाज से ग्रामीण सो नहीं पाए इस संबंध में जानकारी देते हुए ग्राम बसनी निवासी अजिताभ मिश्रा ने बताया है कि प्लांट के धुएं से फैलती कालिख से पहले ही आस्र5ोशित किसान भी संघर्ष करते नजर आए।ग्रामीण का विरोध ग्रामीण सड़क पर प्लांट द्वारा लगातार मनाही के बाद भी भारी वाहनों के निरंतर आवागमन से भी था। चार सप्ताह में प्लांट को जारी अनियमितता की जांच करने के लिए समय मांगने वाला प्रशासन आज पुलिस प्रशासन को आगे करके खुद मुंह छिपाते नजर आया। मौके पर पुलिस प्रशासन के थाना प्रभारी और पुलिस एसडीओपी ही पहुंचे है,जबकि प्रशासन की ओर से कोई अधिकारी नहीं पहुंचा है।जबकि शासन के प्रतिनिधि, विधायक, दोनों उपमुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, पर्यावरण मंत्री, उद्योग मंत्री सभी तक अपनी बात ग्रामीण रख चुके है,केवल झूठा आश्वासन देकर बैक डोर में दिखाई दे रहे है। इस क्षेत्र के ग्रामीण ऐसी कोई जगह बाकी नहीं है जहां आवेदन देकर गुहार नहीं लगाए हों। हर जगह से निराशा के बाद आज रात को प्लांट की आवाज से रात भर व्यथित रहने के बाद एक बार द्बित्त्र से मोर्चा खोल चुके है।ग्रामीण महिलाएं में गुस्सा ज्यादा दिखाई दे रहा है। इस बार पूरी ताकत से आर पार के मूड में दिखाई दे रहे है।

# सुशासन के एक वर्ष पूर्ण : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ला में स्वास्थ्य जांच एवं रक्त दान शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ला में स्वास्थ्य जांच एवं निशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना रहा। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच कराई, जिसमें रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन, और अन्य बीमारियों की जांच शामिल थी। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा जांच के बाद मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया। निःशुल्क रक्तदान शिविर में युवाओं, सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में एकत्रित रक्त को जरूरतमंद मरीजों के लिए जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में सुरक्षित रखा गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने शिविर में सहभागिता की और इसे सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उपस्थित नागरिकों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने का सकारात्मक कदम बताया।

# ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का हुआ समापन



पायनियर संवाददाता ◄ पाटन
www.dailypioneer.com

पाटन ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम मोतीपुर में ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ जिसमें फाइनल में खुड़मुड़ा 1ह्य बड़गांव का रोमांचक मैच हुआ जिसमें खुड़मुड़ा की टीम प्रथम स्थान पर बड़गांव टीम द्वितीय स्थान पर और हाथखोज की टीम तृतीय पर विजयी रही। महामंत्री रवि सिंगौर ने मंच को संबोधित करते हुए विजेता टीम को बधाई दी साथ ही उपविजेता टीमों को बताया की हार और जीत एक सिक्के के दो पहलू है जो निरंतर चलते रहता है हार मे भी बहुत कुछ सिखाने को मिलता है जो जीत के लिए एक नया जूनून लेके आता है सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आयोजक परिवार व समस्त ग्रामवासी मोतीपुर का आभार किया। इस अवसर पर महामंत्री राजू साहू, पूर्व सरपंच मुकेश सिँगौर, दूजराम पटेल, भूपेश साहू, तुलेश सिंगौर, श्यामू सिंगौर, गंगू सिंगौर, बिरजू सिंगौर, घनश्याम कौशिक, विक्रम सिंगौर, जयकरण सिंगौर, परसोत्तम सिंगौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# पशुपालकों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना




पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के गौ पालन और गौ संवर्धन को प्रोत्साहित करने की मंशा को साकार करने के उद्देश्य से पशुधन विकास विभाग, विकासखंड कवर्धा द्वारा 15 प्रगतिशील पशुपालकों को शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा गया। यह भ्रमण दुर्ग, बस्तर और रायपुर संभाग के विभिन्न चयनित शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित किया जाएगा। जनपद पंचायत कवर्धा के कृषि सभापति पीयूष ठाकुर ने रविवार को इन प्रगतिशील पशुपालकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 7 दिवसीय इस शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन, चारागाह विकास, और पशुपालन में हुए नवीनतम नवाचारों की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा, उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त कर वे उत्कृष्ट पशुपालन की तकनीकों को अपनाने का ज्ञान अर्जित करेंगे।

# भाजपा सरकार के कुशासन के खिलाफ महिला कांग्रेस का मौन प्रदर्शन : सीमा अनंत



पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस महिला कांग्रेस के मार्गदर्शन में सत्तासीन भाजपा सरकार के एक वर्ष में कुशासन के खिलाफ जिला मुख्यालय कवर्धा कांग्रेस कार्यालय के सामने महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा अनंत के नेतृत्व में महिला कांग्रेस द्वारा मौन प्रदर्शन कर जन जागरण किया साथ ही भाजपा सरकार के एक साल के कार्यकाल के दौरान हुए जघन्य अपराध हत्या लूट बलात्कार रेप चोरी भ्रष्टाचार सट्टा शराब खोरी जैसे घटनाओं को बाकायदा तख्तियों के माध्यम से प्रदर्शन किया गया सत्तासीन भाजपा सरकार अपने वादों से मुकर चुकी है जनता इस बात को समझ रही है चाहे वह धान समर्थन मूल्य का एक मुश्त भुगतान हो या हर हाथ को रोज़गार की बात हो या शिक्षक भर्ती का वादा हो सरकार सभी मामलो में नाकाम रही है अंधाधुंध जंगलों की कटाई हो या गाँव गली कूचों दुकानों में या फिर होटल रेस्टोरेंट में शराब परोसने की बात हो जानता को समझ आ गया है कि भाजपा की कथनी और करनी में कितना अंतर है जिसे गौर करने की जरूरत है उक्त अवसर पर शहर अध्यक्ष वर्षा रानी कु, पद्मिनी शर्मा, शारदा चंद्रवंशी, शारदा सोनवानी, गंगोत्री योगी वतन मेरावी, मंजू बंगाली, कांति शेंदरे, रजनी गायकवाड़ प्रभा राय, सीमा मानिकपुरी, पार्वती सोनी, बेला शर्मा, चंद्रकला, मधु, रही सहित महिला कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे!

# आधे अधूरे पॉथवे को देख भड़की महापौर, आयुक्त के साथ की मॉर्निंग विजिट

पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com



आयुक्त मोनिका वर्मा महापौर के वार्ड की भ्रमण की। इस दौरान वार्ड-9 में वन विभाग द्वारा तैयार कृष्ण कुंज को भी देखा। निगम द्वारा यहां पॉथवे निर्माण किया जा रहा है। आधे अधूरे पॉथवे निर्माण कार्य को देख महापौर शशि सिन्हा ने एजेंसी को कार्य ठीक से करने फटकार लगाई। दरअसल पॉथवे बनाने निर्माण एजेंसी ने पेवर ब्लाक को केवल जमाकर रख छोड़ा था। लॉक नहीं करने से पेवर ब्लॉक उखड़ने लगा है। इसे देख महापौर शशि सिन्हा ने आयुक्त की मौजुदगी में पेवर ब्लॉक को लॉक करने निर्देश दिए। साथ ही कार्य को ठीक व मानक अनुरूप करने कहा। आयुक्त ने वार्ड 8 और 10 का भी भ्रमण की। इस दौरान पार्षद चन्द्रभान सिंह ठाकुर, जमुना ठाकुर, वार्ड के प्रभारी उपअभियंता गोपाल सिन्हा, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी बृजेन्द्र परिहार आदि उपस्थित थे।

**बीएसपी के स्वास्थ्य विभाग को किया तलब**-निर्देश के बाद भी वार्ड 10 के जी.वी.पी. प्वाइंट खत्म नहीं होने पर आयुक्त मोनिका वर्मा ने भिलाई इस्पात संयंत्र के जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को तलब किया। आयुक्त ने बीएसपी मार्केट में बनने वाले मार्डन टॉयलेट निर्माण में होने वाले विलंब को लेकर पार्षद से स्थल चयन प्रक्रिया शीघ्र करने का अनुरोध किया। मॉर्निंग विजिट में आयुक्त ने दशहरा मैदान का निरीक्षण करते हुए प्रकाश व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

**उद्यानों के रखरखाव पर की चर्चा**-वार्ड 8 के पार्षद चन्द्रभान सिंह ठाकुर ने बारिश में होने वाली जल भराव की स्थिति से निपटने प्लान तैयार करने आयुक्त से अनुरोध किया। उन्होंने उजाड़ पड़े उद्यानों और खेल मैदान को संवारने प्रस्ताव तैयार करने पर जोर भी दिया। धर्मस्व के तहत मंदिर संधारण करने समेत मंच शेड के लिए और धूल मुक्त करने सड़क किनारे पेवर ब्लॉक लगाने कार्य आरंभ कराने की मांग की ।

**युवा जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश राजपूत ने कहा कि हमारे टीम जल्द से जल्द इस पुनीत कार्य को संपन्न करेगी**

# छत्तीसगढ़ लोधी समाज का जाति जनगणना सर्वे शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ पाटन
www.dailypioneer.com



प्रदेश लोधी समाज के द्वारा 15 दिसंबर को मुंगेली जिला के सर्किट रेस्ट हाउस पथरिया में लोधी समाज का जातिगत जनगणना सर्वे का शुभारंभ किया गया। जिसमें प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, सर्किल, पंच प्रधान सहित बड़े संख्या में सामाजिकगण शामिल हुए। घनश्याम वर्मा प्रदेश अध्यक्ष लोधी समाज ने कहा कि यह प्रदेश स्तर की जातिगत जनगणना प्रथम बार होगी। जिससे विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले हमारे सभी समाजिक बंधुजनों को लाभ मिलेगा। खास तौर से युवाओं के व्यवसाय, नौकरी एवं वैवाहिक आदि क्षेत्र में लाभ होगा। प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने कहा कि हम प्रदेश के लोधी समाज के लोगों का जनगणना इसलिए कर रहे हैं, ताकि सभी प्रकार की जानकारी हमारे पास उपलब्ध रहे। प्रदेश अंकेक्षक विमल पटेल ने कहा कि यह दूरगामी परिणाम होगा। सुरेश सिंगौर युवा प्रदेश अध्यक्ष लोधी समाज छत्तीसगढ़ ने कहा की हम सभी साथियों युवा जिला अध्यक्ष सहित पूरे टीम ने हमारे प्रदेश लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा व संगठन के द्वारा दिए गए कार्य को दृढ़ संकल्पित होकर छत्तीसगढ़ में जनगणना के कार्य को समय सीमा में पूर्ण करना है। क्योंकि यह जनगणना हमारे समाज के लिए एक प्रदेश लोधी समाज छत्तीसगढ़ के लिए अच्छे दिशा और दशा तय करेंगे। जिलाध्यक्ष अधीन जंघेल द्वारा बताया गया कि हमारे रायपुर जिला में 7 सर्किल हैं, सभी मेरे जिला के सर्किल पदाधिकारी समय सीमा में पूर्ण करने के लिए संकल्पित है। इस अवसर पर सभी सामाजिक बंधु जनों को प्रदेश पदाधिकारी द्वारा उल्लेखनीय कार्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बिलासपुर जिला अध्यक्ष यमुना प्रसाद वर्मा ने कहा कि हमारे जिले का जनगणना कार्य सबसे पहले होगा। प्रदेश सचिव कृष्ण कुमार सिंगौर ने कहा कि प्रदेश के लोधी बाहुल्य जिले को छोड़कर कम संख्या में निवासरत जिला जैसे महासमुंद, जगदलपुर, बलौदा बाजार व अन्य स्थानों में रहने वाले सामाजिक सदस्य को भी इस जनगणना सर्वे में शामिल होना है। सिंगौर ने निर्धारित प्रपत्र 1,2 एवं 3 पर व्याख्यान दिया तथा उपस्थित सदस्यों व्दारा पूछे गये प्रश्नों व संशय को दूर किया तथा किसी भी प्रकार के समस्या हो तो सर्वे कार्य हेतु बनाये गये, प्रभारी पदाधिकारियों व सदस्यों से संपर्क करने कहा। युवा जिला अध्यक्ष बेमेतरा मुकछूंद वर्मा ने कहा की प्रदेश द्वारा दी गई समयावधि में जनगणना सर्वे का कार्य निश्चित रूप से करेंगे पूर्ण करेंगे। युवा जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश राजपूत ने कहा कि हमारे टीम जल्द से जल्द इस पुनीत कार्य को संपन्न करेगी। कार्यक्रम के अंत में प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा द्वारा उपस्थित समाचार संकलन पत्रकारों से प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। बैठक का संचालन विश्वनाथ द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का आभार प्रेम प्रकाश राजपूत युवा जिला अध्यक्ष मुंगेली व्दारा किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से जागेश्वरी वर्मा जिला पंचायत सदस्य, शीतल वर्मा जिला अध्यक्ष मुंगेली, ओमप्रकाश वर्मा, राजेंद्र राजपूत युवा प्रदेश उपाध्यक्ष लोधी समाज छत्तीसगढ़ मदन वर्मा, भूपेंद्र राजपूत के साथ-साथ लोधी समाज के पदाधिकारी और सक्रिय सामाजिक गण उपस्थित रहे। सामाजिक जनगणना सर्वे सर्वप्रथम सर्वेक्षण कर्ता नान्हु लोधी ग्राम डाका चाका जिला मुंगेली द्वारा जोड़ा गया जिसमें रामगोपाल सिंह लोधी के परिवार से शुभारंभ हुआ सर्वे सूची में हिन्दी बाई, चंद्रभान सिंह, बार कांति लोधी, निखिल सिंह लोधी, धारणा लोधी इन सभी का छत्तीसगढ़ लोधी समाज जनगणना सर्वे सूची में नाम दर्ज हुआ पुनः प्रदेश के समस्त सामाजिक बंधु जनों को उल्लेखनीय पहल के लिए बधाई शुभकामनाएं।

# पचरी में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



**झलप।** पचरी में प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी स्व. देवेंद्र डडसेना स्मृति और शिव शक्ति दल पचरी के तत्वावधान में आयोजित किया गया। एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का रविवार को मिडिल स्कूल कबड्डी मैदान में समापन हुआ। समापन अवसर पर विशेष अतिथि शम्मी सलूजा, सीटू सलुजा (उपसरपंच झलप), अध्यक्षता हेमलता डडसेना ( सरपंच पचरी ) , संरक्षक देवकुमार टंडन ( पूर्व सरपंच पचरी ) , किशन कोसारिया (सरपंच झलप), अतुल मौजूद थे। प्रथम ईनाम 5001रु. द्वितीय ईनाम 4001रु. तृतीय ईनाम 3001रु., चतुर्थ ईनाम 2001 विजेता टीमों को देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हेमलाला सोनवानी, प्रदीप दिवान, होमेश्वर साहू, अर्जुन निषाद, मिथलेश डडसेना, मोती राम यादव, राजेश लहरे, परमानंद ध्रुव, सुकालु यादव, विजय मारकंडे, आदि उपस्थित थे।

## संपादकीय

### एक देश एक चुनाव परिवर्तनकारी कदम

'एक देश एक चुनाव' पहल से भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन आ सकता है। भारत के राजनीतिक विमर्श में 'एक देश एक चुनाव' काफी बहस का विषय है। 12 दिसंबर, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय कैबिनेट ने इसके विधायी प्रारूप को मंजूरी दे दी जिससे लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एकसाथ तथा उसके 100 दिन के भीतर स्थानीय निकाय चुनावों की संभावना पैदा हो गई है। इस प्रस्ताव का उद्देश्य भारतीय चुनाव प्रक्रिया को सहज बनाना, बार-बार चुनाव के कारण प्रशासनिक और आर्थिक बोझ घटाना तथा प्रशासन में सुधार करना है। 'एक देश एक चुनाव' पहल से लोकसभा, राज्य विधानसभाओं तथा नगर निगमों व पंचायतों के चुनाव कार्यक्रम में परिवर्तन होगा। प्रस्तावित विधायन को संसद के वर्तमान शीत सत्र में पेश करने की योजना है। इससे सरकार का परिवर्तनकारी सुधारों पर राष्ट्रव्यापी विचार-विमर्श का इरादा स्पष्ट होता है। इस विधायी प्रारूप में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की 11 संस्तुतियां शामिल हैं। इन संस्तुतियों का उद्देश्य वर्तमान बिखरे हुए चुनाव कार्यक्रम के कारण आने वाली बाधाओं को संबोधित करना है जिससे आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक संसाधनों पर दबाव पड़ता है। एक प्रमुख सुझाव में लोकसभा और विधानसभा चुनावों का पहले चरण में समेकन करना और बाद में इसके 100 दिन के भीतर नगरपालिकाओं व पंचायतों के चुनाव कराना



है। सहज क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए एक प्रतिबद्ध क्रियान्वयन समूह सुधारों की निगरानी करेगा।

प्रस्तावित एकसाथ चुनावों में सहायता के लिए एकीकृत मतदाता सूचियों की जरूरत होगी जिसके लिए अनुच्छेद 324ए व 325 में संशोधन करने होंगे। चुनावों में काफी वित्तीय संसाधन खर्च होते हैं और एकसाथ चुनाव कराने से सुरक्षा, लाजिस्टिक्स तथा प्रशासनिक खर्चों पर आने वाला खर्च कम होगा। बार-बार चुनावों के कारण लंबे समय तक आदर्श आचार संहिता लागू रहती है जिससे विकास गतिविधियों में बाधा आती है। एकसाथ चुनाव से इसे न्यूनतम किया जा सकता है। लेकिन इस महत्वाकांक्षी सुधार के क्रियान्वयन में काफी लाजिस्टिक व संवैधानिक चुनौतियां हैं। चुनावों को एकसाथ लाने के लिए संविधान के अनेक अनुच्छेदों में संशोधन करना होगा जिनमें अनुच्छेद 83, 85, 172, 174 व 356 शामिल हैं। इनको राज्य विधानसभाओं से सहमति दिलानी होगी। विविधतापूर्ण क्षेत्रीय हितों को देखते हुए पार्टियों के बीच राजनीतिक सहमति तैयार करना एक और महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग को संसाधनों को जुटाना होगा जिसमें अतिरिक्त ईवीएम व वीवीपैट तथा चुनावों की तैयारी के लिए कर्मचारी व राष्ट्रव्यापी ढांचागत संरचना शामिल है। इसके साथ ही एकसाथ चुनाव से राष्ट्रीय विमर्श पर स्थानीय मुद्दों का प्रभुत्व घट सकता है जिससे क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व प्रभावित हो सकता है। थोड़े ही समय में राष्ट्रव्यापी चुनावों का समन्वय अनेक लाजिस्टिक चुनौतियां सामने लाता है। इसके साथ ही विधायिकाओं के बीच में ही भंग होने पर प्रशासनिक कमी दूर करने के प्रयास करने होंगे जिससे नीतिगत विकलांगता पैदा हो सकती है। हालांकि, 'एक देश एक चुनाव' प्रस्ताव क्षमता एवं खर्च के दृष्टिकोण से प्रभावशाली है, पर इसके क्रियान्वयन के लिए संवैधानिक, लाजिस्टिक व राजनीतिक जटिलताओं पर बहुत सतर्कता से ध्यान देना होगा।

# बांग्लादेश में पंथनिरपेक्षता पर संकट

अतिवादी विचारधाराओं की बढ़ती आक्रामकता तथा विरोध को कुचलने के कारण बांग्लादेश के एक कट्टरपंथी इस्लामवादी देश बनने का खतरा पैदा हो गया है।



**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक, दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



यह लगातार स्पष्ट होता जा रहा है कि भारत तथा सभी पंथनिरपेक्ष व लोकतांत्रिक लोगों और संगठनों की कट्टर दुश्मन शक्तियां, यानी कट्टरपंथी इस्लामवादी संगठन बांग्लादेश में हावी होते जा रहे हैं। अंतरिम सरकार के नेतृत्व में ऐसे तत्वों का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है। इसका एक स्पष्ट संकेत अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लेखक, पत्रकार, मानवाधिकार कार्यकर्ता तथा लोकतंत्र व पंथनिरपेक्षता के अडिग समर्थक शहरयार कबीर का अथक उत्पीड़न है। उन्होंने अथक रूप से 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान हुए युद्ध-अपराधों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया। वे भयानक स्थितियों में कासिमपुर जेल में बंद हैं, जबकि उनको एमनेस्टी इंटरनेशनल द्वारा 'प्रिजनर आफ कांसेशनेस' घोषित किया गया है तथा एक मजिस्ट्रेट ने उनको प्रथम श्रेणी देने का आदेश दिया है जिसमें एक अलग कमरा तथा अन्य सुविधायें शामिल हैं।

इसका कारण यह है कि कासिमपुर जेल पर क्षेत्राधिकार वाले गाजीपुर जिले के डिप्टी कमिश्नर ने इस आदेश पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, जबकि उनके हस्ताक्षर के बाद ही यह आदेश प्रभावी होगा। खबरों के अनुसार उनके द्वारा इस पर जल्दी हस्ताक्षर की संभावनायें भी नहीं दिख रही हैं। इसके परिणामस्वरूप 74 वर्षीय कबीर एक साधारण जेल में बंद हैं जिसकी फर्श जाड़े में बहुत ठंडी होती है जिससे उनका स्वास्थ्य लगातार बिगड़ रहा है। इसके पहले 20 अक्टूबर को ढाका के चीफ मैट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में रिमांड सुनवाई के दौरान कबीर ने शिकायत की थी कि उनको जेल में उपयुक्त चिकित्सकीय सहायता नहीं मिल रही है।

2 नवंबर को उनको शहीद ताजुद्दीन अहमद मेडिकल कालेज अस्पताल जांच के लिए ले जाया गया था। उप-निदेशक के अनुसार वे वृद्धावस्था संबंधी अनेक विकृतियों के शिकार थे और उनकी स्थति गंभीर थी। कबीर को उच्च रक्तचाप व मधुमेह है तथा उनकी किडनी में पथरियां हैं। उनके मल से रक्त निकल रहा है। लेकिन डिप्टी कमिश्नर की भूमिका को देखते हुए यह समझना कठिन है कि नोबेल पुरस्कार विजेता मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार उनको प्रथम श्रेणी का दर्जा क्यों नहीं दे रही है। यह स्थिति इस तथ्य के बावजूद जारी है कि उनकी रिहाई के लिए व्यापक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय मांग की गई है। स्पष्ट रूप से इसका कारण हिफाजते इस्लाम और बांग्लादेश जमाते इस्लामी जैसे संगठनों का दबाव है।

कबीर के अभियोजन में हिफाजत का हाथ इस तथ्य से स्पष्ट है कि उनको जेल में बंद करने के लिए लगे अनेक आरोपों में बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय क्राइम ट्राइब्यूनल द्वारा 20 अगस्त, 2024 को हिफाजत के संयुक्त सचिव मुफ्ती हारून इज़हार चौधरी द्वारा लगाया आरोप शामिल है। इसके अनुसार शेख हसीना तथा अन्य 23 आरोपियों के साथ उन पर मानवता के खिलाफ आरोप लगाया गया है जिसमें हिफाजत के समर्थकों और सुरक्षा बलों के सदस्यों तथा अवामी लीग एक्टिविस्टों के बीच ढाका रैली में 5 मई, 2013 को हिंसक झड़पों में संलिप्तता शामिल है। यह रैली 13 सूत्रीय मांग पत्र लागू कराने के लिए हुई थी जिसमें इस्लाम के अनुसार कठोर 'ड्रेस कोड' लागू करने तथा मूर्तियों, मोमबत्ती लेकर प्रदर्शन करने एवं पुरुषों व महिलाओं के एकसाथ एकत्र होने पर प्रतिबंध लगाने की मांगे शामिल थीं। इसके साथ ही अवामी लीग सरकार की महिला विकास नीति समाप्त करने की पैरवी की गई थी। इसके अलावा अहमदियों को 'गैर-मुस्लिम' घोषित करने की मांग भी इनमें शामिल थी। हिफाजत के इस चार्टर में कट्टरपंथी विचारधारा शामिल थी जिसका गठन 2010 में अवामी लीग सरकार के महिला विकास कार्यक्रम का विरोध करने के लिए हुआ था। इसमें संपत्ति में महिलाओं को समान अधिकार देने का वादा किया गया था।

मुख्यत: सुन्नी धर्मगुरुओं तथा 19,199 कौमी मदरसों के नेटवर्क व उसके छात्रों पर नियंत्रण करने वाले इस बांग्लादेशी संगठन की सड़कों पर लोगों को उतारने की बहुत बड़ी क्षमता है। उसके गंभीर भारत-विरोधी दृष्टिकोण का स्पष्टीकरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ढाका यात्रा के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शनों से हुआ था। मोदी की यात्रा बांग्लादेश स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर 26 मार्च, 2021 को हुई थी। इन हिंसक विरोध प्रदर्शनों में 13 लोग मारे गए थे तथा सुरक्षा बलों और अवामी लीग समर्थकों से हुई झड़पों में अनेक लोग घायल हुए थे। हालांकि, अंतरिम सरकार के सारे निर्णय हिफाजत से संचालित नहीं हैं, पर निश्चित रूप से इसका व्यापक प्रभाव है और इसकी छोटी बड़ी सभी मांगे पूरी की जाती हैं। मुक्तिधाम आश्रम तथा लालोन अकादमी, काशीपुर द्वारा आयोजित 'महती साधुसंग एवं लालोन मेला' का आयोजन 22 नवंबर, 2024 को होना था। इस मेले का संबंध नृत्य, गान तथा भोजन से है।

पूरे बांग्लादेश के बाउल गायक और भक्त इस अवसर पर एकत्र होते हैं। लेकिन जिला प्रशासन ने यह आयोजन रद्द कर दिया। 23 नवंबर, 2024 को 'द डेली स्टार' में प्रकाशित एक रिपोर्ट में आश्रम और अकादमी के संस्थापक फकीर शाह जलाल के हवाले से बताया गया था कि 'सभी व्यवस्थायें की गई थीं, लेकिन प्रशासन ने आयोजन की अनुमति नहीं दी। इसके पीछे मुस्लिम समुदाय के कुछ सदस्यों की आपत्ति बताई गई थी। हालांकि, हमने बिना लाउडस्पीकरों के भीतर आयोजन की अनुमति भी मांगी, पर इससे इनकार कर दिया गया।'

आध्यात्मिक नेता, दार्शनिक, रहस्यवादी कवि तथा समाज सुधारक लालोन ने एक 'वेल्टनश्चुंग' की रचना की थी जिसमें भक्ति संप्रदाय व सूफीवाद का मिश्रण था। इसमें जाति, वर्ग, नस्ल के सभी भेदों को अस्वीकार कर वैचारिक टकरावों व नस्लवाद का विरोध किया गया था। आश्चर्य नहीं कि ऐसा व्यक्ति कट्टरपंथी इस्लामवादियों को सहन नहीं हो सकता है।

द डेली स्टार की उपरोक्त रिपोर्ट में कहा गया था कि हिफाजते इस्लाम नेता मौलाना अब्दुल औवाल ने एक भाषण में प्रशासन को चेतावनी दी थी कि वह यह आयोजन रोके नहीं तो प्रदर्शनकारी इसका विरोध करेंगे। बांग्लादेश में अन्य इस्लामवादी संगठन भी अपनी शक्ति दिखा रहे हैं। ढाका में 25 नवंबर को जिला कौमी मदरसा परिषद के एक सम्मेलन में बोलते हुए बांग्लादेश खिलाफ्त मजलिस के महासचिव मामुनुल हक ने बांग्लादेश में इस्लामी क्रांति की दिशा में 5 अगस्त को महत्वपूर्ण कदम बताया। उसने कहा कि यह देश इस्लामवादी परिवर्तन की ओर बढ़ रहा है। आश्चर्य नहीं कि अहमदियों और सूफियों पर हमले हो रहे हैं। 6 अगस्त को अहमदियों की अनेक मस्जिदों पर हमले हुए।

29 अगस्त को शेरपुर जिले में बाबा पगला अली की सूफी दरगाह पर हिंसक हमला हुआ। इसी प्रकार हिंसक भीड़ ने 3 सितंबर को सिराजगंज जिले में इस्माइल पगला की दरगाह को लूट कर वहां तोड़फोड़ की। इस बीच इस्लामवादी आतंकी संगठन-अंसारुल इस्लाम व हिज्बुतहरीर लगातार सक्रिय हैं। तहरीर पर प्रतिबंध के बावजूद उसके समर्थकों ने 9 अगस्त को ढाका में रैली की तथा बांग्लादेश में इस्लामी खलीफ्त स्थापित करने की मांग की। इसके साथ ही जुलाई, 2026 में होली आर्टीसन बेकरी में आतंकवादियों के मुकाबले में शहीद हुए दो पुलिस अधिकारियों की मूर्तियां तोड़ डाली गई।

अंतरिम सरकार का अंसारुल इस्लाम व तहरीर के प्रति दृष्टिकोण बहुत नरम है। अंसार अल इस्लाम के मुखिया को 26 अगस्त को जमानत पर रिहा कर दिया गया। इसके परिणामस्वरूप हिफाजत और जमात के हौसले बुलंद हैं तथा पंथनिरपेक्षता के पैरोकार शहरयार कबीर जैसे लोगों को जेल में बंद किया गया है। इसके साथ ही सांप्रदायिकता का विरोध करने वाले संगठन रक्षात्मक मुद्रा में हैं और खतरों का सामना कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि बांग्लादेश धीरे-धीरे न केवल कट्टरपंथी इस्लामवादी देश, बल्कि आतंकवाद के निर्यातक देश की ओर आगे बढ़ रहा है।

# परिवर्तन के साथ सामंजस्य

“जबकि परिवर्तन को अक्सर प्रगति के स्रोत के रूप में देखा जाता है, इसकी निरंतर गति कई लोगों को मानसिक रूप से थका सकती है।”

**ब्रह्मकुमार निकुंज**
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)



चाहे हम इसे पसंद करें या नहीं, हमें लगातार बदलते समय, बदलते विचारों और बदलते भविष्य के साथ तालमेल बिठाना होगा। आज, परिवर्तन इतना तेज़ हो गया है कि कुछ लोगों, विशेष रूप से पेशेवरों को उभरते रुझानों पर लगातार नज़र रखनी पड़ती है और परिवर्तन के साथ तालमेल रखने के लिए हमेशा तैयार रहना पड़ता है। लंबे समय तक लगातार खुद को हाई गियर में रखने के परिणामस्वरूप, कई लोगों को लगता है कि तेज़ बदलाव उनकी नसों को हिला देते हैं और शारीरिक और मानसिक रूप से इतने थकाऊ और बोझिल हो जाते हैं कि जीवन आनंद से ज़्यादा एक समस्या बन जाता है। हालाँकि, हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि हर बदलाव एक अभिशाप है।

नहीं! आम धारणा के विपरीत, परिवर्तन आम तौर पर जीवन की एक स्वागत योग्य विशेषता है, और स्थिरता को हमेशा उबाऊ माना जाता है। यह परिवर्तन की तेज़ी और उच्च आवृत्ति, या परिवर्तन की विशालता है, जो जिम्मेदार लोगों को आवश्यक शारीरिक और मानसिक आराम से वंचित करती है, उन्हें हमेशा चलते रहने और चिंता में रहने के लिए मजबूर करती है।

लेकिन सवाल यह उठता है कि तेज़ और लगातार बढ़ते बदलाव की इस स्थिति का कारण क्या है? अवलोकन और विश्लेषण हमें बताते हैं कि यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी ही है जो इस दुर्दशा के लिए जिम्मेदार है, क्योंकि वे व्यक्तियों को अत्यधिक प्रतिस्पर्धी दुनिया में तेजी से जीवन जीने के लिए मजबूर करते हैं।

वे लोगों को मशीनों की तरह चलने के लिए मजबूर करते हैं, जो दिन-प्रतिदिन तेजी से आगे बढ़ रही हैं और



डिजाइन और कार्यों में बहुत अधिक बदल रही हैं। लेकिन अगर हम समस्या की गहराई में जाएं, तो हम पाएंगे कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी वास्तव में मानव जाति की सेवा में हैं; इसलिए, यह मनुष्य ही है जो तय करता है कि उसे किस तरह के गैजेट और सामान की आवश्यकता है और किस गति से - इसके विपरीत नहीं। विज्ञान का विकास मनुष्य की जरूरतों, इच्छाओं, मानसिकता, उद्देश्यों, भावनाओं, मूल्यों के सेट, विवेक और बाहरी प्रभावों पर आधारित है, जिसमें मीडिया के संपर्क और समाज की स्वीकृति, प्रशंसा या उसके कार्यों की आलोचना शामिल है। इसलिए, ये कारक प्रमुख प्रेरक शक्तियाँ हैं जो नए आविष्कारों या नए रूपों और डिजाइनों को जन्म देती हैं। ये कारक ही हैं जो यह निर्धारित करते हैं कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी का उद्देश्य और उपयोग किस लिए किया जाना चाहिए। ये ही नए रुझान निर्धारित करते हैं। ये ही पुराने को अस्वीकार करने और नए में बदलाव की ओर ले जाते हैं। इसलिए, परिवर्तन की तीव्रता, काफी हद तक, पुरानी व्यवस्था, मूल्यों के पुराने सेट, प्रचलित फैशन और रीति-रिवाजों और मौजूदा मानदंडों और विश्वासों की अस्वीकृति की तीव्रता पर निर्भर करती है। यह, बदले में, इस बात पर निर्भर करता है कि कोई व्यक्ति वर्तमान वस्तुओं, सुविधाओं, सेवाओं, प्रथाओं, मानदंडों, स्थिति-प्रतीकों और सुरक्षा आवश्यकताओं से कितनी जल्दी असंतुष्ट या असंतुष्ट होता है।

यह असंतोष या असंतोष, कुछ मामलों में, उचित हो सकता है और ज्यादातर मामलों में, गलत मूल्यों और गलत दृष्टिकोणों से उत्पन्न मनुष्य की आंतरिक स्थिरता और आंतरिक खुशी की कमी के कारण हो सकता है। वर्तमान स्थिति का गहन विश्लेषण हमें इस निष्कर्ष पर ले जाएगा कि वर्तमान स्थिति, जो हमें या तो तनाव या अवसाद या अल्पकालिक आनंद की ओर ले जा रही है, हमारे अपने उपभोक्तावादी रवैये के कारण है, जो मुख्य रूप से कामुक सुख या आराम में मनुष्य की लिप्तता को पूरा करने के लिए तैयार है।

इस कठोर रवैये और गलत जीवनशैली में बदलाव लाने के लिए, हमें आध्यात्मिक मूल्यों के माध्यम से आध्यात्मिक दृष्टिकोण अपनाकर अपने मन को सुधारने की आवश्यकता है, या जिसे आध्यात्मिकता कहा जाता है, जो विचारों और जीवन जीने के तरीके का बदलाव है। आज, जो लोग आध्यात्मिकता के माध्यम से अपनी मानसिकता, मूल्य प्रणाली और जीवनशैली में बदलाव लाए बिना बदलाव का सामना करने की कोशिश कर रहे हैं, वे वास्तव में बुद्धिमानों के संदेश से चूक गए हैं। इसलिए, यह सही समय है कि हम एक समाज के रूप में महसूस करें कि आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाकर जीवनशैली की सादगी ही वर्तमान अनिश्चित स्थिति का उपाय होगी जो हमें जोश और उत्साह के साथ तेजी से बदलाव का प्रबंधन करने में सक्षम बनाएगी।

## आप की बात

### विदेशों में शिक्षा

**महोदय,** विदेश में पढ़ाई करने जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या बढ़ रही है, जो एक गंभीर समस्या है। यह प्रतिभा पलायन न केवल हमारे देश की प्रतिभा को खोने का कारण बनता है, बल्कि यह हमारे देश के विकास को भी प्रभावित करता है। प्रतिभा पलायन के कारणों में प्रमुख है उच्च शिक्षा में जातिगत आरक्षण, उसके बाद नौकरी में उनसे कम नंबर लाने वाले को प्राथमिकता! भारत में शिक्षा की गुणवत्ता विदेशों की तुलना में कम है। विदेशी विश्वविद्यालयों में बेहतर शिक्षा और अनुसंधान के अवसर होते हैं। वहां खर्च भी कम होता है। आरक्षण नहीं होने के कारण विदेशों में रोजगार के अवसर अधिक होते हैं और वेतन भी अधिक होता है। यह भारतीय छात्रों को विदेशों में पढ़ाई करने और वहीं रोजगार करने के लिए प्रेरित करता है। विदेशी देशों की वीजा नीतियाँ अक्सर भारतीय छात्रों के लिए आकर्षक होती हैं। कई देशों में छात्र वीजा पर पढ़ाई करने के बाद रोजगार के अवसर भी मिलते हैं। विदेशों में पढ़ाई करने के लिए आर्थिक सहायता भी एक महत्वपूर्ण कारण है। कई छात्र विदेशी विश्वविद्यालयों में छात्रवृत्ति और अनुदान प्राप्त करने के लिए आवेदन करते हैं। प्रतिभा पलायन को रोकने के लिए भारत में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए सरकार और निजी क्षेत्र को एकसाथ मिलकर काम करना होगा।

**- सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### ढाई साल के मंत्री

**ढाई** साल के मंत्री, दिन चले अढ़ाई कोस वाली कहावत चरतार्थ करते हुए बरसों से मेहनत करके इस बार चुनाव जीतकर महाराष्ट्र की विधान सभा की शोभा बढ़ाने वाले महायुति के सदस्य केवल ढाई साल ही मंत्री बने रहेंगे. उसके बाद क्या होगा ये अभी किसी को भी नही मालूम. पर तय है कि वे ढाई साल तक अपने पद पर रहेंगे. ऐसा संकेत ही नहीं बल्कि साफ़-साफ़ कह दिया है एनसीपी (अजीत) के प्रमुख व उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने मंत्रिमंडल गठन से पूर्व ही. शनि के ढैय्या सरीखा चलने वाला मंत्रिमंडल ढाई साल बाद फिर ढाई साल के लिए कैसा होगा ये तो पता नहीं किन्तु भारी फेरबदल भी हो सकता है. मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों मसलन (भाजपा (फडणवीस), एनसीपी(अजीत), शिवसेना (शिंदे) के बीच कुछ तो राज रहा होगा तभी ढाई साल का यक्ष प्रश्न उत्पन्न हुआ है. खैर जो भी हो ये उनकी अपनी राय, पार्टी व सरकार के बीच तैयार गाईडलाईन होगी तभी ढाई साल में कोई बढ़े परिवर्तन के संकेत पहले से ही महाराष्ट्र की जनता के सामने ही नहीं बल्कि राष्ट्र के सामने भी आ गए हैं. वैसे ये ढाई साल वाला फार्मूला पूरा राष्ट्र 1977 की जनता पार्टी में भी देख चुका है जहां सरकार में शामिल अनेक घटकों में पूरे ढाई साल खींचतान बनी रही थी। वैसे वो बात अलग थी जिसमें अनेक घटक दल सरकार में थे।

**- शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### अंगदान का महत्व

**विगत** वर्षों से देश दुनियां में अंगदान का चलन अग्रसर हो रहा है। और हमारे देश प्रदेश में भी अंगदान के लिए लोगों में जागरुकता और इसके महत्व की झलक कहीं न कहीं देखने को मिल जाती हैं। दान शब्द ही अपने आप में मानव जीवन को पुण्य लाभ और ईश्वर के सानिध्य का आभास कराता है। और यह पुण्य लाभ , पुण्य कार्य सेवाभाव जन जन तक स्थान बना रहा। अक्सर दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति दम तोड़ देते हैं , या फिर कोई दानदाता जीवित अवस्था में अंगदान के नेक कार्य से प्रेरित होकर अपना देहदान , नेत्र दान , लीवर और अन्य अंगों के दान की घोषणा करता है। फिर परिजन संबंधित व्यक्ति की भावनाओ को सार्थक रुप देते हैं। सूझाव के तौर पर अंगदानी के परिजनों को मंचो पर सुसोभित और सम्मानित करना चाहिए। अंगदानी के परिजन या नामिनी व्यक्ति किसी को भी सरकारी नौकरी या सकारात्मक सोच रखकर सहयोग करना चाहिए। पीड़ित और दुखी परिवार और परिजनों का मनोबल मजबूत बनाने के लिए समाज और कल्याण कारी योजनाओं का लाभ , इत्यादि मिलना चाहिए। क्योंकि इसने कोई दो राय नहीं अंगदान देना दिल वालो का ही काम होता है। और सेवाभाव का संकल्प और जस्बे जुनून वालो का ही काम होता हे। इस तरह की कारगर पहल से समाज में नई जन जागृति आएगी।

**- योगेश जोशी**, बड़वाह

### कब तक बंटेगी रेवड़ी?

**देश** 2 सालों से चुनाव का सामना कर रहा है। 2023 में विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं में चुनाव के बाद 2024 लोकसभा के नाम रहा। पिछले महीने महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव हुए हैं। आने वाले समय में दिल्ली में चुनावी महासमर होगा। इसके लिए राजनीतिक दलों ने मतदाताओं को लुभाने के लिए अभी से दांव खेलना शुरू कर दिए हैं। आप ने महिलाओं के लिए नगदी योजना का ऐलान किया है।सत्ता की होड़ में भाजपा के साथ ही कांग्रेस भी लगी हुई है। ऐसे में आगे क्या परिदृश्य नजर आएगा सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। सब जानते है कि रेवड़ी सरेआम मतों की खरीद फरोख्त है और माननीय न्यायालय ने भी इसको लेकर नाराजगी जाहिर की थी।ऐसे में राजनैतिक दलों को चुनाव आयोग ही रोक सकता है। एक आदर्श चुनावी आचार संहिता बनाई जाए जो समान रूप से सभी दलों पर राज लागू हो। इसमें मतदाताओं को लालच, आश्वासन और सुविधा देने की मंशा चुनावी अपराध हो और जिसका उन्हें उचित दंड मिले। आयोग की सख्ती ही रेवड़ी बांटने की संस्कृति के विस्तार को रोक सकती है।

**- अमृतलाल मारू**, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# अस्मिता रग्बी लीग मैच प्रतियोगिता में बेमेतरा दूसरे स्थान पर

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

खेलो इंडिया द्वारा आयोजित अस्मिता रग्बी लीग जो की रायपुर के कोंटा स्टेडियम मे आयोजित थी, जिसमे बेमेतरा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा कि जूनियर बालिकाओ ने जहाँ कोरबा को 10/5 बालोद को 5/0 बस्तर को 15 / 0 और धमतरी को 10 / 0 , रायपुर को 5/0 से हराकर इस रग्बी प्रतियोगिता मे अपने शानदार प्रदर्शन की करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। एक बार फिर यहाँ खिलाडियों ने यह साबित कर दिया है की पढाई के साथ साथ खेल कुद का जीवन मे विशेष महत्व है। खिलाड़ियों ने अपने गांव हसदा अपने स्कूल तथा पूरे बेमेतरा जिले का नाम और अपने परिवार का नाम रोशन किया है साथ ही खिलाडियों को खेलों इंडिया द्वारा तीस हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। जूनियर बालिका टीम इस प्रकार थी -

दुलेश्वरी, साक्षी, आरती, गोमती,भानु, पार्वती, तारनी, होमेस्वरी , काजल, रोशनी । ठीक इसी प्रकार सब जूनियर बलिकाओ ने अस्मिता रग्बी लीग मे जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए खिलाडियों के शानदार प्रदर्शन की बदोलत बिलासपुर को 15/0 और बस्तर को 10/0 तथा सरगुजा को 15/0 से हराकर इस प्रतियोगिता मे तीसरा स्थान हासिल किया। साथ ही इन विजयी खिलाडियों को खेलों इंडिया द्वारा बीस हजार का चेक प्रदान किया गया। इन सभी खिलाडियों ने एक बार फिर अपने दमदार प्रदर्शन की बदोलत बेमेतरा जिले का नाम रोशन किया। सब-जूनियर बालिका टीम इस प्रकार थी टीकेश्वरी, श्रध्दा, द्रौपति , प्रेमलता, कंचन, जंहावि, लवन्या, कंचन वर्मा, ईशा, भूमिका, भावना, थाणेश्वरी । विजयी खिलाडियों को शाला परिवार की ओर से उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की गयी। जिसमे मुख्य रूप से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी/ हिंदी माध्यम के संस्था प्रमुख दुष्यंत कुमार परगनिहा तथा शिप्रा सरकार, सभी शिक्षक शिक्षिकाएं तथा ग्राम हसदा के वरिष्ठ जनों संध्या परगनिहा, बलिराम धिवर अध्यक्ष शाला विकास समिति, सरपंच तेजस्विनी पवन डहरिया, आकाश वर्मा, पंकज वर्मा,अभिषेक, करण , आदित्य, कृष्णा,ताकेश्व, दिलीप वर्मा,मानचंद निर्मलकर, संकुल समन्वयक दीपक आडिल ने विजयी खिलाडियों को बधाई दी। साथ ही संस्था प्रमुख का कहना है कि ये खिलाडियों के कठिन परिश्रम का फल है। आपको बता दे कि यहाँ रग्बी की नई पौध तैयार की जा रही है। साथ ही उनको प्रशिक्षण भी दिया जाता है। खिलाडियों को तैयार करने मे प्रमुख योगदान यहाँ के व्यायाम शिक्षक लोकेश्वर राव तथा रामेश्वरी साहू और आकाश वर्मा के द्वारा उनको और भी कई सारे खेल का प्रशिक्षण प्रतिदिन दिया जाता है। यह स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा के खिलाडियों के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। एक समय ऐसा भी था कि लड़कियों को बाहर जाकर खेलने नहीं दिया जाता था परिवार का सहयोग भी नहीं मिलता था लेकिन अब ठीक इसके विपरीत है लड़कों से ज्यादा यहां की बालिकाएं खेलो में सबसे आगे है चाहे वह खो खो हो या फिर रग्बी यहाँ के खिलाडियों ने साबित कर दिया की गाँव मे रहकर भी नई उचाइयों को प्राप्त किया जा सकता है। बस मेहनत करनी पड़ती है, उनको तरासने के लिए ताकि वो एक अच्छा खिलाडी बन सके। ये कहना है यहाँ के व्यायाम शिक्षक लोकेश्व राव जो खुद एक अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी है।




# राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर नगर परिषद कुम्हारी द्वारा किया जा रहा विविध गतिविधियों का आयोजन

पायनियर संवाददाता कुम्हारी
www.dailypioneer.com






राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर विविध आयोजनों में लगातार पहले दिन से ही उत्सव का दृश्य दिखा । नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने स्वच्छता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया । प्रदेश में साय सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर 9 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक चलने वाले विभिन्न गतिविधियों के अन्तर्गत सरकार की जनहित कारी योजना की जानकारी दी गई । नगरीय क्षेत्र एवं शासकीय, गैर शासकीय कार्यालय, औद्योगिक, व्यावसायिक परिसर क्षेत्र तथा प्रतिष्ठानों में स्वच्छता का महत्व बताते हुए जागरूक करने स्वच्छता सप्ताह मनाया गया । इसी क्रम मे स्वच्छता दीदियों ने एस एल आर एम केन्द्र में रंगोली के माध्यम से संदेश देते हुए प्रतियोगिता में भाग लिया । इस संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर ने बताया कि राज्य सरकार के शासन काल का गौरवशाली एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह आयोजन कराया जा रहा है जो कि 20 दिसम्बर तक आयोजित किया जाएगा । इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर, पार्षद प्रमोद राजपूत, उपभियंता, राजस्व अधिकारी, विशाल साहू, स्वास्थ अधिकारी, जिला सम्व्यक गौरव केशरवानी, स्थापना प्रभारी सपना यादव के अलावा सहित बड़ी संख्या में नागरिक गण उपस्थित रहे ।

# चोरी के 11 लाख 31 हजार रूपये का समान सहित चार आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



चोरी के 11 लाख 31 हजार रुपए के समान सहित चार आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि दिनांक 13.12.2024 को प्रार्थी नरेश साहू पिता भुखन साहू उम्र 42 साल साकिन वार्ड 15 नया पारा बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11.12.2024 के रात्रि 09.00 बजे से 12.12.24 के सुबह 08.00 बजे मध्य ग्राम ओड़िया रूद्र पेट्रोल पंप के सामने खड़े 12 चक्का ट्रक क्र. सीजी 09 जेसी 8849 में लगे 04 नग चक्का डिस्क सहित कीमती 1,00,000/- रू. एवं ट्रक में लगे 02 नग बैट्री कीमती 14,000 रू, ट्रक में रखे जेक एवं रॉड, व्हील पाना कीमती 5000/- रू. एवं बाजू में खड़े फौराज साहू के हाइवा ट्रक क्र. सीजी 10 सी 8310 में लगे 02 नग बैट्री कीमती 12,000/- रू. को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 303 (2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया । जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने तत्काल आरोपी के विरूध्द्ध आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी खण्डसरा प्रभारी सहायक उप निरीक्षक सुरेश सिंह राजपूत को अपराध विवेचना हेतु चौकी स्टाफ के साथ लगाया गया। प्रकरण विवेचना के दौरान मिले साक्ष्य के आधार व मुखबीर सुचना एवं टेकनिकल टीम की सहायता से 01. रवि साहू साकिन उमरिया 02. दुर्गेश साहू, 03. धन्नू यादव, 04. कोमल साहू पिता ओमप्रकाश साहू उम्र 28 साल साकिनान डोड़की चौकी लिटिया थाना बोरी जिला दुर्ग को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर उक्त चोरी की घटना को करना स्वीकार किये। आरोपीगण के निशांदेही में प्रार्थी के ट्रक से चोरी किये 04 नग डिस्क सहित ट्रक का चक्का कीमती 1,00,000/- रूपये, 02 नग बैट्री कीमती 14,000/- रूपये एवं जेक, रॉड, व्हील पाना कीमती 5,000/- रूपये तथा फौहराज साहू के हाईवा से चोरी किये 02 नग बैट्री कीमती 12,000/- रूपये जुमला कीमती करीबन 1,31,000 रूपये तथा घटना में प्रयुक्त एक 12 चक्का ट्रक सीजी 08 एबी 1806 कीमती 10 लाख रूपये, कुल जुमला कीमती 11,31,000 रूपये का मशरूका प्रकरण में जप्त कर बरामद किया गया।

# कलेक्टर शर्मा ने किया अनुसूचित जाति बालिका आश्रम का औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रणवीर शर्मा मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण के नवागढ़ दौरे के दौरान ग्राम पंचायत मारो के अनुसूचित जाति बालिका आश्रम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों की पढ़ाई का जायजा लिया और उनकी प्रगति देखकर काफी प्रसन्न हुए । आश्रम के बच्चों से उनकी पढ़ाई को लेकर बातचीत की। उन्होंने सभी बच्चों से सामूहिक रूप से मुलाकात की और उनके बौद्धिक स्तर का मूल्यांकन किया। कलेक्टर ने बच्चों से सवाल-जवाब किए, जिससे उनकी शिक्षा की गुणवत्ता और समझ को परखा जा सके। बच्चों के उत्साह और उनकी पढ़ाई के प्रति रुचि देखकर कलेक्टर ने शिक्षा की व्यवस्था पर संतोष जताया। इस दौरान अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी, तहसीलदार और शिक्षक उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान कक्षा पहली की एक छात्रा ने कलेक्टर को 13 तक का पहाड़ा सुनाया, जिसे सुनकर कलेक्टर ने उसकी खूब तारीफ की। इतनी कम उम्र में बच्चे की इस तरह की गणितीय क्षमता को देखकर कलेक्टर काफी प्रभावित हुए और छात्रा की सराहना करते हुए उसे और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए शिक्षकों की भी सराहना की, जिन्होंने बच्चों को इस स्तर तक तैयार किया। कलेक्टर शर्मा ने वहां के शिक्षक की मेहनत को भी सराहा और घोषणा की, कि शिक्षक को 26 जनवरी के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर शर्मा ने बढ़ती ठंड को ध्यान में रखते हुए, बच्चों को गर्म कपड़ों का भी वितरण किया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को ठंड से बचाने और उनकी सेहत का ध्यान रखना था, ताकि वे बिना किसी कठिनाई के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। कलेक्टर ने यह सुनिश्चित किया कि सभी बच्चों को पर्याप्त गर्म कपड़े मिलें, और उन्हें ठंड से सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए। कलेक्टर ने बच्चों से बातचीत के दौरान उन्हें संतुलित आहार लेने, गर्म और ताजा खाना खाने की सलाह दी। उन्होंने बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए सही पोषण के महत्व को समझाया और यह भी कहा कि साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना जरूरी है, ताकि बीमारियों से बचा जा सके। कलेक्टर ने बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जागरूक किया और स्वस्थ दिनचर्या बनाए रखने की हिदायत दी, जिससे उनकी शारीरिक और मानसिक विकास में कोई बाधा न आए।

## बकाया कर जमा करने में सहयोग नहीं करने की स्थिति में नल कनेक्शन काटने की जाएगी कार्रवाई



**कुम्हारी।** नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्र के सभी नागरिकों को सूचित किया गया है कि वे संपत्तिकर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, यूजर चार्ज और जलकर जैसे सभी बकाया करों का भुगतान शीघ्र ही कार्यालय में जमा करने में अपना सहयोग दें। साथ ही नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे बकाया राशि जमा कर रसीद अवश्य प्राप्त कर लें। यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर बकाया कर जमा करने में सहयोग नहीं करते हैं, तो नगर पालिका परिषद उनके नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई करेगी और साथ ही अधिभार भी वसूल करेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सभी नागरिकों से सहयोग करने की अपील की है और समय रहते बकाया कर जमा करने का अनुरोध किया है।

## छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील डौण्डी के पदाधिकारियों का चुनाव 7 दिसबंर को



**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील डौण्डी के पदाधिकारियों का चुनाव 7 दिसबंर को डौण्डी पेंशनर भवन में पेंशनर समाज की जिला उपाध्यक्ष देवकी मानकर व कार्यकारिणी सदस्य हीरालाल पटोदी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। पेंशनर समाज चुनाव में संरक्षक पद में बी,आर बंजारे,अध्यक्ष राममूरत भारद्वाज, उपाध्यक्ष बिहारी लाल ठाकुर, महिला उपाध्यक्ष सावित्री नायक, सचिव विजय कुमार चौबे, सहसचिव केशलाल चोपड़े , कोषाध्यक्ष जे एल ठाकुर ,आडिटर आर पी सिंह , सह आडिटर नरोत्तम लाल साहू, विधिक सलाहकार सनत कुमार श्रीवास की नियुक्ति किया गया। इस के साथ कार्यकारणी सदस्य में देवकी मानकर, शंकर लाल पिस्दा,प्रेम लाल उबारे, कुमारी बाई सोनी ,उमेंद सिंह पिस्दा की नियुक्ति हुई। इस अवसर पेशनर समाज के नव नियुक्त अध्यक्ष राममूरत भारद्वाज ने कहा की हम सभी पदाधिकारियों को एक जुट हो कर सर्व सम्मति से पेंशनर समाज के समस्त सदस्यों के शासन प्रशासन से जुड़े किसी भी प्रकार की समस्याओं को प्राथमिकता में रख कर सार्थक भूमिका के साथ अपने दायित्व का निर्वाहन करना है। पेंशनर समाज के संरक्षक बी आर बंजारे ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा की आज जो भी कर्मचारी शासकिय कार्य से सेवा निर्वित होते हैं,उन्हें अपने 62 वर्ष की मेहनत की राशि व पेंशन लेने में विभागों से समस्याओं का सामना करना पड़ता है।कई दिनों तक विभाग के चक्कर लगाने पड़ते हैं। हम सभी को इस मामले में विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

# शासकीय धनराशि के दुरुपयोग मामले में ग्राम पंचायत सचिव पर कार्रवाई

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत बेमेतरा के आदेशानुसार, ग्राम पंचायत तेन्दुवा, जनपद पंचायत नवागढ़ के सचिव दानेश्वर राजपूत पर शासकीय राशि के दुरुपयोग और कार्य में लापरवाही के आरोप सिद्ध होने पर कार्रवाई की गई है। राजपूत के खिलाफ विभागीय जांच के लिए प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी संतोष घोंसले को जांच अधिकारी और प्रभारी वरिष्ठ आंतरिक लेखा परीक्षण अधिकारी अजय कुमार भुवाल को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया था। जांच के आधार पर राजपूत पर कुल 10,34,201 की वसूली योग्य राशि पाई गई।

**आरोप और दंड:** जांच के निष्कर्ष के बाद, राजपूत की निलंबन अवधि (12 फरवरी 2024 से 16 दिसंबर 2024) को सेवा अवधि नहीं माना गया। साथ ही, छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियम 1999 के तहत उनकी आगामी दो वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोकी गई।

**वसूली का आदेश:-** वसूली योग्य कुल राशि 10,34,201 में से 5,17,101 की वसूली उनके वेतन से प्रतिमाह 50 प्रतिशत समान किस्तों में की जाएगी।

**निलंबन से बहाली:-**राजपूत को निलंबन से बहाल करते हुए, कार्यालय जनपद पंचायत बेमेतरा में अस्थायी रूप से संलग्न किया गया है।

# अक्षत राइस मिल में 1758 क्विंटल धान का स्टॉक कम, धान-चावल जप्त

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला खाद विभाग के अधिकारियों के द्वारा ग्राम लोलेसरा में अक्षत उधोग मिल में धान का 1758 क्विंटल कम पाए जाने पर धान चावल को जप्त किया गया खाद्य विभाग के अधिकारियों ने ग्राम लोलेसरा स्थित अक्षत उद्योग राइस मिल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान 1758.3 क्विंटल धान का स्टॉक कम पाया गया। मिल के भौतिक सत्यापन में इस गंभीर अनियमितता के चलते मिल में उपलब्ध कुल 4280 क्विंटल धान और 343.50 क्विंटल चावल जप्त किया गया। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि खाद्य विभाग ने स्टॉक की जांच करते समय भंडारण की वास्तविक मात्रा और दस्तावेजों में दर्ज आंकड़ों में बड़ा अंतर पाया। अधिकारियों ने इसे गंभीर आर्थिक अपराध मानते हुए संबंधित कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि खाद्य विभाग द्वारा जिले में राइस मिलों पर नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा है, ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। इस कार्रवाई के तहत अन्य मिलों पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा ऐसे मामलों में सख्त कदम उठाये जा रहे है।

## युवा उत्सव में योगिता एवं रेशमी रही प्रथम




**बेमेतरा।** युवा उत्सव का जिला स्तरीय आयोजन स्टेडियम में किया गया, जिसमें स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बेमेतरा की छात्राओं कु. योगिता साहू 12वीं साइंस ने विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान एवं कु. रेशमी वर्मा 12वीं साइंस ने तात्कालिक भाषण में प्रथम स्थान अर्जित किया। सुशासन दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में आयोजित प्रतियोगिताओं में भी कन्या शाला की छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बाज़ी मारी। पेंटिंग में हेमलता निषाद12वीं कला द्वितीय, फैंसी ड्रेस में अंजली पात्रे 9वीं द द्वितीय, क्विज में वर्षा पाठक 12वीं कला द्वितीय, कीर्ति वर्मा 12वीं साइंस द्वितीय, त्रिशा देंगावन 12वीं साइंस तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य श्रीमती कविता बाचपेयी ने छात्राओं की उक्त कामयाबी पर छात्राओं एवं प्रभारी शिक्षक को बधाई देते हुए अन्य छात्राओं को भी विभिन्न प्रतियोगियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## माँ तारणी राइस मिल में अनियमितता 16,700 क्विंटल धान-चावल जप्त

**बेमेतरा।** जिला खाद्य विभाग के अधिकारियों की टीम द्वारा जिले की राइस मिलों में निरीक्षण अभियान के तहत माँ तारणी राइस मिल, ग्राम ढोलिया की जांच की गई। जांच के दौरान राइस मिल में भारी अनियमितताएं पाई गई। भौतिक सत्यापन के दौरान मिल में 1699.15 क्विंटल धान का स्टॉक कम पाया गया, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। इस अनियमितता के चलते मिल में मौजूद 14,960 क्विंटल धान और 1,740 क्विंटल चावल को जप्त कर लिया गया। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में संबंधित राइस मिल के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण अभियान का उद्देश्य धान संग्रहण और वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है, ताकि किसानों और उपभोक्ताओं के हित सुरक्षित रह सकें। इस तरह की कार्रवाई से जिला प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि धान-चावल की गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# नायर के खिलाफ आदिवासी अत्याचार निवारण अधिनियम व घर पर बलात कब्जा करने सहित विभिन्न धाराओं का मामला

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कांग्रेसी नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि शिबू नायर के खिलाफ आदिवासी अत्याचार निवारण अधिनियम व घर पर बलात कब्जा करने सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर शिबू नायर पर उचित कार्यवाही की जाए। इस बार शिबू नायर के द्वारा घर पर बलात कब्जा का शिकार एक आदिवासी परिवार हुआ है। शिबू नायर द्वारा दबंगई व राजनीतिक पहुंचकर लाभ उठाते हुए आदिवासी परिवार का शोषण एवं लगातार अत्याचार किया जा रहा है। श्याम जायसवाल ने आगे कहा कि कांग्रेसी नगरपालिका अध्यक्ष शिबू नायर के अत्याचार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी इस पीड़ित परिवार के साथ खड़ी होकर पूरी लड़ाई लड़ेगी व पीड़ित परिवार को न्याय दिखाएगी पूरे मामले की संपूर्ण जानकारी देते हुए श्याम जायसवाल ने बताया की स्वर्गीय पंचूराम गावरे निवासी ग्राम झींकाटोला जो बीएसपी में नियमित कर्मचारियों के रूप में कार्यरत थे जिनकी मृत्यु लगभग तीन महीने पूर्व हो चुकी है उनके परिवार जनों से पता चला कि स्वर्गीय पंचूराम के नाम पर टाउनशिप में 6 नंबर स्कूल के पास बीएसपी का सिंगल क्वार्टर एलाट है। जिसे कांग्रेसी नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर द्वारा कब्जा कर लिए गया है। स्व पंचूराम के परिवार जनों ने कई बार मौखिक रूप से नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर से इस को क्वार्टर वापस देने के लिए निवेदन किया परंतु नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा क्वार्टर को वापस करने से इनकार कर कहा जाता है कि यह क्वार्टर मेरा है। मैंने पंचुराम को 2028 तक का किराया दे दिया है और मैं वह क्वार्टर नहीं दूंगा तुम्हें जो करना है वह कर लो शिबू नायर द्वारा स्वर्गीय पंचूराम के परिवार जनों को इस क्वार्टर के वापस नहीं करने के कारण बीएसपी द्वारा देहांत के बाद जो राशि उनके परिवार जनों को मिलने थी वह राशि अब जब तक यह क्वार्टर बीएसपी को हैंड ओवर नहीं कर दिया जाता तब तक बीएसपी द्वारा वह राशि उनके परिवार जनों को नहीं दी जाएगी इसके कारण स्वर्गीय मांडवी के परिवार जनों के सामने काफी विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है।

श्याम जायसवाल ने पीड़ित परिवार को साथ लेकर राजहरा थाने व अनुसूचित जाति / जनजाति विशेष थाना बालोद में शिबू नायर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने आवेदन दिलवाया है। भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने कहा कि कांग्रेसी नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर द्वारा इस प्रकार एक आदिवासी परिवार का शोषण करना काफी चिंता का विषय है इसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है। शिबू नायर पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर किया जाना चाहिए शीघ्र पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने उचित कदम उठाए जाएंगे। श्याम जायसवाल ने भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, जिला अध्यक्ष पवन साहू व जिलाकोषाध्य दिलीप शर्मा के माध्यम से पीड़ित परिवार को लेकर प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा के बालोद आगमन के दौरान उनसे मुलाकात कर पूरे मामले से अवगत करा दिया हैं। जिसमें गृहमंत्री ने तत्काल बीएसपी चित्रा वर्मा को एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया हैं।

# नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कार्य संपादन कराने, विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न



## दो पालियों मे प्रशिक्षण किया गया आयोजित

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 के अन्तर्गत मतदान प्रक्रिया के सुचारू कार्य संपादन हेतु शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारों,कर्मचारियों का 15 दिसम्बर 2024 को विकासखण्ड स्तर में प्रशिक्षण संपन्न हुआ। विकासखण्ड बेमेतरा के प्रशिक्षण स्थल स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में कुल 1287 शिक्षको में से 1248 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे इसी प्रकार विकासखण्ड बेरला के प्रशिक्षण स्थल स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेरला में कुल 1267 में से 1236 प्रशिक्षणार्थी विकासखण्ड साजा के प्रशिक्षण स्थल शासकीय बालक एवं कन्या उ.मा.वि. साजा में कुल 1340 में से 1301 प्रशिक्षणार्थी तथा विकासखण्ड नवागढ़ के प्रशिक्षण स्थल शासकीय बालक एवं कन्या उ.मा.वि. नवागढ़ में 1285 में से 1242 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित हुये। इस प्रकार कुल 5027 प्रशिक्षणार्थियों को दो पालियों में प्रथम पाली समय 10.00 बजे से 01.00 एवं द्वितीय पाली समय 02.00 से 05.00 बजे तक प्रोजेक्टर के माध्यम से विकासखण्ड मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

# जनादेश परब, सुशासन दिवस के तहत सहसपुर लोहरा क्षेत्र हो रहा है भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित जनादेश परब के तहत कबीरधाम जिले के ग्राम पंचायतों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश और जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिले के कवर्धा, सहसपुर लोहारा, पंडरिया और बोड़ला जनपद पंचायतों के गांवों में व्यापक स्तर पर इन कार्यक्रमों को आयोजित किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य शासन की योजनाओं को जनता तक पहुंचाना और सुशासन के प्रति नागरिकों को जागरूक करना रहा।



**सहसपुर लोहारा में सुशासन चौपाल का आयोजन**-सहसपुर लोहारा जनपद पंचायत के सीईओ शिव कुमार साहू ने बताया कि ग्राम नवागांव में सुशासन चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं की बड़ी भागीदारी रही। चौपाल के दौरान उपस्थित महिलाओं ने मेहंदी रचाकर सुशासन के लिए अपने दायित्व निभाने का संकल्प लिया। महिलाओं ने अपनी भागीदारी से इस आयोजन को विशेष रूप से प्रेरणादायक बना दिया। ग्राम पंचायत महराटोला में आयोजित कायक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों और स्वच्छता समूहों को सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत हितग्राहियों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का शुभकामना संदेश सुनाया गया। साथ ही, सरपंच, सचिव, आवास मित्र, स्वच्छता दीदियों और महिला समूहों की उपस्थिति में हितग्राहियों को नारियल भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। सुशासन के महत्व और शासन की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की गई।

**ग्राम धरमगढ़ में रचनात्मक गतिविधियां**-धरमगढ़ ग्राम पंचायत में सुशासन दिवस के अवसर पर कई अनूठी गतिविधियों का आयोजन किया गया। सब्जी उत्पादन करने वाली महिलाओं ने सब्जियों से रंगोली बनाकर अपनी रचनात्मकता और स्वावलंबन का प्रदर्शन किया। इसके अलावा, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अमृत सरोवर तालाब परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृ शक्ति को सम्मानित करना था। उपस्थित महिलाओं और ग्रामीणों ने वृक्षों की सुरक्षा का संकल्प लिया।

**जनभागीदारी से बढ़ा कार्यक्रम का महत्व**-ग्राम पंचायत महराटोला में आयोजित कार्यक्रम में सरपंच, सचिव, स्थानीय जनप्रतिनिधि, और ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी दी गई और शासन द्वारा संचालित विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। महिला स्वच्छता समूहों और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए नारियल भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि जनादेश परब के तहत आयोजित ये कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता और भागीदारी बढ़ाने का माध्यम बने हैं। सुशासन दिवस के जरिए सरकार की योजनाओं की जानकारी न केवल जन-जन तक पहुंची, बल्कि ग्रामवासियों को इनके बेहतर क्रियान्वयन का अवसर भी मिला।

# 7000 श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया दत्त भोग प्रसाद,15 दिसंबर को संपन्न हुआ दत्तात्रेय जयंती महोत्सव

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com





दत्तात्रेय जयंति महोत्सव का शुभारभ शुक्रवार 13 दिसंबर को हुआ था,जिसमे कार्यक्रम- सुबह - 7.00 बजे- गुरुचरित पठन पं. सुबोध मनोहर पांडेय द्वारा,दौपहर- 2.00 बजे भजन, साई मंदिर, मंडल. वल्लभ नगर द्वारा, संध्या- 7.00 बजे से, सुरमयी गीतों व भजनों की शाम मिले सुर मेरा तुम्हारा टीम- महाराष्ट्र मंडल द्वारा किया गया, उपरोक्त आयोजन हरिवल्लभ अग्रवाल, अध्यक्ष दत्तात्रेय मंदिर ट्रस्ट कमेटी रायपुर के मार्गदर्शन में किया गया तथा जयंती महोत्सव को लेकर जहां धर्म प्रेमी श्रद्धालु जनों में उत्साह देखा गया तो वही दत्तात्रेय जयंति महोत्सव का कार्यक्रम प्रतिवर्ष होता है,भगवान दत्तात्रेय जी जिनके स्मरण मात्र से कृपा आनी शुरू हो जावे,ऐसे प्रभु दत्तात्रेय की जयंति उत्साह पूर्वक मनाई गयी, प्रभु का महाभोग, भंडारा दौपहर 1.00 से ब्रह्मपुरी, पुरानी बस्ती स्थित दत्तात्रेय मंदिर में रखा गया जिसमें करीब 7000 श्रद्धालु भक्त जनों ने प्रसाद ग्रहण किया तो वहीं इस अवसर पर रायपुर सहित प्रदेश की दिग्गसज हस्तियां एवम सामाजिक कार्यकर्ता भी पहुंचे।

# महाविघालय में रोजगार एवं प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविघालय खरौद में 14 दिसम्बर को रोजगार एवं प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस आयोजन में मुख्य अतिथि शुभम ग्रुप एण्ड़ कम्पनी के सीईओ एण्ड़ डायरेक्टर बंसत राव पाटिल, अध्यक्षता महाविघालय के प्राचार्य डॉ जी सी भारव्दाज एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में शुभम कम्पनी के रिक्युटमेन्ट मैनेजर रघुराम गायकवाड़ उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के आसंदि से सीईओ बसंतराव ने कार्यशाला में उपस्थित छात्र- छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति पढ़ा लिखा हो या अनपढ़ हो हर किसी को अपने जीवन निर्वाह के लिए आर्थिक उपार्जन का कार्य करना होता है आप सभी को भी अपनी अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद आर्थिक उपार्जन के कार्य में लग जाना है जो शिक्षित व योग्य होते हैं वे आर्थिक क्षेत्र में देश के लिए कुछ विशेष कर जाते हैं और जो अयोग्य व अनपढ़ व्यक्ति होते हैं वे जीवन भर मेहनत मजदूरी करते रहते हैं आप देश के आर्थिक विकास में क्या योगदान देना चाहते हैं इसका निर्णय आपको लेना है और उसके लिए कड़ी मेहनत भी आपको ही करना है। महाविघालय के प्राचार्य ने आर्थिक क्षेत्र में ऊंचाई को छुने के लिए जीवन में कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। अन्य अतिथि एवं महाविघालय के सहायक प्राध्यापकों ने भी अपने अपने विचार साझा किया। कार्यशाला का संचालन व आभार प्रदर्शन प्रो.शानू अग्रवाल ने किया इस अवसर पर महाविघालय के सभी प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



# ला.ब. शा. उमावि बम्हनीडीह की छात्रा कुमारी ज्योति कुर्रे सुपर गर्ल बनी

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जिला स्तर में आयोजित हाई स्कूल हायर सेकेंडरी स्तर की प्रतियोगिता सुपर गर्ल स्पर्धा के अंतर्गत कविता विधा में कुमारी ज्योति कुर्रे पूरे जिले में प्रथम स्थान पर रही ,लाल बहादुर शास्त्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनीडीह की छात्रा कुमारी ज्योति कुर्रे बोलेगा बचपन के तहत आयोजित जिला स्तरीय स्पर्धा वाद विवाद प्रतियोगिता में भी पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त की थी।छात्र-छात्राओं के टैलेंट को निखारने के लिए आयोजित बोलेगा बचपन के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता में भूपेंद्र पटेल ने भी तृतीय स्थान प्राप्त किया। दिनांक 14 -12 -24 को विकासखंड स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम बीआरसी बम्हनीडीह में आयोजित हुआ था जिसमें विद्यालय के छात्रा कुमारी ज्योति कुर्रे ने तात्कालिक भाषण में प्रथम स्थान एवं कविता में द्वितीय स्थान प्राप्त की, साथ ही कुमारी मानसी विश्वकर्मा एकल लोक नृत्य में द्वितीय स्थान, कुमारी अंतरा बंजारे चित्रकला में तृतीय स्थान प्राप्त किये तथा लाल बहादुर शास्त्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनीडीह को गौरवान्वित किये।सभी विजेताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी श्यामलाल डडसेना शिक्षक को विद्यालय के प्राचार्य एस पी तिवारी सहित पूरे विद्यालय परिवार ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिए हैं एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी एम डी दीवान ने भी बच्चों को बधाई दिए हैं।



# जिले में नगर पालिका वार्ड आरक्षण प्रक्रिया 19 दिसंबर को

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ नगर पालिक अधिनियम, 1961 की धारा-29 (क) सहपठित छत्तीसगढ़ नगर पालिका (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिये वार्डों का आरक्षण) नियम 1994 के प्रावधानों के तहत कवर्धा जिले के विभिन्न नगर निकायों में वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया आगामी 19 दिसंबर 2024, गुरुवार को आयोजित की जाएगी। आरक्षण की यह प्रक्रिया जिला कार्यालय कबीरधाम के सभाकक्ष में अपराह्न 1 बजे शुरू होगी। इसमें नगरपालिका कवर्धा और पंडरिया के साथ-साथ नगर पंचायत पिपरिया, इंदौरी, सहसपुर लोहारा, बोडला और पांडातराई के वार्डों का अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिलाओं के लिए आरक्षण निर्धारित किया जाएगा।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संविदा भर्ती की पात्र, अपात्र सूची जारी

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत दिनांक 18 सितंबर 2024 को जारी संविदा भर्ती विज्ञापन के तहत सभी रिक्त पदों (पद क्र. 03 एवं 04 को छोड़कर) के लिए पात्र,अपात्र आवेदनों की सूची प्रकाशित की गई है। यह सूची 16 दिसंबर 2024 को जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। इसके अतिरिक्त, यह सूची मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा की गई है। यदि किसी अभ्यर्थी को इस सूची में शामिल जानकारी पर आपत्ति हो, तो वे 26 दिसंबर 2024 की सायं 5:00 बजे तक निर्धारित प्रारूप में अपना दावा या आपत्ति मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर में न्योता भोज का किया आयोजन



पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एस जयवर्धन तथा जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल के कुशल नेतृत्व तथा विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामानुजनगर पंडित भारद्वाज के मार्गदर्शन में विकास खंड रामानुजनगर में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर विकासात्मक कार्यक्रम चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री शक्ति पोषण योजना अंतर्गत आज मती सुशीला सिंह, सरपंच, रामानुजनगर के द्वारा कन्या प्राथमिक तथा माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर के विद्यार्थियों को न्योता भोज दिया। न्योता भोज में खीर, पूड़ी, चावल, दाल सब्जी, सलाद, पापड़, तथा आचार प्रदाय किया गया। बच्चे न्योता भोज पाकर बहुत खुश तथा उत्साहित हुए। शासन की महत्वाकां योजना ''न्योता भोज'' का उद्देश्य है कि स्कूल और समुदाय का परस्पर जुड़ाव हो, विद्यार्थियों को पौष्टिक आहार मिल सके। सकूलों में न्योता भोज ग्राम पंचायत के कोई भी जनप्रतिनिधि, आम जनता, अविभावक, शिक्षक स्वयं तथा अपने परिवार के सदस्यों के जन्मदिन,शादी की वर्षगांठ, त्यौहार या अन्य उपलक्ष्य में आयोजित कर सकते हैं। इस अवसर पर रामानुजनगर सरपंच मती सुशीला सिंह, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज, संकुल प्रभारी कामता प्रसाद प्रजापति,संकुल समन्वयक जय प्रकाश बरेठा,मा. शाला कन्या के संस्था प्रमुख श्याम लाल ठाकुर, प्रा. शाला के संस्था प्रमुख सुल्तान खान एवं अन्य सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्राथमिक शाला बंडाभैंसा में स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन 12 विशेष पिछड़ी जनजाति पंडो छात्रों का किया गया उपचार

पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com





कलेक्टर एस जयवर्धन एवं जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल के मार्गदर्शन में रामानुजनगर के विद्यालयों में छात्रों के शिक्षा एवं स्वास्थ्य को लेकर कई प्रयास किए जा रहे हैं। विकासखंड के दूरस्थ कुमेंली जलप्रपात के समीप विशेष पिछड़ी जनजाति पंडो बस्ती परशुरामपुर में संचालित प्राथमिक शाला बंडा भैंसा में 62 छात्र है इस विद्यालय में विशेष पिछड़ी जनजाति के 50 पंडो छात्र दर्ज हैं। शिक्षा विभाग के प्रयास से आज विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर छात्रों का चेकअप किया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजनगर के डॉक्टर सुभाष पटेल, डॉ प्रियंका टोप्पो स्वास्थ्य कार्यकर्ता दीपा सिंह एवं पूजा देवांगन ने सभी छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया चार छात्र ईईआई एवं आठ छात्र मौसमी सर्दी खांसी बुखार की से ग्रस्त पाए गए जिनका उपचार कर दवा वितरण किया गया। उपस्थित चिकित्सकों ने छात्रों को ठंड के मौसम से बचने के उपाय भी बताएं। साथ ही अधिकारियों ने सभी छात्रों को कॉपी पेन प्रदाय किया। शिविर में उपस्थित सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार साहू, बीआरसीसी मनोज कुमार जायसवाल, संकुल प्राचार्य चंद्रविजय सिंह तथा सीएसी निरंजन सिंह ने सभी छात्रों को अपने खर्चे से काफी और पेन प्रदाय किया तथा छात्रों को प्रतिदिन स्कूल आने एवं मन लगाकर के पढ़ने की समझाइए दिए।

# प्रतापपुर में ''न्यूट्रिशन एण्ड एसबीसीसी'' के अंतर्गत तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश में कृषि विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 15 जिलों के 27 विकासखण्डों के 1000 ग्रामो में निवासरत ग्रामिण आदिवासी परिवारों के आय में वृद्धि एवं वर्षभर पोषित आहार की उपलब्धता हेतु वर्ल्ड बैंक एवं आई. एफए.डी. के सहयोग से ''चिराग परियोजना'' का क्रियान्वयन किया जा रहा है। परियोजना अंतर्गत चिन्हांकित ग्रामो में पोषण आधारित गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु ''पोषण सखी'' के रूप में कार्य करने के लिए प्रतापपुर विकासखण्ड संबंधित 40 ग्रामों से महिलाओं का चयन किया गया है। चयनित महिलाओं ''पोषण सखी'' के रूप में कार्य करने के लिए तकनीकि सहयोगी संस्था पी.आई.इंडिया के सहयोग से न्यूट्रिशन एण्ड एसबीसीसी के अंतर्गत प्रतापपुर विकासखण्ड के चयनित पोषण सखियों का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला सूरजपुर के जिला पंचायत संसाधन केंद्र में किया गया है। कलेक्टर एस जयवर्धन के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कुपोषण को दूर भगाने के लिए संतुलित आहार एवं पोषण, दैनिक भोजन में आहार विविधता के लिए सामाजिक व्यवहार परिवर्तन हेतु ग्रामिणों को प्रेरित करने हेतु कहा। साथ ही बाल विवाह रोकथाम के लिए प्रचार प्रसार कर जागरूकता लाने हेतु कहा गया। इस दौरान उपसंचालक कृषि संपदा पैकरा, सहायक संचालक कृषि दुरेश साय पैकरा, जमुना सिंह ग्रामिण कृषि विस्तार अधिकारी, मास्टर टेञ्नर री पिंटू ठाकुर और रूपनाथ पीसीआई इंडिया एवं विभा साहू सुपरवाइजर महिला बाल विकास विभाग तथा प्रशिक्षार्थी पोषण सखी उपस्थित थे। प्रथम दिवस मास्टर ट्रेनरों के द्वारा परिचय, चिराग योजना का उद्देश्य व घटक, सामाजिक व्यवहार परिवर्तन हेतु संचार का परिचय, सहभागिता को सुगम बनाने के लिए वयस्कों के सीखने का सिद्धांत एवं कौशल विकास क्या और क्यों, कुपोषण एवं परिवार के लिए संतुलित आहार एवं आहार एवं विविधता के संबंध में पीपीटी, ब्रोशर, वीडियों आदि के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया।

## शासन के 01 वर्ष की उपलब्धि पर विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे आयोजित, समय सीमा की बैठक हुई संपन्न

# विभागवार मिले आवेदनों की स्थिति पर कलेक्टर ने की समीक्षा

पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com





समय सीमा की बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में रखी गई थी। जिसमें कलेक्टर एस. जयवर्धन ने जिले में संचालित सभी योजनाओं की विभागवार जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए। इस बैठक में डीएफओ पंकज कमल, जिला पंचायत सीईओ मती कमलेश नंदिनी साहू, अपर कलेक्टर मती नयनतारा सिंह तोमर, डिप्टी कलेक्टर मती चांदनी कंवर, सर्व एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य संबंधित जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर जयवर्धन ने आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही धान खरीदी, उठाव एवं रकबा समर्पण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने शासन के 01 वर्ष की उपलब्धि पर शासन के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि शासन के 01 वर्ष की उपलब्धि को लेकर आंगनबाडियों, स्कूलों और महाविद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन, जनभागीदारी स्वच्छता पखवाड़ा, रक्तदान शिविर, श्रमिक सम्मान और अमृत सरोवरों में वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने है। इसके अलावा घासीदास जयंती के अवसर पर जिले में सद्भावना शिविर आयोजित करने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने विभागवार एक-एक आवेदन पर जानकारी प्राप्त कर, निर्धारित समय पर आवेदन के निराकरण पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा के साथ विभागीय कार्यो की समीक्षा भी की। स्वच्छ भारत अभियान के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए शौचालय निर्माण, अपशिष्ट प्रबंधन सहित अन्य स्वच्छता कार्यक्रम की जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, सिकल सेल एनीमिया, जन औषधि केंद्रों, टीकाकरण कार्यक्रम सहित स्वास्थ्य विभाग की अन्य योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने पीएम स्कूल के सम्बन्ध में जानकारी ली और व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए। स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते हुए लापरवाह शिक्षकों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों में जाति, निवास, आय प्रमाणपत्र बनवाने के स्थिति की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिले के सभी छात्रावासों में सुविधाएं बेहतर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। मौजूदा कड़ाके की ठंड को देखते हुए उन्होंने स्कूलों और छात्रावासों में बच्चों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर उन्होंने कृषि एवं संबंधित विभागों के अंतर्गत चल रही योजनाओं के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिले में निर्माण कार्य में लगी विभागों पी डब्लू डी, जल संसाधन और पी एच ई अंतर्गत योजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने पीएम स्वनिधि, राशन कार्ड और ई केवाईसी, जल जीवन मिशन, जल शक्ति अभियान, सुरक्षित मातृत्व अभियान, चिरायु योजना, राशन कार्ड निर्माण की स्थिति, विश्वकर्मा योजना का जायजा लिया। उन्होंने आंगनबाड़ी की स्थिति, बच्चों में कुपोषण की जानकारी ली। आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छ पेय जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शत प्रतिशत हितग्राहियों का आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनवाने एवं अद्यतन करवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने लंबित पेंशन प्रकरणों को शीघ्र निपटाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश किए।

# कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने की पीएचई, विद्युत एवं क्रेडा विभाग की योजनाओं की समीक्षा

## कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की, ठेकेदारों को दिए समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता मोहला
www.dailypioneer.com





कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, क्रेडा विभाग, विद्युत विभाग सहित जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत सभी निर्माण एजेंसियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में विभिन्न निर्माण एजेंसियों के ठेकेदारों से बारी-बारी से कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने लंबित कार्यों पर विशेष ध्यान देते हुए सभी ठेकेदारों को निर्देश दिया कि वे समय से पूर्व प्राथमिकता के साथ कार्यों को पूर्ण करें। कलेक्टर प्रजापति ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण हों और तय मापदंडों के अनुसार पूरे किए जाएं। बैठक के दौरान निर्माण एजेंसियों को जल जीवन मिशन के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए समर्पित प्रयास करने और समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने की बात कही गई। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि परियोजनाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही कलेक्टर ने जिन ठेकेदारों की प्रगति अत्यंत धीमी तथा संतोषप्रद नहीं है, तथा ऐसे ठेकेदार जिन्होंने अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं किए हैं, उनकी जानकारी लेते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जल जीवन मिशन के विभिन्न कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी के साथ लोगों के घरों तक गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम-समूह नल-जल प्रदाय योजना, सोलर पंप आधारित मिनी जल प्रदाय योजना, स्वीकृत योजनाओं में स्रोत की अद्यतन स्थिति, जल जीवन मिशन अंतर्गत नल कूप खनन कार्य के निविदाओं का निराकरण, समूह नल जल प्रदाय योजना आदि कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचई को निर्देशित किया कि इस प्रोजेक्ट के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

इस दौरान उन्होंने स्कूलों, आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में पानी की व्यवस्था की जानकारी लेते हुए कहा कि स्वच्छता की दृष्टिकोण से इन जगहों पर अवश्य रूप से रनिंग वॉटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश दिए। कलेक्टर प्रजापति ने विद्युत विभाग एवं क्रेडा विभाग की सभी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए तीनों विभागों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी एक विभाग की अपेक्षा के कारण योजनाओं का संचालन प्रभावित नहीं होना चाहिए। कलेक्टर ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के तहत पंप, ट्यूबवेल, बिजली ट्रांसफार्मर जैसी विद्युत से संबंधित समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल करें। वहीं क्रेडा विभाग को अपनी सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने और जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल व्यवस्था के लिए सोलर सिस्टम इंस्टॉल करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, कलेक्टर ने जिले में स्थापित सोलर सिस्टम की जानकारी लेते हुए शासकीय संस्थाओं और छात्रावासों में सोलर सिस्टम लगाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन से पेयजल और ऊर्जा समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा सकता है।

# महासमुंद में आदिवासी विकास के नए आयाम, समृद्धि की ओर सशक्त कदम

पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com




महासमुंद जिले में आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग ने आदिवासी और अनुसूचित जाति समुदायों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विकसित छत्तीसगढ़ की ओर बढता विष्णु सुशासन के एक वर्ष कार्यकाल के दौरान विभाग ने शिक्षा, आर्थिक सहायता, आवासीय सुविधाओं और अधिकारों के संरक्षण जैसे क्षेत्रों में विभाग ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जो जिले की समृद्धि और प्रगति की दिशा में मजबूत कदम हैं। जिले में 115 छात्रावास और आश्रम संचालित किए जा रहे हैं, जहां 5433 छात्र-छात्राएं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। ग्राम भोरिंग में स्थापित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में सीबीएसई पाठ्यक्रम के तहत 417 अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा के साथ शिक्षा दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, सत्र 2023-24 में 7437 विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 418.14 लाख रुपए वितरित किए गए। अंतर्जातीय विवाह योजना के तहत 36 दंपतियों को 2.50 लाख रुपए प्रति प्रकरण के हिसाब से कुल 90 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। जिले के 936 पी.व्ही.टी.जी. परिवारों को पहचान और कल्याण योजनाओं से जोड़ते हुए 3032 आधार कार्ड, 2102 बैंक खाते, 1887 आयुष्मान कार्ड, और 3183 राशन कार्ड जारी किए गए। पी.व्ही.टी.जी. आवास योजना के तहत 7 आवासों के निर्माण के लिए 17.50 लाख रुपए स्वीकृत किए गए। वनाधिकार अधिनियम के तहत 50 व्यक्तिगत और 5 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र वितरित किए गए। इसके अलावा, देवगुड़ी निर्माण योजना के अंतर्गत 40 देवगुड़ियों के निर्माण के लिए 60 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई। इसी के साथ अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण योजना के तहत 30 मामलों के लिए 41.25 लाख की सहायता राशि दी गई। महासमुंद जिले में आदिवासी और अनुसूचित जाति समुदायों के सशक्तिकरण के ये प्रयास न केवल उनकी जिंदगी में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं, बल्कि जिले की समृद्धि और विकास में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# सफलता की कहानीः डबरी निर्माण से किसान मोहित हुआ आत्मनिर्भर

पायनियर संवाददाता एमसीबी
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के मनेंद्रगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत महाई के एक छोटे से किसान मोहित/पिता लल्ला की जिंदगी हर बीतते दिन के साथ सूखती फसल की तरह निराशा में घिरता जा रहा था । मोहित के पास तीन एकड़ जमीन तो थी, लेकिन बिना सिंचाई साधन के वह जमीन सिर्फ बारिश की भरोसे पर निर्भर था। हर साल अनिश्चित बारिश और पानी की कमी ने उनके लिए खेती को घाटे का सौदा बना रहा था । जैसे-जैसे फसलें असफल हो रही थीं, मोहित का आत्मविश्वास टूटता जा रहा था। खेती के घाटे ने उन्हें मजबूर कर दिया कि वे अब मजदूरी का सहारा लें। एक किसान जिसकी जमीन कभी उसके जीवन का आधार थी, अब उसके लिए एक बोझ बन चुका था । लेकिन यह कहानी यहीं खत्म नहीं हुआ। यह कहानी मोहित के संघर्ष और उनकी किस्मत बदलने वाले एक अद्भुत बदलाव की है। जब ग्राम पंचायत महाई में जिला प्रशासन ने किसानों की समस्याओं पर ध्यान दिया, तो मोहित की हालत ने अधिकारियों को सोचने पर मजबूर कर दिया। उनकी जमीन को देखकर यह साफहो गया कि अगर सिंचाई की सुविधा मिल जाए, तो यह जमीन सिर्फ उपजाऊ ही नहीं, बल्कि समृद्धि का साधन बन सकती है। यहीं से शुरू हुआ बदलाव का सफर। मनरेगा योजना के तहत डबरी निर्माण कार्य को स्वीकृति मिली। डबरी निर्माण के लिए 2 लाख 28 हजार रुपए का प्रशासनिक स्वीकृत बजट पास किया गया। लेकिन सिर्फ बजट ही पर्याप्त नहीं था। सही स्थान का चयन, निर्माण सामग्री की उपलब्धता और जल संग्रहण को सुनिश्चित करना, इन सभी चुनौतियों का सामना ग्राम पंचायत महाई और जिला प्रशासन ने किया। विशेषज्ञों की मदद से मोहित के खेत में जलभराव वाली उपयुक्त जगह का चयन किया गया और मनरेगा के माध्यम से निर्माण कार्य शुरू हुआ। इस डबरी निर्माण कार्य में न केवल मोहित का परिवार लाभान्वित हुआ, बल्कि गांव के कई मजदूरों को भी लाभ मिला ।

# अनोखी सोच संस्था समाज सेवा में निभा रही अग्रणी भूमिका,संस्थाओं के लिए बना रही मिसल

## निर्धन व्यक्ति के अंतिम संस्कार में संस्थाओं के कार्यकर्ताओं ने दिखाई तत्परता

पायनियर संवाददाता सरगुजा
www.dailypioneer.com



अनोखी सोच एक समाज सेवी संस्था जो मानवीय संवेदनाओं एवं मूल्यों को निभाने में अग्रणी रहती है, उसने आज एक निर्धन व्यक्ति का दाह संस्कार गंगापुर मुक्तिधाम में सम्पन्न कराया। विदित हो कि मृत रमेश सिंह उम्र लगभग 65 वर्ष संकटमोचन हनुमान मंदिर के पास किराए के मकान में अपने पुत्र के साथ रहते थे, बीमारी के कारण उनका निधन हो गया। उनका परिवार निर्धन है एवं उनके निजी रिश्तेदार यहाँ उपलब्ध नहीं थे। हॉस्पिटल के कर्मचारियों द्वारा इनके अंतिम संस्कार हेतु संस्था के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश साहू से सम्पर्क किया गया फिर उनके नेतृत्व में अनोखी सोच के सदस्यों ने आवश्यक सामग्री जुटाकर इनका दाह संस्कार सम्पन्न करा के दयालुता एवं करुणता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया गया। इस पुनीत कार्य में संस्था के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश साहू के साथ अभय साहू, पंकज चौधरी, मोती ताम्रकर, चन्द्र प्रताप सिंह, संजु चटर्जी, सुनिल साहू, विकाश मिश्रा, सत्यम, देव कुमार, समित मुंडा,गोपी साहू, विकाश साहूकार्तिकेय, राहुल , अमित जायसवाल,नितेश, सचिन, रमेश साहू, लरंग मुंडा,ननकू प्रदीप, सावन, मिथलेश, अजय, बनाफर केरकेट्टा खुर्रम, संजय साहू,विकाश एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# राशनकार्डों का नवीनीकरण 28 फरवरी 2025 तक

**धमतरी।** जिले में अब तक कुल दो लाख 37 हजार 371 राशनकार्डों का नवीनीकरण किया जा चुका है, जिसका प्रतिशत 98.77 है तथा दो हजार 916 राशनकार्डों का नवीनीकरण शेष है। इसके मद्देनजर जिला खाद्य अधिकारी ने शेष बचे सभी राशनकार्डधारी परिवारों से आगामी 28 फरवरी 2025 तक अपने परिवार के सभी सदस्यों का नवीनीकरण कराने की अपील की है। इसके लिए आधार नंबर एवं राशनकार्ड लेकर ई-केवायसी कराकर राशनकार्ड का नवीनीकरण हितग्राहियों द्वारा स्वयं अपने मोबाईल से एप्लीकेशन के माध्यम से तथा शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेता के मोबाईल से एप्लीकेशन के माध्यम से किए जाने का प्रावधान है, जिसका लिंक https://fcs.cg.gov.in/ है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा राशनकार्ड नवीनीकरण की तिथि 28 फरवरी 2025 तक वृद्धि की गई है।

## जनदर्शन में मिले आवेदनों का समय सीमा में करें निराकरण-कलेक्टर नम्रता गांधी

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी ने आज कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के दूर-दराज से पहुंचे लोगों की समस्या, मांग और शिकायतों को सुनीं और इनका संवेदनशीलता के साथ समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनदर्शन में आज स्कूल में शिक्षा व्यवस्था, अमृत सरोवर के तहत किए गए कार्यों का मजदूरी भुगतान, रोजगार प्रदाय करने, राशन कार्ड में बदलाव करने, गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण की जांच कराने, आर्थिक सहायता प्रदाय करने, बीमा राशि प्रदाय करने, शेड निर्माण की मजदूरी दिलाने सहित महाविद्यालय में पढ़ाई पूरी करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदाय कराने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए।

# सुशासन दिवस कार्यक्रम में योजनाओं से लाभान्वित अधिक से अधिक हितग्राहियों का किया जाए सम्मान : कलेक्टर नम्रता गांधी

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर समय सीमा, जनदर्शन और जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों में प्राप्त पत्रों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बीते 9 दिसम्बर से प्रदेश सहित जिले में आयोजित हो रहे सुशासन के एक वर्ष कार्यक्रम में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित अधिक से अधिक हितग्राहियां का सम्मान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इनमें पीएम आवास, कृषक सम्मान निधि, पीएम स्वनिधि, श्रमिक सम्मान, महतारी वंदन योजना, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना इत्यादि से लाभान्वितों का जिले के सभी विकासखण्डों में सम्मान किया जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत रोमा वास्तव, अपर कलेक्टर जी.आर.मरकाम सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने खेतों में पराली जलाने वालों पर कार्यवाही करने और रबी फसल की बीमा कराने सहित समय-समय पर कृषक संगोष्ठी आयोजित करने के निर्देश कृषि विभाग को दिए।

इसके साथ ही पीएम सम्मान निधि के तहत की गई कार्यवाही की भी कलेक्टर ने जानकारी ली। उन्होंने कक्षा नवमीं से ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों का कैरियर काउंसिलिंग कराने तथा पीएम योजना के तहत निर्माण कार्य, शेष और पूर्णता के निर्देश शिक्षा विभाग को दिए। साथ ही पांचवीं एवं आठवीं बोर्ड परीक्षा की जानकारी उपलब्ध कराने और ड्रॉप आउट बच्चों को स्कूलों में वापस लाने कहा। कलेक्टर सु गांधी ने मछलीपालन विभाग की समीक्षा करते हुए मत्स्यपालन के लिए लीज पर प्रदाय किए गए तालाबों का आवश्यक शुल्क पटाने की कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया।

आगामी नगरीय निकाय और त्रि स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदान केन्द्रों का सत्यापन कर रिपोर्ट देने कहा। साथ ही मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुविधायें पानी, रोशनी, शौचालय इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।

# पूरे देश के अनेक राज्यों से सरगुजा दर्शन के लिए 42 लोगों का एक दल सरगुजा भ्रमण पर निकला

- कारवां दोस्ती का अंबिकापुर के स्थानीय मेज़बानो ने किया स्वागत

पायनियर संवाददाता अंबिकापुर
www.dailypioneer.com




पूरे देश के अनेक राज्यों से सरगुजा दर्शन के लिए 42 लोगों का एक दल सरगुजा भ्रमण पर है. कारवां दोस्ती का.. बैनर के साथ अलग-अलग राज्यों पंजाब, हरियाणा, कानपुर, लखनऊ, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश, बड़ोदरा गुजरात, झारखंड, जयपुर राजस्थान सहित छत्तीसगढ़ के पर्यटन प्रेमी, पर्वतारोही, ब्लॉगर, पत्रकार, सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी, बिजनेसमैन, टीवी कलाकार, लेखकों का यह जत्था सरगुजा संभाग के सभी जिलों के साथ मैनपाट, नेतरहाट, डीपाडीह, सावंत सरना, बेल्सर रामगढ़, महेशपुर, अंबिकापुर मां महामाया मंदिर, अमरकंटक अमृतधारा, कैलाश गुफा रजपुरी फाल, बगीचा, के साथ सरगुजा अंचल के लोक संस्कृति और जनजीवन को पास से देखने का प्रयास करेगी। सरगुजा मुख्यालय अंबिकापुर में एक होटल में अंबिकापुर के स्थानीय मेज़बानो ने उनका स्वागत किया। इस यात्रा में नगर के पर्यटन प्रेमी संदीप गुप्ता उनके साथ रहेंगे। बीते सोमवार सुबह अंबिकापुर के होटल के कार्यक्रम मैं अतिथियों को पुष्पहार से स्वागत किया गया. कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र तिवारी ने किया. आयोजन समिति से संदीप गुप्ता इति चतुर्वेदी ने अतिथियों को सम्मानित किया. इस अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए आयोजन समिति के अधिवक्ता जयेश वर्मा ने कहा कि सरगुजा अंचल की समृद्ध संस्कृति, पुरातत्व,विरासत को पर्यटन के माध्यम से विश्व पटल पर स्थापित करने के उद्देश्य से हमारा यह स्वेच्छिक प्रयास है. हम सरगुजा में पर्यटन के विकास हेतु योगदान देते रहेंगे। लेखन,कला संस्कृति से जुड़े अंबिकापुर के सुरेंद्र तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के उत्तरी छोर पर बसे सरगुजा संभाग के 6 जिले की अपनी एक विशिष्ट पहचान है. यहां का लोक जीवन, समृद्ध आदिवासी संस्कृति, पर्यटन स्थल,और नैसर्गिक परिवेश, इसे छत्तीसगढ़ में अनूठा स्थान दिलाते हैं।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक, समय सीमा के लंबित प्रकरणों प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com





कलेक्टर शआकाश छिकारा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार समय सीमा की लंबित प्रकरणों, जनदर्शन, जन चौपाल आदि में प्राप्त शिकायतों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सुशासन सप्ताह - प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक जिले अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को सुशासन सप्ताह एवं राज्य शासन के 1 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों को आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाने के लिए आवश्यक तैयारी करने कहा। कलेक्टर छिकारा ने दिव्यांगता जांच शिविर में बनायें दिव्यांगता प्रमाण पत्र की जानकारी लेते हुए सभी पात्र लोगों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने कहा। उन्होंने ई - डिस्ट्रिक्ट पोर्टल में जाति प्रमाण पत्र के सप्ताहित प्रगति की समीक्षा करते हुए ग्राम सभा से प्राप्त जाति प्रमाण पत्र के आवेदनों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि लक्ष्य अनुरूप जाति प्रमाण पत्र बनाने में प्रगति लाएं। उन्होंने स्वास्थ्य के अधिकारियों को वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के प्रगति जानकारी लेकर शत प्रतिशत बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में लंबित अनुकंपा नियुक्ति, डायवर्सन के प्रकरण, नक्शा बटांकन की जानकारी, विवादित खाता विभाजन, विवादित नामांतरण, धान खरीदी, अविवादित नामांतरण, सीमांकन के प्रकरण, जल जीवन मिशन के कार्य, उत्कृष्ट जांजगीर-चांपा अभियान, आयुष्मान कार्ड, जल जीवन मिशन, पीएम जन आरोग्य योजना, किसान सम्मान निधि, पीएम आवास, पीएम विश्वकर्मा, महतारी वंदन योजना, केसीसी की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

## प्रथम पेज का शेष

### आईएएस अफसर

तत्कालीन मिशन संचालक जल जीवन मिशन, अमृत कुमार खलको तत्कालीन सचिव श्रम एवं श्रमायुक्त सह मुख्य कारखाना निरीक्षक, नुपुर राशि पन्ना तत्कालीन अपर कलेक्टर, किरण कौशल तत्कालीन प्रबंध संचालक राज्य सहकारी विपरण संघ, टी. राधाकृष्णन, संजीव कुमार झा तत्कालीन कलेक्टर सूरजपुर, इफ्फत आरा तत्कालीन कलेक्टर सूरजपुर, भुवनेश यादव तत्कालीन सचिव उच्च शिक्षा विभाग, जीवन किशोर ध्रुव तत्कालीन सचिव छग पीएससी, टामन सिंह सोनवानी तत्कालीन अध्यक्ष छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग।

### सड़क हादसे में 7 की मौत, 6 घायल किया गया अंतिम संस्कार

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मर्ग कायम कर सभी मृतकों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था, जिसके पश्चात शवों को परिजनों के हवाले किया गया। सोमवार को करीबन 4 बजे गुरेदा के मुक्तिधाम में मृतक दुरपत, जिग्नेश और इमला बाई एवं सिकोला के मुक्तिधाम में चालक युवराज का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान पूरे गांव में मातम छा गया। एक साथ 4 चिताएं जलने से दोनों गांव में माहौल गमगीन हो गया। सभी ने नम आंखों से मृतकों को विदाई दी। वही बताया जा रहा है कि एसयूवी में सवार सभी 13 लोग ग्राम गुरेदा के ही ग्रामीण यशवंत की बेटी के छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने गए हुए थे। छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने गांव से कुल तीन गाड़ियां डौंडी आई थी। जिसमें एसयूवी क्रमांक सीजी 04 एलडी 8049 यडक हादसे का शिकार हो गई।

### सड़को पर दौड़ रही यमराज बन माइंस की गाड़ियां

ग्राम कुसुमकसा से भानुप्रतापपुर तक रोजाना सैकड़ों ट्रक और हाइवा तेज रफ्तार दौड़ती है। जिनपर आज तलक लगाम नही लगाया जा सका है। नियम कायदों को ताक पर रख यमराज बन वाहन दौड़ती हैं। जिसमें अधिकांश वाहने माइंस की और आयरन ओर से भरी हुई रहती है। जो दिन तो दिन रात में भी सड़कों में तेज गति से दौड़ती है। सड़को पर दौड़ती माइंस के वाहनों की रफ्तार ओर रोक लगानी बेहद जरूरी है।

### सीएम ने जताया गहरा दु:ख

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हादसे पर गहरा दुःख जताया है। उन्होंने जिला प्रशासन को घायलों का बेहतर इलाज की व्यवस्था करने निर्देश दिया। वही दिवंगतो की शांति और घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ्य होने एवं शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

# केशरवानी समाज युवक युवती परिचय सम्मेलन, पारिवारिक मिलन एवं सम्मान समारोह 13 जनवरी को

**जांजगीर चाम्पा।** छत्तीसगढ़ राज्य केशरवानी वैश्य सभा एवं शिवरीनारायण नगर सभा के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 13 जनवरी सोमवार को जांजगीर चाम्पा के महानदी, शिवनाथ और जोंक नदी के तट पर स्थित मां शबरी की पावन धरा शिवरीनारायण में युवक युवती परिचय सम्मेलन, पारिवारिक मिलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया है। आयोजन की विशेष बात है कि इस दिन छत्तीसगढ़ का पारम्परिक त्यौहार छेर छेरा पुन्नी है, समारोह में पहुंचे अतिथियों और आगंतुकों के लिए त्रिवेणी संगम में स्नान करने का भी अवसर होगा, साथ ही विश्व प्रसिद्ध नर-नारायण मंदिर के दर्शन,सुरभि सीरियल में बताया गया बरपेड़ जिसका पत्ता दोने के आकार का होता है उसका दर्शन, नौका विहार,खरौद में लक्ष्मण जी द्वारा स्थापित लक्ष्मेणश्वर महादेव के दर्शन,नवागढ. के लिगेंश्वर महादेव के दर्शन, केरा में सती माता जी के दर्शन, देवरघट्टा में हनुमान जी के दर्शन,मेंहदी में हनुमान जी के दर्शन एवं अन्य आसपास के दर्शनीय स्थल का भी आनंद ले पाएंगे।

## मुख्त्यारनामा आम का निरस्तीकरण

ई स्टाम्प कमांक - IN-CG 61704909862163W दिनांक -12.12.2024

**आम मुख्त्यार निरस्त करने वालागण:-**

1. सरस्वती साहू उम्र 73 वर्ष पिता श्री बैराम (पति ओमप्रकाश साहू) आ.नं.-9967 6828 8483
2. अनुसुइया उम्र 69 वर्ष पिता बैराम (पति व्ही एन साहू) आ.-2409 0354 5292
3. जयश्री उम्र 63 वर्ष पिता बैराम (पति जयनारायण साहू) आ.-7588 2404 6279 जाति तेली (गैरआदिवासी) कास्तकारी ग्राम पाण्डुका तहसील छुरा जिला गरियाबंद छ.ग.।

**आम मुख्त्यार जिसे नियुक्ति किया गया था :-**
महेन्द्र कुमार साहू उम्र 56 वर्ष पिता श्री चंद्र कुमार साहू जाति तेली (गैरआदिवासी) निवासी ग्राम पाण्डुका तहसील छुरा जिला गरियाबंद छ.ग.। आ.नं.-4764 1597 9553

यह कि मुख्त्यार निरस्त करने वालों के नाम पर शामिल खाता में ग्राम पाण्डुका प.ह.न.18 रा.नि. म. पाण्डुका तहसील छुरा जिला गरियाबंद छ.ग. में कृषि भूमि स्थित है जिसका ख.न. 145, 180, 184, 242, 452, 519, 539, 622, 685, 765, 835, 841, 850, 904, 908, 945, 953, 1006, 1014, 1027, 1122, 1221, 1423, 1473 रकबा कमशः 0.35 हे, 0.02 हे, 0.20 हे, 0.08 हे, 0.20 हे, 0.10 हे, 0.14 हे, 0.51 हे, 0.28 हे, 0.21 हे, 0.05 हे, 0.23 हे, 0.16 हे, 0.02 हे, 0.21 हे, 0.33 हे, 0.49 हे, 0.17 हे, 0.16 हे, 0.81 हे, 1.60 हे, 0.37 हे, 0.71 हे, 0.07 हे, कुल खसरा नंबर 24 योग रकबा 7.47 हे लगान 22.34 पैसा एवं ग्राम खट्टी प.ह.न. 17 रा.नि.म. पाण्डुका तहसील छुरा जिला गरियाबंद छ.ग. में भूमि स्थित जिसका खसरा नंबर 225 रकबा 1.19 हे. है।

यह कि उपरोक्त भूमि का दिनांक 11.12.2024 को आम मुख्त्यार नियुक्ति किया गया था जिसके पक्ष में मुख्त्यार आम नियुक्ति किया गया था जिसका ग्रंथ क्रमांक 1, पुस्तक क्रमांक 4 में दर्ज है जिसका रजिस्ट्रेशन क्रमांक सी.जी.-2024-25-207-4-4 में दर्ज है।

यह कि पक्ष क्रं.1 वर्तमान में पक्ष क्रं. 1 अपनी संपत्ति को देख रेख करने के लिए सक्षम है जिसके कारण पक्ष क्रं. 1 अपने द्वारा पक्ष क्रं. 02 को अपनी चल अचल संपत्ति में दिये गये आम मुख्त्यारनामा को निरस्त कराना चाहता है।

यह कि आज दिनांक के बाद पूर्व में दिनांक 11.12.2024 को निष्पादित आम मुख्त्यार को निरस्त करता है तथा आज के बाद पक्ष क्रं. 02 को दिया गया समस्त अधिकार समाप्त किया जा रहा है, यह कि आज के बाद पक्ष क्रं. 2 के द्वारा आम मुख्त्यार की हैसियत से हमारी उक्त संपत्ति के संबंध में किया गया कोई भी संव्यवहार हमें मान्य व स्वीकार नहीं होगा।

**सरस्वती साहू पति ओमप्रकाश साहू**
ए-33, वार्ड नंबर 42, सीपत मार्ग विजयापुरम बिलासपुर , पिन-495001, मो.-87702-00195
**अनुसुइया पति व्ही एन साहू, जयश्री पति जयनारायण साहू**

## शपथ पत्र

मैं केशव सालमा उम्र 38 वर्ष पिता गौतम सालमा जाति रावत निवासी ग्राम खपरीडीह थाना व तहसील सरायपाली जिला महासमुंद छ.ग. का हूँ एवं निम्नानुसार शपथ पूर्वक सत्यकथन करता हूँ :-

1. यह कि मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम प्रीती सालमा पिता केशव सालमा है जो कि मेरी पुत्री के नाम पर जारी जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है।
2. यह कि मेरी पुत्री के नाम पर जारी आधार कार्ड मेरी पुत्री का नाम भारती केशव सालमा आधार कार्ड क्रमांक-5408 6381 6698 में मानवीय भूलवश दर्ज कर दिया गया है जिसे सुधार कर प्रीती सालमा पिता केशव सालमा अंकित किये जाने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।
3. यह कि प्रीती सालमा पिता केशव सालमा एवं भारती केशव सालमा उक्त दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति का नाम तथा मेरा ही नाम है। अन्य किसी का नाम नहीं है जिसके प्रमाण में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यनिष्ठा पूर्वक तसदीक करता हूँ कि इस शपथ पत्र की समस्त कंडिका मेरे स्वयं की जानकारी से सत्य व सही है। अतः आज दिनाँक 16/12/2024 को सरायपाली में इस पर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**सत्यापनकर्ता**

## शपथ पत्र

मैं पन्नालाल चन्द्राकर पिता श्री श्यामलाल चन्द्राकर उम्र 34 वर्ष निवासी सुखाताल पो. कन्हेरा तह. थानखम्हरिया जिला बेमेतरा (छ.ग.) पिन 491335 निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ:-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मैं राघवेन्द्र उर्फ राकेश पिता पन्नालाल चन्द्राकर उम्र 14 वर्ष सूखाताल पो. कन्हेरा, तह. थानखम्हरिया जिला बेमेतरा छत्तीसगढ़ पिन 491335 का नैसर्गिक पिता हूँ।
3. यह कि राघवेन्द्र उर्फ राकेश उम्र 14 वर्ष नाबालिक बालक होने के कारण शपथ लेने व अन्य विधिक कार्यवाहियों के लिए असमर्थ है, अतः ईनके नैसर्गिक पिता होने के नाते इनके समस्त विधिक कार्यावाहीयों में भाग लेने के लिये सक्षम हूँ।
4. यह कि राघवेन्द्र उर्फ राकेश उम्र 14 वर्ष का नाम जन्म प्रमाण पत्र स्कुल रिकार्ड में राघवेन्द्र के नाम से दर्ज है तथा आधार कार्ड में ईनका घरेलू नाम राकेश दर्ज है जिसे परिवर्तित कर वास्तविक नाम राघवेन्द्र चन्द्राकर आधार कार्ड सही सभी विधिक दस्तावेजों (जन्म प्रमाण पत्र, स्कुल रिकार्ड एवं अन्य शासकीय रिकार्ड) में दर्ज नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं पन्नालाल चन्द्राकर पिता श्री श्यामलाल चन्द्राकर उम्र 34 वर्ष निवासी सुखाताल पो. कन्हेरा तह. थानखम्हरिया जिला बेमेतरा (छ.ग.) पिन 491335 यह सत्यापित करता हूँ कि इस शपथ पत्र की कुल कंडिका क्रमांक 1 से 4 तक में दी गई जानकारी मेरे निजी ज्ञान व विश्वास के अनुसार सत्य एव सही है। अतः आज दिनाक वीरप को स्थान बेमेतरा में अपने हस्ताक्षर कर दिया है।

**सत्यापनकर्ता**

# सेलूद में यादव समाज ने गौठान को सुरक्षित रखने सरपंच को सौंपा ज्ञापन

## पंचायत प्रस्ताव के आधार पर भूमि आबंटन किया गया है : खेमिन साहू

पायनियर संवाददाता ✓ उतई
www.dailypioneer.com




ग्राम सेलूद के सर्व यादव समाज के प्रतिनिधियों ने सैकड़ों की संख्या में ग्राम पंचायत सेलूद पहुँचकर गौठान को सुरक्षित रखने की मांग की। समाज के लोगों ने आक्रोशित होकर ग्राम पंचायत सेलूद की सरपंच के खिलाफ नारे भी लगाए। फिर समाज के लोगों ने सरपंच को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने सेलूद के भाठापारा गोकुलधाम मे सर्व यादव समाज का भवन एवं राधा कृष्ण मंदिर है जहां कुछ साल पूर्व खाली मैदान था जिसे अवैध कब्जा से बचाने के लिए यादव समाज ने प्रयास और संघर्ष करने पर ही बाउड्रीवाल का निर्माण हुआ । इस मांग को पुरा कराने में यादव समाज की महत्वपूर्ण भुमिका रही है । इसी स्थल पर वर्तमान में ग्राम हित के आवश्यक समाजिक कार्यक्रम जैसे दशहरा नवरात्रि, सप्ताहिक बाजार, दिवाली, भाईदूज एवं खेलकूद का आयोजन किया जाता है।इस स्थल को ऐसे ही कार्य के लिए सुरक्षित रखा जाय ।इसमें किसी प्रकार से अन्य समाज के भवन निर्माण व प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आबंटित न किया जाय कि मांग लेकर पहुंचे सर्व यादव समाज ने सरपंच को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन सौपने वालों में नेतराम यादव अध्यक्ष कोसरिया यादव समाज ललित यादव उपाध्यक्ष खोमू यादव सचिव बिरेन्द्र यादव सहसचिव जयंत यादव रोमनाथ नीरज यादव नेहरू यादव दिनेश यादव चुरामन यादव तिरीथ यादव रिखी यादव ध्रुव कुमार यादव रोमनाथ यादव ताराचंद यादव नीरज यादव नेहरु यादव दिनेश यादव भागवत यादव डगेश यादवचुरामन यादव नीरा यादव तिरीथ यादव मन्टोरा यादव. अमरु यादव सुमन यादव विनिता यादव गोर्वधन यादव शेखर यादव शत्रुहन यादव भारत यादव बल्ला यादव भुखनलाल यादव नीरज यादव उत्तर यादव भूखन लाल यादव नीरज यादव चन्द्रपकाश यादव हल्लू यादव भूपेन्द्र यादव पीलू यादव हेमलाल यादव शकुन यादव ओमप्रकाश यादव यादव जागेश्वर यादव मन्नू यादव ठगिया यादव पन्ना यादव सेवकराम यादव रिखी यादव ममता यादव जितेन्द्र यादव सुमित्रा यादव रिखी राम यादव,जितेन मादव मिथलेश बबलू यादव गायत्री यादव जग्गूराम यादव लतेलू यादव अनिता यादव सुशीला यादव फेकूराम यादव प्रहलाद यादव हादसा सावित्री यादव हल्लू यादव जयंत यादव संतराम यादव देवकुवर यादव लोकेश यादत उमेश यादव मणी यादव सोना यादव राजेश यादव दुष्यंत यादव छन्नूलाल यादव शिवनंदन यादव रामेश्वरी यादव कुलेश्वर यादव विरकेश्वर यादव भुनेश्वर यादव सीताराम यादव दीपक यादव चैतराम यादव संजय यादव राकेश यादव केशव यादव कुनी बाई यादव पुन्नीबाई यादव राकेश यादव केशव यादव प्रहलाद यादव संजय यादव दिलीप यादव अंथूराम यादव सुनीति यादव रामनारायण यादव गोकुल यादव मोंगरा यादव टिकेश्वरी यादव ऐमन यादव कुमार यादव निर्मला यादव अशोक यादव नर्मदा यादव कौशल यादव सुखराम यादव सुकालू यादव मुकेश यादव नंदकुमार यादव भूपेन्द्र यादव मनहरण यादव शेखर यादव पुरुषोत्तम यादव ईश्वर यादव दिनेश यादव मिश्री यादव सहित सैकड़ों की संख्या में यादव समाज के महिला पुरुष उपस्थित थे ।

इस संबंध में ग्राम पंचायत सेलूद की सरपंच खेमीन साहू ने बतलाया कि पंचायत प्रस्ताव के आधार पर जगह आबंटित किया गया है। जिसमें यादव समाज के पंचगणों की सहमति उपरांत प्रस्ताव पारित किया गया है।

# जिले में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या बांग्लादेशियों की पहचान कर उचित कार्यवाही के लिए विहिप ने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला बलौदाबाजार भाटापारा के सदस्यों ने कलेक्टर दीपक सोनी को ज्ञापन के माध्यम से बाहरी व्यक्तियों जिनमे रोहिंग्या बांग्लादेशी मुसलमान भी शामिल हो सकते हैं की जांच पड़ताल कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है विहिप जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने कहा कि जिला मुख्यालय समेत आसपास गांवों कस्बों नगर में बड़ी संख्या में बाहरी व्यक्ति किराये का मकान लेकर रह रहे हैं एवं जीविकोपार्जन के लिए ठेले गुमठी फेरी लगाकर समान खाद्य पदार्थ इत्यादि बेचने और विभिन्न प्लांटों फैक्टरियों में मजदूरी आदि का काम कर रहे हैं। जिले में विगत कुछ समय से नशे का कारोबार चाकूबाजी चोरी के साथ हत्या लूट बलात्कार एवं अबोध नादान बच्चियों को बरगलाकर भगाने की घटनाएं भी बढ़ी हैं एवं इसके साथ ही जिले में हाल फिलहाल में जातीय हिंसा साम्प्रदायिक हिंसा हिन्दू देवी देवताओं की मूर्तियां तोड़ने सतनामी समाज द्वारा पूज्य पवित्र जैतखाम को नुकसान पहुंचाने कलेक्टर अधीक्षक कार्यालय में आगजनी तोड़फोड़ जैसी घोर निंदनीय घटनाओं तक को अंजाम दिया गया। इन सभी बातों का ध्यान रखते हुए जिले भर में अभियान चलाकर बाहर से आकर निवास कर रहे लोगों की जांच पड़ताल की जाए एवं संदिग्ध पाए जाने पर उचित कार्यवाही की जाए समय समय पर विहिप द्वारा ये मांग उठाया गया है लेकिन अभी तक इसका कोई शासन प्रशासन पर नही हुआ है।जिले में शांति बनाए रखने एवं अवैध गलत कार्यों को रोकने के लिए यह कार्यवाही होनी ही चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में विहिप जिलामंत्री राजेश केशरवानी जिला सहसंयोजक विजय साहू प्रखंड संयोजक विनय धींवर, द्वारिका साहू उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों को लगा बिजली का करेंट एक सौ आने वाला बिल आया पांच हजार

पायनियर संवाददाता ✓ उतई
www.dailypioneer.com



पाटन जनपद सदस्य खिलेश बबलू मारकंडे ने कहा कि सरकार के द्वारा बिजली बिल के दाम बढाने और नया मीटर लगाने से ग्रामीणों को बड़ा झटका लगा है। उन्होंने कहा कि मेरे जनपद क्षेत्र के गाँव में दर्जनों ग्रामीणो का बिजली बिल जो एक सौ रुपये आता था वह अब हजारों में आ रहा है। जिससे ग्रामीण बहुत आक्रोशित है। बिजली विभाग के इस खेल का शिकार पहले रीडिग करने वाले रीडर के बाद अब स्थानीय जनप्रतिनिधियो तक यह आक्रोश पहुंच रहा है ।ग्राम सेलुद के शास्त्री चौक निवासी बुधारु राम साहू पिता मिट्ठुराम साहु का बिल एक सौ दो सौ आता था वह इस महीने पांच हजार रुपये आया है। बर्तन व्यवसायी राजेन्द्र साहू का बिल आठ हजार आया है। कृषक गैंदलाल बंछोर का बिल ढाई हजार आया है इसी प्रकार पुरे गाँव भर में बिजली बिल जो सैकडे में आता था वह अब हजारो में आया है। इतने बिल को ग्रामीण उपभोक्ता कैसे पटाये उसकी आर्थिक स्थिति पटाने के लायक नहीं है। बिजली विभाग ने नये मीटर के नाम पर ग्रामीण उपभोक्ता को लुटने का अनोखा खेल खेला है। पहले सभी के घर में लगे सही तरीके से चल रहे मीटर को सुविधा के नाम पर जबरदस्ती बदल दिया गया। जो ग्रामीण उपभोक्ता मीटर नहीं बदलने की बात किये उसके घर का बिजली कनेशन काट देने की धमकी देकर जबरदस्ती मीटर लगा दिया गया। फिर सारे गाँव में मीटर लगते तक लगभग तीन महीने तक सभी को ऐवरेज बिल देते रहे। अब अचानक से तीन महीने बाद रीडिग बिल आया। जिसमें उपभोक्ता का रीडिग तीन महीने में पांच सौ छः सौ से अधिक हो गया ।यह सब बिजली विभाग ने जान बुझकर षड्यंत्र के तहत किया क्योंकि उनको मालुम है कि एक साथ रीडिग होने पर उनका गणना दर बढ़ जायेगा। और उनका बिल हजारों में आयेगा और यही हुआ जो रीडिग तीन महिने का था उसे एक महीने में करने से बिल भारी भरकम आ रहा है और बिल अधिक होने पर सुरक्षा निधि भी और जोड़ दिया गया है। बिजली विभाग की दादागिरी चलती है पहले बिल पटाओ फिर आपकी बात सुनी जायेगी । लेकिन एक बार बिल पट जाने के बाद कोई कार्यवाही नहीं होती है ।इस बिल के पीछे रीडर की या बिजली विभाग दोनों में से जिसकी गलती है उससे ग्रामीण गरीब उपभोक्ताओं के बिल की वसुली की जाए।

# आवास मित्र भर्ती की चयन सूची जारी

**गरियाबंद।** जिला पंचायत गरियाबंद द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत हितग्राहियों को तकनीकी मार्गदर्शन एवं सामग्री की उपलब्धता में सहायता की दृष्टि से जनपद पंचायत फिंगेश्वर के क्लस्टर श्यामनगर के लिए आवास मित्र समर्पित मानव संसाधन का मेरिट एवं चयन /प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों की सूची जिला गरियाबंद के वेब साईट पर अपलोड की गई है। चयनित अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन जनपद पंचायत फिंगेश्वर में 19 दिसम्बर 2024 को किया जायेगा। इससे संबंधित अन्य जानकारी जिला पंचायत गरियाबंद एवं जनपद पंचायत फिंगेश्वर के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

# एनआईटी में आयोजित राज्य स्तरीय कैम्प में प्रथम रैंक पर रही आशी सतपथी

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com



विद्यार्थी विज्ञान मंथन एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है जो विज्ञान भारती ), विज्ञान प्रसार,विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संगठन है जो राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से संचालित है। बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न करने तथा भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा दिए गए योगदान से अवगत करवाने के उद्देश्य से तीन चरणों (स्कूल, राज्य, राष्ट्रीय)में आयोजित होने वाली परीक्षा है जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर टॉप रैंकर विद्यार्थीयों को एक साल तक 2 हजार रुपए प्रतिमाह के हिसाब से स्कॉलरशिप दी जाती है विद्यार्थी विज्ञान मंथन (इंडिया का लार्जेस्ट ऑनलाइन टैलेंट एक्जाम) के तहत प्रभारी प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी के सतत मार्गदर्शन में मिडिल स्कूल के 30 विद्यार्थियों ने अपना पंजीयन कराया जिनका परीक्षा परिणाम काफ़ी प्रशंसनीय रहा। इसमें राज्य स्तरीय कैम्प (एस.एल.सी.) हेतु छठवीं की छात्रा कु.आशी सतपथी जो ज़िला स्तर पर छटवीं कक्षा स्तर में प्रथम रैंक पर रहीं है उनका चयन एनआईटी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कैम्प (एस.एल.सी.) हेतु हुआ जहां पर आशी सतपथी ने सफलतापूर्वक प्रतिभागिता किया जिससे प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसमें कु.आशी सतपथी की माता नंदिनी सतपथी एवं पिता जयंत सतपथी का भी खूब योगदान रहा है।

वीवीएम एक्जाम को - आर्डिनेटर यशवंत चौधरी ने बताया कि इस बार सेजेस सरायपाली ने एक नया कीर्तिमान अर्जित किया है जिला स्तर पर अधिकाधिक विद्यार्थियों ने टॉप सूची में जगह बनाई है। जिला स्तर पर रैंक होल्डर के रुप में सेजेस से छटवीं कक्षा स्तर पर आशी सतपथी ने प्रथम स्थान, देविका चौधरी ने द्वितीय स्थान,समृद्धि नायक तृतीय स्थान प्राप्त किया है । सातवीं कक्षा स्तर में प्रकृति प्रधान ने द्वितीय स्थान तथा कक्षा आठवीं स्तर पर श्रेष्ठ अग्रवाल ने प्रथम स्थान, अनय अग्रवाल एवं आस्था पटेल ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त कर अपना और विद्यालय/क्षेत्र का नाम रोशन किया है जिन्हें वी.वी.एम.द्वारा इन्हें मेरिट सर्टिफिकेट एवं अन्य प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। ज्ञात हो कि विगत वर्षों में भी सेजेस के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय टॉप लिस्ट में रैंक होल्डर बन चुके हैं ।

# सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर सुशासन पखवाड़ा के तहत बिहान समूह की दीदियों ने सुशासन संदेश, रंगोली संकल्प और सुशासन शपथ लिया



पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद पंचायत गरियाबंद के अंतर्गत सुशासन पखवाड़ा के तहत वसुंधरा संकुल संगठन फुलकर्रा बिहान समूह की दीदियों द्वारा सुशासन संदेश, सुशासन रंगोली सुशासन संकल्प और सुशासन शपथ लिया गया। उल्लेखनीय है कि 9 दिसम्बर से जिले में विभागों के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

# कुरूद में अमृतेश्वर महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का कलश यात्रा के साथ हुआ भव्य शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ✓ कुरूद
www.dailypioneer.com



भारद्वाज मंदिर ट्रस्ट कुरूद के तत्त्वाधान में विनायक सिटी कुरूद में अमृतेश्वर महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ।मिली जानकारी अनुसार पूर्व मंत्री और कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में हो रहे इस कार्यक्रम में प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा निकाली गई।यह शोभायात्रा नगर की आराध्या देवी मां चंडी मंदिर से प्रारंभ हुई और पुराना बाजार, सरोजनी चौक,कारगिल चौक ,सांधा चौक होते हुए यज्ञ पूजा स्थल विनायक स्टे मंदिर प्रांगण कुरूद पहुंची।बड़ी संख्या में इस दौरान मातृ शक्तियों ने शामिल होकर अपनी आस्था प्रकट की।बाजे गाजे,नृत्य सहित बड़ी धूमधाम के साथ शोभायात्रा का उल्लास बना रहा।शोभायात्रा नगर भ्रमण कर विनायक स्टे पहुंची,जहां विधिवत कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।इसके अगले दिन यानी कल दिनांक 17 से 25 दिसंबर तक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत प्रतिदिन विभिन्न आयोजन होंगे और प्राण प्रतिष्ठा 25 दिसंबर को शुभ मुहूर्त में संपन्न होगा।

# डुंडेरा में गुरु घासीदास जयंती कल, रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग छत्तीसा का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ उतई
www.dailypioneer.com

सतनामी समाज ग्राम डुंडेरा द्वारा गुरु घासीदास बाबा जयंती समारोह 18 दिसम्बर बुधवार को दशहरा मैदान बाजार चौक डुंडेरा में मनाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ शोभायात्रा के साथ होगा। प्रारंभ में सतनाम महाआरती, ध्वजारोहण व प्रसाद वितरण होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ललित चन्द्राकर होंगे। अध्यक्षता सतनामी समाज के अध्यक्ष केशव महिपाल करेंगे। प्रमुख अतिथि भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक नवीन मारकंडे, भाजपा अजा मोर्चा के दुर्ग जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश माण्डले, सतनामी महिला समाज की अध्यक्ष शिवकुमारी जोशी, अतिविशिष्ट अतिथि महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, विशेष अतिथि सांसद प्रतिनिधि दीपक चन्द्राकर, समाजसेवी चंद्रीका यादव, पार्षद रोहित धनकर, पार्षद खिलेन्द्र चन्द्राकर, समाजसेवी सतीश यादव, पत्रकार राजेश बंजारे, समाजसेवी प्रेमनारायण मढ़रिया विशेष अतिथि होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत रात्रि 10 बजे से छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कला मंच रंग छत्तीसा जिला राजनांदगांव की प्रस्तुति होगी।

# अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति की साधारण सभा की बैठक सम्पन्न



पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अंकेक्षण वार्षिक रिपोर्ट का अनुमोदन एवं पारित, बैठक में वार्षिक रिपोर्ट का पुनः निरीक्षण करने एवं निरीक्षण हेतु समिति का गठन किये जाने का निर्णय लिया गया है। वर्ष 2024-25 का व्यवसाय का बजट (लक्ष्य) अनुमानित रहेगा। वर्ष 2024-25 के व्यवसाय का बजट का अनुमोदन किया गया। बैंक प्रवर्तित योजना अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना में ऋण वितरण अनुदान का अनुमोदन किया गया। बैंक प्रवर्तित योजना अंतर्गत अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं आदिवासी स्वरोजगार में ऋण वितरण का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा ऋण वसूली का अनुमोदन किया गया। कलेक्टर अग्रवाल ने निर्देशित किया कि जिन हितग्राहियों को ऋण वितरण किया गया है लेकिन उनके द्वारा किस्त जमा नहीं कर रहे ऐसे हितग्राहियों से नियम के तहत ऋण की वसूली करें। इस अवसर पर अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के कार्यपालन अधिकारी सुरश्मि गुप्ता, उपपंजीयक सहकारिता डॉ. उषा ध्रुव, कृषि विभाग के उप संचालक चंदन राय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक दीनबन्धु ध्रुव, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के महाप्रबंधक शिवेश मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# गुरूघासीदास जी की जयंती पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

**गरियाबंद।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 18 दिसम्बर को गुरूघासीदास जी की जयंती पर आदिम जाति कल्याण विभाग के माध्यम से स्कूली बच्चों द्वारा ऑक्शन हॉल में दोपहर 12 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसी कड़ी में 20 दिसम्बर को वन विभाग द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। 21 दिसम्बर को प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय में किसान सम्मेलन, 23 दिसम्बर को महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के अवसर पर अटल चौक पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने सभी कार्यक्रमों की तैयारियां सुनिश्चित करते हुए गंभीरतापूर्वक सभी आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिये है।

# सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर 19 से 24 दिसम्बर तक मनाया जाएगा

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासन के निर्देशानुसार सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक मनाया जा रहा है। इसके लिए शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लक्ष्य को सुदृढ़ता प्रदान करना है। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर गरियाबंद जिले में राजस्व विभाग द्वारा लगातार राजस्व चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक पटवारी अपने हल्के प्रत्येक गांव में राजस्व संबंधी प्रकरणो के निराकरण हेतु शिविर, चौपाल का आयोजन करेंगे। जिससे की यथा संभव हितग्राहियों के समस्याओं का निराकरण गांव पर ही संभव हो सके। इसके अलावा जिला कार्यालय में लोक संवाद नाम से विशेष प्रकोष्ठ कक्ष की स्थापना की गई है। जिसमें ऑनलाईन - ऑफलाईन जनसामान्य से प्राप्त शिकायतों/आवेदनों का त्वरित निराकरण एवं निगरानी की जा सके। जिसके तहत लाभार्थियों से सीधे फोन कॉल कर शासन की विभिन्न हितग्राहिमूलक योजनाओं प्राप्त/सुविधाओं से फीडबैक प्राप्त कर प्रक्रिया को और सुगम सरल बनाया जा सके। सुशासन साप्ताह में शासन की विभिन्न विभागों में प्राप्त शिकायतों/आवेदनो के निराकरण के विशेष प्रयास किये जायेंगे। तथा हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक जनसामान्य को मिल सके।

# भाटापारा समुदायिक केंद्र में हुआ विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन, 700 से अधिक लोगो ने लिया लाभ

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाटापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण एवं इलाज के साथ शासन के द्वारा संचालित निक्षय निरामय योजना, आयुष्मान वय वंदना योजना जैसे अनेक महत्वपूर्ण शासन की योजनाओं के अंतर्गत स्वास्थ्य मेला में पहुंचने वाले मरीजों को सुविधा प्रदान की गई। विकलांगो को वॉकर व छड़ी का भी वितरण किया गया । रक्तदान करने वाले को जिला स्तरीय अस्पताल अंतर्गत प्रमाणपत्र वितरित किया गया।

सर्वधर्म रक्तदान समूह के द्वारा आनन्द कुर्रे ने सहायता शिविर में सहायत प्रदान की। कुष्ठ जांच के लिए कमलेश अजगले, आयुष्मान काउंटर पर सुशील वर्मा, फिजियोथेरेपी यसवंत लक्ष्मे, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ सौरभ वर्मा, दंत चिकित्सा डॉ अरुण इक्का, लैब जांच संतोष वर्मा, आंख जांच किस्मत कुमार गुलेरी, ब्लड विभाग अंशुल सिंह, एचआईवी जांच फरहत मिर्जा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भाटापारा के स्टाफकी ड्यूटी लगाई गई थी।





**बीएमओ माहेश्वरी ने बताया शिविर की सुविधाएं**-भाटापारा ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. राजेंद्र माहेश्वरी ने स्वास्थ्य मेला के बारे में विभिन्न जानकारियां प्रदान करते हुए बताया कि भाटापारा के सरकारी अस्पताल में विशाल शिविर लगाकर स्वास्थ्य मेला का आयोजन आज 16 दिसम्बर को किया गया है जिसमे लोगो को स्वास्थ्य लाभ ज्यादा से ज्यादा उपलब्ध कराना उद्देश्य है जिसका लाभ लगभग 700 से ऊपर लोगो को मिला है। आज इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में 17 लोगों के द्वारा रक्तदान किया गया। विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं जांच किया गया जिसमे कुल ओपीडी 566,जिसमे टी बी स्क्रीनिंग 502, खखार जांच 06, टी बी पॉजिटिव की संख्या 01, स्क्रीनिंग मधुमेह 566, उच्च रक्तचाप 566,ओरल कैंसर 566, कुष्ठ जाँच 06, दंत रोग 75, सिकलिंग जांच 12,एचआईवी जांच 26, नेत्र जांच ओपीडी 60, मोतियाबिंद जांच 10 किया गया, आयुष्मान कार्ड 18 बनाया गया, गैर संचारी रोग स्क्रीनिंग 566 का जांच किया गया। स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का मुख्य परीक्षण किया गया। बुजुर्ग देखभाल कार्यक्रम अंतर्गत निशक्त हितग्राही 15 को छड़ी प्रदान किया गया। मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं चिंता, चिड़चिड़ापन, उदासी, तनाव। इस शिविर में विशेष रूप से नशा मुक्ति की काउंसलिंग तंबाकू एवं नशा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

**आभा एप्प दिलाएगी पर्ची की लंबी लाइनों से छुटकारा**-भाटापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के वार्ड बॉय एवं आभा मोबाइल एप्प प्रभारी दीपेश कुमार यादव ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में मरीजो को पर्ची बनाने के लिए लंबी-लंबी लाइनों का सामना करना पड़ता है जिसके लिए भारत सरकार द्वारा आभा एप्प मोबाइल में लॉन्च किया गया है जिसको रजिस्टर्ड करके अस्पताल में लगे क्यू आर कोड को स्कैन करने के बाद आपको तुरंत पर्ची प्राप्त हो जाएगी जिससे आप लंबी लाइनें एवं असुविधाओं से बच सकते हैं। इसके लिए सरकारी अस्पताल में जागरूकता के रूप में रोजाना आने वाले मरीजों को जानकारी एवं उनके मोबाइल में एप्प डाउनलोड करके दिया जा रहा है।

# जनादेश परब : वृद्धाश्रम में खेलकूद आयोजन से बुजुर्गों में दिखा उत्साह

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित जनादेश परब के तहत कबीरधाम जिले के समाज कल्याण विभाग ने कवर्धा स्थित वृद्धाश्रम में एक अनूठे खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों को सक्रियता और खुशियों से भरपूर पलों का अनुभव कराना था। इस विशेष आयोजन में वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विभिन्न खेल गतिविधियों जैसे चेयर रेस, अंताक्षरी, गेंद फेंक, और स्मृति आधारित खेलों का आयोजन किया गया। बुजुर्गों ने इन खेलों में न केवल अपनी प्रतिभा दिखाई, बल्कि उत्साह और उमंग से आयोजन को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम के दौरान कुछ बुजुर्गों ने अपने अनुभव साझा किए और कहा कि इतने वर्षों बाद उन्होंने इस तरह के आयोजन में भाग लिया है, जिससे उन्हें नई ऊर्जा और खुशी का अनुभव हुआ। एक बुजुर्ग ने कहा कि यह हमारे जीवन का एक विशेष दिन है। हमने अपने बचपन के दिनों की यादों को फिर से जी लिया।



**आयोजन ने बिखेरी खुशियों की रोशनी**-समाज कल्याण विभाग उप संचालक अभिलाषा पंड्या ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों को मानसिक और शारीरिक सक्रियता के साथ-साथ सामाजिक जुड़ाव का अनुभव कराना है। अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले बुजुर्गों को पुरस्कार देकर उनका उत्साह बढ़ाया। वृद्धाश्रम के कर्मचारियों और आयोजन टीम ने बुजुर्गों की सहायता करते हुए उनके साथ समय बिताया। इस आयोजन ने वहां के वातावरण को एक आनंदमय माहौल में बदल दिया, जहां हर चेहरा मुस्कुराता हुआ नजर आया।

# सुशासन जनादेश पर्व के तहत गौरकापा में गौ-पूजन कार्यक्रम और पशु चिकित्सा शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के एक वर्ष पूरा होने पर सुशासन जनादेश पर्व के अंतर्गत राज्य शासन के निर्देशानुसार गौवंश संरक्षण एवं संवर्धन को प्रोत्साहन देने के लिए पंडरिया विकासखंड के कृष्ण गोपाल गौशाला, गौरकापा में गौ-पूजन कार्यक्रम और निःशुल्क बहुद्देशीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल ने गौ-पूजन कर किया। इस अवसर पर गौशाला समिति की बैठक का भी आयोजन किया गया, जिसमें गौवंश संरक्षण एवं संवर्धन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए गए।अध्यक्ष पटेल ने गौसेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाले दानदाताओं को




फल भेंट कर सम्मानित किया। इन दानदाताओं में राशि दान, श्रमदान, पैरादान और चारा दान करने वाले शामिल थे। साथ ही गौशाला के पशुओं की देखरेख, चारा-पानी उपलब्ध कराने और चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने वाले सेवा प्रदाताओं का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पटेल ने गौ उत्पादों की उपयोगिता और उनके महत्व पर प्रकाश डालते हुए व्याख्यान दिया। गौशाला परिसर में आयोजित निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर में पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार की सुविधा प्रदान की गई। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को गौसेवा एवं गौसंवर्धन के प्रति समर्पित रहने और इसके लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में पशुधन विकास विभाग के जिला अधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# महतारी वंदन योजना ने साकार किया सोने का लॉकेट खरीदने का सपना

## छत्तीसगढ़ सरकार की आर्थिक सहायता से आत्मनिर्भर बनीं दसवंतीन बाई

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले के एक छोटे से गाँव सैगोना नयापारा की रहने वाली दसवंतीन बाई पटेल ने कभी नहीं सोचा था कि उनका सोने का लॉकेट खरीदने का सपना पूरा हो सकेगा। उनके परिवार में पति रमेशर पटेल और बेटा-बहू हैं, जो खेती और मजदूरी कर जीवनयापन करते हैं। लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना ने उनके सपनों को पंख दिए। दसवंतीन बाई बताती है कि महतारी वंदन योजना के तहत प्रति माह 1000 रुपए की आर्थिक सहायता ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद की है। 7 महीने की किश्तों को एकत्र कर उन्होंने सोने का लॉकेट



खरीदा, जो उनके लिए एक सपने के पूरे होने जैसा था। दसवंतीन बाई गर्व से कहती हैं यदि महतारी वंदन योजना नहीं होती, तो मैं सोने का लॉकेट कभी नहीं खरीद पाती। यह मेरे लिए बहुत खास है, और इसे पहनकर मुझे अपनी मेहनत और सरकार के सहयोग का गर्व महसूस होता है। उन्होंने बताया कि हर महीने एक हजार रूपए की राशि मिल रही है। दसवंतीन बाई के परिवार को केवल महतारी वंदन योजना ही नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री आवास योजना और कृषि संबंधित योजनाओं का भी लाभ मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें पक्का मकान मिला, जो अब उनके परिवार की खुशहाली का प्रतीक बन चुका है। उनके पति और बेटे को भी सरकारी योजनाओं से कृषि में लाभ मिल रहा है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई है। दसवंतीन बाई ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और छत्तीसगढ़ सरकार का तहे दिल से धन्यवाद करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना ने न केवल मुझे आर्थिक रूप से सशक्त बनाया बल्कि मेरे आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है।

# त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के लिए मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिला कार्यालय के सभाकक्ष में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन और नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के लिए मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों ने त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय निर्वाचन के समग्र कार्यों पर विस्तृत जानकारी दी। चुनाव प्रक्रिया की प्रत्येक बारीकी पर ध्यान केंद्रित करते हुए मास्टर ट्रेनर्स को आगामी चुनावों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश और कार्यप्रणाली के बारे में अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में डिप्टी कलेक्टर मती गीता रायस्त, आरबी देवांगन सहित अधिकारी उपस्थित थे। सहायक संचालक एमके गुप्ता ने मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि आगामी चुनावों में निर्वाचन कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मास्टर ट्रेनर्स का यह प्रशिक्षण निर्वाचन प्रक्रिया को सटीक और बिना किसी अड़चन के संचालित करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण में सबसे प्रमुख चर्चा पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारियों के कार्यों पर केंद्रित रही। अधिकारियों को बताया गया कि मतदान के दिन उन्हें किस प्रकार से अपनी जिम्मेदारियां निभानी हैं, साथ ही मतदान केंद्र पर जाने से लेकर वोटिंग की प्रक्रिया तक प्रत्येक चरण की जिम्मेदारी को सही तरीके से निभाने के लिए उन्हें किस प्रकार तैयार रहना होगा।

# यासमीन कराचीवाला ने दुल्हनों के लिए बताये शादी के दिन सबसे खूबसूरत दिखने के 5 टिप्स

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

हर दुल्हन की ख्वाहिश होती है कि वह अपनी शादी के दिन सबसे खूबसूरत और आत्मविश्वास से भरी नजर आए, और यह पूरी तरह से सही है। हालांकि, शादी की तैयारियों में ढेर सारे कामों के बीच खुद की सेहत और फिटनेस अक्सर पीछे रह जाती है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि थोड़ा सा ध्यान और सही दिशा में किया गया प्रयास आपको न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी तैयार कर सकता है? फिटनेस कोच और पिलेट्स एक्सपर्ट यासमीन कराचीवाला अपनी कुछ खास टिप्स शेयर कर रही हैं, जिनकी मदद से हर दुल्हन खुद को आत्मविश्वास से भरपूर और दमकता हुआ महसूस कर सकती है। समझदारी से खाने का मतलब यह बिल्कुल भी नहीं कि आप भोजन करना छोड़ दें या क्रैश डाइटिंग करें। बल्कि, आपको एक संतुलित आहार अपनाना चाहिये, जिसमें आवश्यक पोषक तत्व हों। स्मार्ट स्नैकिंग के लिए कैलिफोर्निया आमंड एक बेहतरीन विकल्प हैं। 200 से



ज्यादा प्रकाशित अध्ययनों के अनुसार, बादाम में 15 पोषक तत्व जैसे विटामिन ई, मैग्नीशियम, प्रोटीन, राइबोफ्लेविन और जिंक होते हैं, जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हैं। कैलिफोर्निया आमंड विशेष रूप से प्रोटीन का अच्छा स्रोत है, जो न केवल ऊर्जा प्रदान करता है, बल्कि मांसपेशियों के विकास और रखरखाव में भी मदद करता है। आप बादाम को भूनकर खा सकती हैं या इन्हें भारतीय मसालों/स्पाइस के साथ मिला सकते हैं। क्योंकि बादाम ऊर्जा का खजाना हैं, ये आपको एनर्जी से भरपूर महसूस कराएंगे। वर्कआउट सबसे जरूरी है। दुल्हन बनना एक बहुत ही खास अनुभव है, लेकिन इस दौरान आप खुद को लेकर हमेशा व्यस्त रहती हैं, और अक्सर लगता है कि वर्कआउट के लिए समय नहीं मिल पा रहा है। लेकिन ध्यान रखें, वर्कआउट का मतलब हमेशा एक घंटा जिम में बिताना नहीं होता।

# मीशो 2024 समीक्षा: छोटे शहरों में बढ़ते उपभोग, जेन ज़ी, और जेन एआई इनोवेशन से मिली 35 प्रतिशत की साल दर साल वृद्धि

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के एकमात्र ट्रू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, मीशो ने 2024 में जबरदस्त वृद्धि की है। इसने सभी तक इंटरनेट कॉमर्स पहुँचाते हुए अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। अपने प्लेटफॉर्म पर मिलने वाले ऑर्डर में साल-दर-साल 35 प्रतिशत की वृद्धि के साथ मीशो ग्राहकों की पसंद से जुड़ा हुआ है, और देश में तेजी से ई-कॉमर्स का विस्तार कर रहा है। इसकी वृद्धि भारत में किफायती शॉपिंग पसंद करने वाले ग्राहकों के कारण है, जो फैशन, ब्यूटी, पर्सनल केयर और होम एसेंशियल्स में सस्ते और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद खरीदना चाहते हैं। देश के विभिन्न इलाकों और आबादियों के बीच उपभोक्ताओं के लगातार बदलते व्यवहार के साथ ई-कॉमर्स का भी विस्तार हो रहा है, तथा ग्राहक सस्ते दामों में गुणवत्तापूर्ण उत्पाद खरीदने की ओर आकर्षित हो रहे हैं। बाजार में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियाँ बनने के बाद भी मीशो के विकास की दर जारी रही और 2024 में इस पर लगभग 175 मिलियन सालाना यूज़र्स ने खरीदारी की। मीशो के 50 प्रतिशत ग्राहक टियर 4+ शहरों, जैसे नईदुपेटा (आंध्र प्रदेश), शेरघाटी (बिहार), और हरपनहल्ली (कर्नाटक) से हैं। साथ ही मीशो लगातार चौथे साल सबसे ज्यादा डाउनलोड होने वाला शॉपिंग ऐप बन गया, जिसे 210 मिलियन से ज्यादा बार डाउनलोड किया गया। यह वृद्धि मीशो की वित्तीय परफॉर्मेंस भी प्रदर्शित करती है। वित्तवर्ष 2023-24 में कंपनी पहली होरिज़ंटल ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म बनी, जिसने पूरे साल के लिए 232 करोड़ रुपये का ऑपरेटिंग कैश फ्लो बनाकर रखा। इस अवधि में ऑपरेशंस से मिलने वाला राजस्व 33 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 7,615 करोड़ रुपये तक पहुँच गया। यह वृद्धि मुख्यतः खरीदारी करने वाले सालाना ग्राहकों और दोबारा आकर खरीदारी करने वाले ग्राहकों द्वारा ज्यादा ऑर्डर दिए जाने के कारण हुई। अपने मौजूदा ग्राहकों को जोड़े रखते हुए नए ग्राहकों को आकर्षित करने की कंपनी की क्षमता ने भारत के प्रतिस्पर्धी ई-कॉमर्स बाजार में मीशो की निरंतर वृद्धि को बल दिया।

# कैंपस सिलेक्शन में मिला विद्यार्थियों को लाखों का पैकेज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

''मेदांता ग्रुप (हरियाणा) ने दिए 3,12000/- के पैकेज'' फाइनल ईयर परीक्षा के पूर्व ही विद्यार्थियों को मिले ऑफर लेटर, सी. जी. कालेज ऑफनर्सिंग, रायपुर में हर वर्ष की भाति केंपस सिलेक्शन आयोजित किया गया, जिसमें प्रथम दिन 29/11/2024 को ओम हॉस्पिटल से लोकेश चंद्राकर (नर्सिंग सुपरीटेंडेंट) के द्वारा बीएससी/जीएनएम नर्सिंग के विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया गया, जिसमें 29 विद्यार्थियों का चयन किया गया। द्वितीय दिन दिनांक 4/12/2024 को मेदांता ग्रुप (गुड़गांव हरियाणा) से सुरभि तिवारी एवं तेज प्रताप जी के द्वारा विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया गया, जिसमें बीएससी एवं जीएनएम नर्सिंग के 33 विद्यार्थियों का चयन किया गया। तृतीय दिन 5.12.2024 को वी वाय हॉस्पिटल के द्वारा 31 विद्यार्थियों का चयन किया गया, एवं दिनांक 11/12/2024 को वेंकटेश हॉस्पिटल



एवं एसएमसी हॉस्पिटल के द्वारा 8 विद्यार्थियों का चयन किया गया। इस कैंपस सिलेक्शन के माध्यम से हमारी संस्था के विद्यार्थियों को काफी लाभ हुआ, फाइनल ईयर कंप्लीट होने से पहले ही विद्यार्थी जॉब पाकर अति उत्साहित दिखे। मार्गदर्शक के रूप में कॉलेज के प्राचार्य पुष्पेंद्र कर्ष जी एवं एलिश प्रकाश उपस्थित रहे।

सभी हॉस्पिटल ने सी जी कॉलेज ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों की काबिलियत व शिक्षा की जमकर तारीफ की एवं कहा कि, ऐसे विद्यार्थी ही नर्सिंग शिक्षा व चिकित्सा क्षेत्र के रीड की हड्डी होते हैं। संचालक डॉ नवीन बागरेचा जी ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को बहुत-बहुत बधाई दी।

# ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडेमी में खेल महोत्सव का रंगारंग शुभारम्भ

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

चरित्र निर्माण में खेलों की हमेशा महती भूमिका रहती है। खेलों से ही टीम भावना विकसित होती है जो जीवन संघर्ष में सफलता की राह परिलक्षित करती है। विद्यालय हमेशा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिये सतत प्रयासरत रहता है। हर क्षेत्र में छात्र उच्च मानदंड में खरे उतरे यही विद्यालय का ध्येय है। शारीरिक तथा मानसिक सुदृढता भी खेलों से ही आती है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर विद्यालय के खेल प्रांगण में 16 दिसंबर से 21 दिसंबर तक ''समत्व'' इस नाम से खेलों का भव्य शुभारंभ किया गया। इस खेल उत्सव का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा राजगोर जी के करकमलों द्वारा किया गया। सर्वप्रथम विद्यालयीन एनसीसी के छात्रों ने बैण्ड की मधुर ध्वनि के साथ लय-ताल मिलाते मार्च पास्ट परेड के द्वारा मैडम को सलामी दी गई। तत्पश्चात् मशाल प्रज्वलन कर मैडम ने छात्रों



को मशाल दौड़ के लिये मशाल दी। इस मशाल को विद्यालय के उत्कृष्ट राष्ट्रीय स्तरीय क्रिकेट खिलाड़ी कुमारी शिवानी सिंह, राष्ट्रीय स्तरीय फुटबाल खिलाड़ी प्रियांशु उइके, राष्ट्रीय स्तरीय बास्केटबाल खिलाड़ी शिवम वर्मा और मनीषा बास्के ने मशाल दौड़ को पूरा किया। आकाश में रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर औपचारिक रूप से इस महोत्सव का शुभारंभ किया गया। 5 दिन तक चलने वाले इस माहोत्सव में विभिन्न वर्गो के लिये अलग-अलग खेल रखे गये हैं। जिसमें 100 मी., 200 मी., 400 मी., 1600 मी. की दौड, डिस्कस थ्रो, बाधा दौड़ आदि खेलों का आयोजन किया जायेगा। टीम खेल जैसे फुटबाल, क्रिकेट, हॉकी, बास्केटबाल, बैडमिंटन, वॉलीवाल आदि खेलों का आयोजन भी इस दौरान होगा।

## विकसित भारत बनाने में किसानों का योगदान महत्वपूर्ण : शिवरतन शर्मा

# किसान समृद्ध होगा तो ही देश भी समृद्धि की राह पर चलेगा : शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कहा कि विकसित भारत बनाने में किसानों का महत्वपूर्ण योगदान है। खेती-किसानी को आधुनिक बनाने के साथ ही किसानों की आमदनी बढ़ाना हमारी भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने किसानों से धान की खेती के साथ-साथ आमदनी बढ़ाने के लिए मत्स्य पालन, पशुपालन एवं उद्यानिकी फसलों के उत्पादन से जुड़ने का आह्वान किया। शिवरतन शर्मा भाटापारा विधानसभा के ग्राम तरेंगा में आयोजित किसान सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। शिवरतन शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि कृषि और सहकारिता से ही भारत के उज्जवल भविष्य का निर्माण होगा।





किसान समृद्ध होगा तो ही देश भी समृद्धि की राह पर चलेगा। हमारी इसी सोंच को आगे बढ़ाते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने बजट में खेती किसानी को सबसे आगे रखा है।उनके बजट में गरीब अन्नदाता के जीवन में खुशी लाने ईमानदारी से प्रयास किया गया है।आज उन्ही की प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना को भी किसानों के सुरक्षित भविष्य के लिए एक क्रांतिकारी योजना के रूप में देखा जा रहा है। निश्चित ही अब खेती किसानी के दिन बदलें और देश की खुशहाली का मार्ग खेतों की मेढ़ों से होकर गुजर रहा है। शिवरतन शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार बनते ही वर्ष 2023 में पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिन पर हमने 13 लाख किसानों को धान के बकाये बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए अंतरित कर दीया था। हमने अपने वादे के अनुरूप 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान का मूल्य दिया और 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की। पिछले साल 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी और राज्य सरकार द्वारा घोषित उपार्जन मूल्य तथा दो साल का बकाया बोनस के माध्यम से किसानों के खाते में लगभग 49 हजार करोड़ रुपए अंतरित किये हैं..शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि अन्नदाता किसानों की सेवा के लिए हम संकल्पित है। यही वजह है कि उनकी खेती-किसानी का लागत मूल्य कम करने के लिए हमारी डबल इंजन की सरकार निरंतर नई-नई योजनाएं लेकर आ रहे है। हमारी भाजपा सरकार द्वारा दिया जा रहा धान पर बोनस भी अन्नदाताओं के परिश्रम का ही सम्मान है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री जी स्वयं कृषक हैं इसलिए छत्तीसगढ़ में कृषि के क्षेत्र में निरंतर उन्नति हो रही है। छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं के कारण वर्तमान में धान की खेती फायदे का सौदा है और फसल चक्र अपनाकर उद्यानिकी फसलों को शामिल कर कृषकों को आय बढ़ाने का पुनः सुझाव दिया। किसान सम्मान समारोह कार्यक्रम के साथ ही शिवरतन शर्मा ने ग्राम तरेंगा में सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में बने अतिरिक्त कक्ष, हाई स्कूल आहाता, साहू पारा में बने रंगमंच, सेगरी केशन का लोकार्पण एवं चक्रधारी समाज भवन में बनने वाले आहाता निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया...साथ ही मितानिनों, बिहान योजना में कार्य रत लोगो एवं स्वच्छता प्रभारी बहनों का भी बहनों का भी सम्मान किया.. उक्त अवसर पर सुनील यदु, डब्लू सिंह,सतीश सोनी,पवन वर्मा, डिगेश्वर साहू, फागु ध्रुव, रेखा राम वर्मा, जयंत लाल चेलक, धनेश साहू,देवचरन, जलेश्वर यदु, टेकराम साहू, मनहरण साहू, आनंद देवांगन, हरिचरण यदु , छन्नू साहू, नीलकंठ, दशरथ,परमेश्वर, वीरेंद्र, भीखू सहित बडी संख्या में कृषक सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बालको सस्टेनेबिलिटी से उर्जा संरक्षण को दे रहा है बढ़ावा

पायनियर संवाददाता ✓ बालकोनगर
www.dailypioneer.com



वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियमम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने वित्तीय वर्ष में उर्जा संरक्षण के विभिन्न पहल के माध्यम से अपनी निरंतर प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। सस्टेनेबिलिटी के प्रति अपने प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए कंपनी ने अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। कंपनी हरित ईंधन के विभिन्न स्रोतों जैसे नवीकरणीय ऊर्जा, बायोमास, बायोडीजल आदि के माध्यम से अपने ऊर्जा मिश्रण में हरित ऊर्जा की मात्रा को बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। कंपनी संयंत्र में छह इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट का उपयोग कर रहा है जो 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। दैनिक प्रचालन कार्यों में इसका महत्वपूर्ण योगदान है जो तैयार माल की आवाजाही, ब्रेकडाउन, रखरखाव प्रबंधन, कच्चे माल की आवाजाही, स्टोर प्रबंधन और गोदाम संचालन जैसे कार्यों को सुविधाजनक बनाया है। अनुमानित रूप से प्रति वर्ष लगभग 93,000 लीटर डीजल की खपत में कमी आई है। कंपनी ने डीकार्बोनाइजिंग को बढ़ावा देते हुए पूरे संयंत्र में उपयोग किए जाने वाले तकनीकी वाहनों के लिए ईंधन के रूप में बायो-डीजल तथा आवाजाही के लिए इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग कर रहा है। कंपनी अपने स्मेल्टर संचालन में बायोडीजल उपयोग कर रहा है। पिघले हुए गर्म धातु (एल्यूमिनियम) को लेकर जाने वाले लैडल्स को गर्म करने के लिए बायोडीजल का इस्तेमाल करता है। बायोडीजल कार्बनिक पदार्थों से प्राप्त ईंधन का रूप है जिसके उपयोग से जीवाश्म ईंधन की तुलना में काफी कम ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन होता है जो वेदांता कंपनी के विजन नेट जीरो कार्बन के अनुरूप है। 2022 में बालको ने विभिन्न उर्जा संरक्षण पहल से लगभग 22000 गीगा जूल ऊर्जा की बचत की थी जो 2024 में बढ़कर लगभग 24,587 गीगा जूल पहुंच गई है। कंपनी अपने विश्व स्तरीय स्मेल्टर में एनर्जी इफीसिएंसी ग्रेफाइटाइज्ड पॉट का उपयोग कर उर्जा खपत को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। स्मेल्टर में पॉट कंट्रोलर अपग्रेडेशन के साथ कंपनी लगभग प्रति मीट्रिक टन पर 150 किलोवॉट बिजली खपत को कम किया है। अनुमानित रूप से 246 टन कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आई है। कंपनी के विभिन्न पहल के साथ महत्वाकांक्षी लक्ष्य वर्ष 2030 तक नेट वाटर पॉजिटिविटी और 2050 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन की स्थिति हासिल करना है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि हम बालको में पर्यावरणीय भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने मिशन की आधारशिला के रूप में ऊर्जा-कुशल संस्कृति को लागू करने के लिए समर्पित हैं। हमारे विभिन्न पहल के माध्यम से संयंत्र के साथ समुदाय में जिम्मेदार ऊर्जा खपत को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिज्ञा का प्रतीक है। नवाचार, जागरूकता और सहयोग के माध्यम से हम स्थायी और एनर्जी इफीसिएंसी व्यवसाय प्रथाओं को अपना रहे हैं जो हरित, पर्यावरण अनुकूल दुनिया की ओर सांस्कृतिक बदलाव को भी प्रेरित कर रहे हैं।

ऊर्जा संरक्षण में बालको के उत्कृष्ट योगदान के लिए भारत सरकार की परफॉर्म, अचीव एंड ट्रेड (पीएटी) योजना के तहत 'पीएटी टॉप परफॉर्मर' अवार्ड 2023 जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार भी मिले हैं। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत में भारतीय ऊर्जा एक्सचेंज (आईईएक्स) और पावर एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड (पीएक्सआईएल) से नवीकरणीय बिजली की खरीद शामिल है। इन इस प्रथाओं के साथ बालको भारत की सबसे अधिक ऊर्जा कुशल कंपनियों में से एक है।

# उप मुख्यमंत्री साव को इण्डियन वाटर वर्क्स एसोशिएशन ने राष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता के लिए दिया आमंत्रण



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

इंडियन वाटर वर्क्स एसोशिएशन ने रायपुर में होने वाले अपने 57वें राष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता के लिए उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव को आमंत्रित किया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों एवं एसोशिएशन के सदस्यों ने उप मुख्यमंत्री साव से मुलाकात कर इसके लिए आमंत्रण दिया। साव ने अधिकारियों के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए शुभारंभ सत्र की अध्यक्षता की सहमति दी है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता डॉ. एम.एल. अग्रवाल और मुख्य अभियंता राजेश गुप्ता सहित विभागीय अभियंताओं की टीम ने उप मुख्यमंत्री से मिलकर आयोजन की अध्यक्षता का आमंत्रण दिया। इंडियन वाटर वर्क्स एसोशिएशन ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को राष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य के लिए आमंत्रित किया है। उल्लेखनीय है कि इंडियन वाटर वर्क्स एसोशिएशन के 57वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन रायपुर के जैनम मानस भवन में आगामी 10 जनवरी से 12 जनवरी तक किया गया है। तीन दिवसीय इस आयोजन में वाटर वर्क्स से जुड़े देश-विदेश के जाने-माने 400 से अधिक वरिष्ठ एवं अनुभवी इंजीनियर हिस्सेदारी करेंगे। छत्तीसगढ़ को दूसरी बार इस आयोजन की मेजबानी मिली है।

# निगम एमआईसी की बैठक में 11 एजेण्डों पर एजेण्डावार चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये गये

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम रायपुर के मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, श्रीकुमार मेनन, रितेश त्रिपाठी, सुन्दरलाल जोगी, समीर अख्तर, सहदेव व्यवहार, आकाश तिवारी, जितेन्द्र अग्रवाल, सुरेश चन्नावार, द्रौपती हेमंत पटेल, अपर आयुक्त सर्वराजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यु.एस. अग्रवाल, निगम सचिव एवं अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, कृष्णा खटीक, सभी उपायुक्तगणों, जोन कमिश्नरों, सभी विभागों के प्रभारी अधिकारियों की उपस्थिति में हुई। एमआईसी की बैठक में नियमानुसार प्रक्रिया के तहत निर्धारित 11 एजेण्डों पर एजेण्डावार चर्चा एवं विचार विमर्ष कर आवश्यक निर्देश संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को दिये गये।

# शीतलहर से आमजनों की सुरक्षा के लिए नगर निगम द्वारा शहर के मुख्य सार्वजनिक स्थानों में अलाव जलाने की व्यवस्था निरन्तर जारी

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा राजधानी शहर रायपुर के अनेक विभिन्न मुख्य सार्वजनिक स्थानों पर आमजनों की शीतलहर से सुरक्षा हेतु अलाव जलाने की व्यवस्था सतत निरन्तर जारी है। इस सम्बन्ध में नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सभी जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं, जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को जोन के विभिन्न प्रमुख सार्वजनिक स्थानों में आमजनों को शीतलहर से सुरक्षा हेतु अलाव जलाने की व्यवस्था शीतलहर के दौरान निरन्तरता से देना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। एम्स अस्पताल परिसर, टाटीबंध गुरूद्वारा गार्डन परिसर, अंतर राज्यीय बस स्टेण्ड भाठागांव, खमतराई बाजार चौक के समीप, भनपुरी बाजार चौक के पास, होटल पैराडाइस के पास, लाखेनगर चौक, स्टेशन परिसर, रेल्वे स्टेशन चौक , मेकाहारा अस्पताल परिसर, सामने मुख्य मार्ग के चौक, टाउन हाल परिसर, जयस्तम्भ चौक के समीप, खमतराई बाजार, सहित विभिन्न मुख्य सार्वजनिक स्थलों, चौक - चौराहों पर आमजनों को शीतलहर से सुरक्षा देने अलाव जलाने की व्यवस्था प्रतिदिन सतत निरन्तरता से नागरिकों को शीतलहर के प्रकोप से आमजनों की सुरक्षा की दृष्टि से दी जा रही है। यह व्यवस्था सम्पूर्ण शीतलहर अवधि के दौरान सुव्यवस्थित तौर तक सतत निरन्तर जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## राज्यपाल रमेन डेका से छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद के सामान्य सचिव चंद्रेश शाह एवं अन्य पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने संस्था की गतिविधियों से राज्यपाल को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मध्य भारत का एक मात्र स्पीच थेरेपी सेंटर उनकी संस्था द्वारा रायपुर के सप्रे स्कूल में स्थापित किया गया है। जहां नाम मात्र राशि पर सेवाएं दी जाती है। उन्होंने बताया कि अब तक 24 बच्चों का उपचार कर उन्हें मुख्य धारा में लाया गया है। अब ये बच्चे सामान्य स्कूलों में प्रवेश लेकर अध्ययन कर रहे है। वर्तमान में सेंटर में 54 बच्चे थेरेपी ले रहे हैं। राज्यपाल डेका ने संस्था के कार्यों की सराहना की और कहा कि वे जल्द ही स्पीच थेरेपी सेंटर को देखने आयेंगे। इस अवसर पर डॉ. अशोक त्रिपाठी, डॉ कमल वर्मा उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ में पारंपरिक वैद्यों का हो रहा सर्टिफिकेशन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा राज्य में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के संरक्षण के लिए पारंपरिक वैद्यों के सर्टिफिकेशन की पहल और औषधीय पौधों के उपयोग और इसके महत्व का दस्तावेजीकरण किया जा रहा है। यह जानकारी देहरादून में आयोजित औषधीय पौधों पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में दी गई। संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से शामिल हुईं छत्तीसगढ़ जलवायु परिवर्तन केन्द्र में प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. देवयानी शर्मा ने बताया गया कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा क्वालिटी काउंसिल ऑफ़ इंडिया एवं बेंगलुरु स्थित ट्रांस-डिसिप्लिनरी हेल्थ साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी के सहयोग से छत्तीसगढ़ में पारंपरिक वैद्यों के सर्टिफिकेशन की पहल की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस सर्वेक्षण में बस्तर, दुर्ग और धमतरी क्षेत्रों के 100 से अधिक पारंपरिक वैद्यों की चिकित्सा पद्धतियों का दस्तावेजीकरण किया गया है। डॉ. देवयानी शर्मा ने बताया कि वनमंत्री केदार कश्यप की पहल पर छत्तीसगढ़ में वन विभाग के द्वारा संचालित संजीवनी केंद्रों में वैद्यों को मरीजों का उपचार करने के लिए स्थान उपलब्ध कराया गया है और कुछ वैद्यों को उनके सेवाओं के लिए पारिश्रमिक भी दिया जा रहा है। उन्होंने पद्मवैद्यराज हेमचंद मांझी का भी उल्लेख किया करते हुए बताया कि मांझी ने नारायणपुर जिले में पिछले पांच दशकों से पारंपरिक स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक पद्धतियों ने न केवल गंभीर बीमारियों का इलाज करने में अपनी उपयोगिता साबित की है, बल्कि यह सांस्कृतिक पहचान और सामुदायिक एकता को भी मजबूत करती हैं।

# पारदर्शिता और निष्पक्षता से जारी है वनरक्षकों की भर्ती : केदार कश्यप

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि राज्य में वनरक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ चल रही है। उन्होंने कहा है कि राज्य में भर्ती प्रक्रिया को लेकर सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरूस्त करने और इस प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों को सजग रहने को कहा है। जिसके परिपालन में वन विभाग द्वारा 1,484 पदों के लिए सीधी भर्ती के तहत शारीरिक मापजोख और दक्षता परीक्षण प्रक्रिया में अत्याधुनिक तकनीकों और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं का उपयोग करते हुए निष्पक्ष चयन सुनिश्चित किया गया है, जिसकी उम्मीदवारों द्वारा सराहना की जा रही है। उम्मीदवारों ने बताया कि वन विभाग द्वारा अपनाई गई यह पारदर्शी और अत्याधुनिक प्रक्रिया न केवल भर्ती प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता की मिसाल पेश करती है, बल्कि सुशासन के आदर्शों को भी मजबूती प्रदान करती है। उल्लेखनीय है कि वनरक्षक पदों के लिए शारीरिक मापजोख और दक्षता परीक्षण विगत 16 नवंबर से प्रारंभ है। इन परीक्षणों में उम्मीदवारों की ऊंचाई और सीने की माप के साथ-साथ 200 मीटर और 800 मीटर दौड़, लंबी कूद, और गोला फेंक जैसे इवेंट शामिल हैं। उम्मीदवारों के प्रदर्शन का मूल्यांकन सटीक समय और दूरी के आधार पर किया जा रहा है। इसी तरह भर्ती प्रक्रिया में आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है। पात्र उम्मीदवारों को बीआईबी नंबर एवं इलेक्ट्रॉनिक चिप प्रदान की जाती है। यह इलेक्ट्रॉनिक चिप उम्मीदवारों की दौड़ के दौरान सटीक समय दर्ज करती है। लंबी कूद और गोला फेंक के लिए लेजर-आधारित मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। सभी आंकड़े तुरंत केंद्रीय सर्वर पर दर्ज किए जा रहे हैं। जिससे डेटा प्रबंधन में पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है। इसके अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे और चेहरे की पहचान प्रणाली (फेशियल रिकग्निशन सिस्टम) पूरी प्रक्रिया की निगरानी करते हैं। उम्मीदवारों को उनके स्कोर मौके पर ही बताए जाते हैं, जिस पर उनके हस्ताक्षर लिए जाते हैं। किसी भी विवाद की स्थिति में, सीसीटीवी फुटेज दिखाकर समस्या का समाधान किया जा रहा है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप और वन मंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व में विभाग निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रिया संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध है। तकनीकी नवाचारों और सख्त दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए यह प्रक्रिया न केवल कुशल है बल्कि उम्मीदवारों के विश्वास को भी मजबूत करती है।






सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403